CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 12°C

मुरादाबाद, शनिवार 22 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 98 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 30 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



न्याय नागरिक की सुरक्षा, स्वावलंबन का आधार बने: योगी पेज 2



पीटी उषा फिक्की लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित खेल टाइम्स



बांधों को हटाने में वृद्धि के परिणाम सम्पादकीय



बांग्लादेश में 5.7 तीव्रता का भूकंप, छह की मौत, 200 घायल पेज 12

# दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर, एक्यूआई 506 पर पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- दिल्ली सरकार ने सभी स्कूलों में स्पोर्ट्स इवेंट्स पर रोक लगाई,
- एमपी के 12 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार को दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 506 रहा, जो खतरनाक श्रेणी में आता है। दुनियाभर में वायु प्रदूषण को मापने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था 'एक्यूआई एयर' की लाइव रैंकिंग में दिल्ली दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर दर्ज किया गया।

दिल्ली सरकार ने बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते नवम्बर-दिसम्बर में सभी स्कूलों में स्पोर्ट्स इवेंट्स पर रोक लगा दी है। इससे पहले 18 अक्टूबर को दिल्ली- एनसीआर में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली के स्कूलों में स्पोर्ट्स फंक्शन न हों। इधर मध्य प्रदेश में बीते 15 दिन से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। पिछले 24 घंटे में भोपाल, इंदौर समेत 12 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। राजगढ़ में तापमान सबसे कम 7.5 डिग्री दर्ज किया गया। जबलपुर में घना कोहरा छाया रहा। इंदौर, भोपाल, राजगढ़, शाजापुर और सीहोर में शुक्रवार को शीतलहर का अलर्ट है। उत्तराखंड के बद्रीनाथ में तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे है। मैदानी इलाकों में सुबह के समय कोहरा छा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार राज्य में अगले कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। फिर बर्फबारी का अनुमान है। पहाड़ी राज्यों में हो रही बर्फबारी ने मध्य प्रदेश में सर्दी बढ़ा दी है। जबलपुर के भेड़ाघाट में घना कोहरा छाया रहा। उत्तर भारत से चल रही सर्द हवाओं का प्रभाव राजस्थान में अब थोड़ा कम हो रहा है। इसके चलते सीकर, चूरू, झुंझुनूं, माउंट आबू समेत कई शहरों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। हिल स्टेशन माउंट आबू में गुरुवार को तापमान जमाव बिंदु से ऊपर दर्ज हुआ। हिमाचल प्रदेश में नवम्बर माह में अब तक सामान्य से 89 प्रतिशत कम बारिश हुई है।



## तेजस लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत

**नई दिल्ली।** दुबई में प्रतिष्ठित एयर शो के दौरान शुक्रवार को भारतीय वायु सेना का स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस दुर्घटनाग्रस्त हो गया और दुर्भाग्य से इसमें पायलट की मौत हो गई। भारतीय वायुसेना के प्रवक्ता ने यहां बताया कि दुबई एयर शो के दौरान वायुसेना का एक तेजस विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में विमान के पायलट की मौत हो गई। वायुसेना को पायलट की मृत्यु पर खेद है और वह दुख की इस घड़ी में पूरी तरह शोक संतप्त परिवार के साथ है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का गठन किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार ने चार श्रम संहिताओं को प्रभावी बनाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने श्रम कानूनों को सरल और कारगर बनाने के उद्देश्य से चार श्रम संहिताओं को प्रभावी बनाने का फैसला किया, ताकि श्रमिकों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित हो सके। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने चार श्रम संहिताएं - वेतन संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता, 2020, 21 नवम्बर-2025 से प्रभावी हो गई। इसके प्रभावी होने से 29 मौजूदा श्रम कानूनों में बदलाव होगा, जिससे श्रमिकों के कल्याण को बढ़ावा मिलेगा। मंत्रालय ने कहा कि भारत के कई श्रम कानून स्वतंत्रता-पूर्व और स्वतंत्रता के तुरंत बाद के हैं जबकि उस समय अर्थव्यवस्था और कार्य की दुनिया मौलिक रूप से अलग थी।

### राहुल गांधी के खिलाफ दायर याचिका पर हुई सुनवाई

**वाराणसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भगवान श्रीराम को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में दायर पुनरीक्षण याचिका पर शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 18 दिसम्बर की तिथि निर्धारित की है। याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय ने बताया कि यह याचिका पहले जिला जज ने विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) की अदालत में स्थानांतरित कर दी थी। सोमवार को अदालत द्वारा राहुल गांधी के दिल्ली स्थित पते पर सम्मन जारी किया जा सकता है।

### राष्ट्रीय हज सम्मेलन मुंबई में आज

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने शनिवार को मुंबई में राष्ट्रीय हज सम्मेलन का आयोजन किया है, जिसमें हज-2026 की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की जाएगी मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय हज सम्मेलन की अध्यक्षता मंत्रालय के सचिव डा. चंद्रशेखर कुमार करेंगे और इसमें सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की हज समितियों के कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे। भारत हर साल एक लाख 75 हजार से जयादा हज यात्रियों को भेजता है और सरकार सभी भारतीय हज यात्रियों के लिए सुरक्षित, सुचारू और सम्मानजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### बिहार महिला कांग्रेस अध्यक्ष शरवत जहां फातिमा ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद बिहार महिला कांग्रेस अध्यक्ष शरवत जहां फातिमा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। टिकट वितरण में महिलाओं को कांग्रेस पार्टी में केवल आठ प्रतिशत भागीदारी मिलने से नाराज सुश्री फातिमा ने अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि राजनीति करने के कई पैमाने हैं लेकिन अपने 25 वर्ष के राजनीतिक सफर में, मैंने केवल नैतिकता और निडरता को अपना पैमाना बनाया है।

## दिल्ली ब्लास्ट की जांच में सुरक्षा एजेंसियों का बड़ा खुलासा

# हमास जैसे हमलों की साजिश रच रहा था जैश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**गांदरबल और कुपवाड़ा जिलों के सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों और मेडिकल स्टाफ के लॉकर्स की तलाशी ली गई**

**कश्मीरी अस्पतालों में हथियारों का ठिकाना बनाने की तैयारी थी, पाकिस्तान से भेजे गए बम बनाने के 40 वीडियो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट की जांच में सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ा खुलासा किया है। सूत्रों के मुताबिक, जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी मॉड्यूल कश्मीर के अस्पतालों को हथियारों का ठिकाना बनाने की कोशिश कर रहा था। यह तरीका हमास की रणनीति से मिलता-जुलता है, जो नागरिक इलाकों और अस्पतालों को हथियारों के ठिकाने के रूप में इस्तेमाल करता है।

ऐसा माना जा रहा है कि इस नेटवर्क को तोड़ने के लिए शुक्रवार को भी गांदरबल और कुपवाड़ा जिलों के कई सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों और मेडिकल स्टाफ के लॉकर्स की तलाशी ली गई। यह तलाशी अभियान बुधवार से ही जारी है। आतंकी 1990 में अस्पतालों का हथियारों के ठिकाने के रूप में इस्तेमाल करते थे। जिसके बाद आर्मी और पुलिस ने इसे पूरा क्लीन किया था। अब फिर अस्पतालों को ठिकाना बनाया जा रहा था। जांच एजेंसियां अब यह पता लगा रही हैं कि इस मॉड्यूल ने कितने अस्पतालों को ठिकाना बनाने की कोशिश की और हथियारों की सप्लाई चेन कहां तक फैली हुई थी। दिल्ली ब्लास्ट के बाद से ही एनआईए और स्थानीय पुलिस इस पूरे नेटवर्क को तोड़ने में लगी है। जांच एजेंसी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि डा. मुजम्मिल, डा. शाहीन सईद और ब्लास्ट में मारा जा चुका आतंकी डा. उमर नबी टेरर मॉड्यूल की अहम कड़ी थे। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान से जैश के हैंडलर हंजुल्ला ने दिल्ली धमाके के आरोपी डा. मुजम्मिल शकील गनई को बम बनाने के 40 वीडियो भेजे थे। दोनों को जम्मू के शोपियां का रहने वाले मौलवी इरफान अहमद ने मिलवाया था। इसके बाद व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल तैयार किया था और कई डाक्टर्स को इससे जोड़ा गया। दिल्ली धमाका भी इसी मॉड्यूल का हिस्सा था। जांच में यह भी सामने आया है कि हंजुल्ला जैश हैंडलर का कोर्ड नेम हो सकता है। 18 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर के नौगाम में लगे जैश पोस्टरों में भी कमांडर हंजुल्ला भैया का नाम था। इसी से जांच एजेंसियों को शक हुआ। एनआई ने फरीदाबाद के धौज गांव में रह रहे एक टैक्सी ड्राइवर के घर से आटा चक्की और कुछ इलेक्ट्रॉनिक मशीनें बरामद कीं। इसमें मेटल पिघलाने की मशीन भी है। जांच एजेंसी को जुड़े सूत्रों ने बताया कि इसी आटा चक्की में डा. मुजम्मिल यूरिया पीसता था, फिर मशीन से उसे रिफाइन करता था।

## आतंकी डाक्टर के ठिकाने से बरामद हुए चौंकाने वाले सबूत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के लालकिले के पास हुए कार धमाके की जांच कर रही एजेंसियों को अब बड़ा ब्रेकथ्रू हासिल हुआ है। हरियाणा के फरीदाबाद में मुजम्मिल शकील गनी के ठिकाने से ऐसे सुराग मिले हैं, जो बताते हैं कि यहां एक संगठित व्हाइट-कॉलर टेरर मॉड्यूल लंबे समय से सक्रिय था।

इस मॉड्यूल में सामान्य घरों में इस्तेमाल होने वाली मशीनों को विस्फोटक तैयार करने के लिए बदला जा रहा था। सूत्रों के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर के पुलवामा का रहने वाला मुजम्मिल शकील गनी फरीदाबाद में रहने के दौरान एक आटा चक्की को केमिकल वर्कशॉप की तरह चला रहा था। वह दिल्ली ब्लास्ट केस में सह-आरोपी भी है। पुलिस ने यह चक्की और उससे जुड़ा इलेक्ट्रिकल सेटअप एक टैक्सी ड्राइवर के घर से बरामद किया, जहां मुजम्मिल किराये पर रहता था। आमतौर पर चक्की का इस्तेमाल अनाज पीसने के लिए होता है, लेकिन इसमें लगे स्टील रोलर और ब्लेड किसी भी सॉलिड मटेरियल को महीन पाउडर में बदल सकते हैं। जांच में सामने आया कि मुजम्मिल इसी मशीन से यूरिया -शेष पृष्ठ दो पर

# 2020 के दिल्ली दंगों में टेरर फंडिंग हुई थी: दिल्ली पुलिस

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सुप्रीम कोर्ट में कहा: दंगे से पहले कई मीटिंग हुईं, पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करने की थी साजिश**

**कोर्ट बोला- दिल्ली पुलिस दस्तावेज और रिकॉर्ड पेश करे, अब मामले की सुनवाई सोमवार को होगी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि 2020 के दिल्ली दंगे अचानक नहीं भड़के थे, बल्कि इन्हें पहले से पूरी योजना बनाकर कराया गया था। पुलिस की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने दावा किया कि दंगों के लिए टेरर फंडिंग की गई और प्रदर्शन को जानबूझकर हिंसक मोड़ दिया गया।

एएसजी राजू के मुताबिक, ताहिर हुसैन, शिफा-उर-रहमान, मीरन हैदर, इशरत जहां और खालिद सैफी ने दंगों के लिए बड़ी रकम जुटाई। दंगे से पहले कई मीटिंग की गईं। इनमें हिंसा बढ़ाने, चक्का जाम करने और जरूरी सेवाएं रोकने की योजना बनाई गई थी। पुलिस ने यह भी दावा किया कि बैठकों में पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करने की भी साजिश रची गई थी। सुनवाई जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच कर रही थी। कोर्ट में एक वीडियो भी दिखाया गया जिसमें भीड़ हाथों में डंडे लेकर चलते दिखाई दे रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अब अगली सुनवाई सोमवार दोपहर बाद के लिए तय की है। दिल्ली पुलिस ने कहा किचक्का जाम का मकसद सिर्फ सड़क रोकना नहीं था, बल्कि जरूरी सेवाएं रोककर दिल्ली को ठप करना था। 13 और 15 दिसम्बर 2019 की घटनाओं में 45 पुलिसकर्मी, 100 से ज्यादा नागरिक घायल हुए और कई बसें और सरकारी संपत्तियां जलाई गईं। ताहिर हुसैन, शिफा-उर-रहमान, इशरत जहां, खालिद सैफी और मीरन हैदर ने दंगों के लिए कुल करोड़ों की फंडिंग की। ताहिर हुसैन ने 1.30 करोड़ रुपये, शिफा-उर--शेष पृष्ठ दो पर

## एक-एक घुसपैठिए को चुन- चुन कर बाहर निकालेंगे: शाह

**भुज।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को गुजरात के भुज में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 61वें स्थापना दिवस (रेजिंग डे) समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे। यहां बीएसएफ के जवानों को संबोधित करते हुए शाह ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए उनके योगदान की तारीफ की। साथ ही नागरिकों को 12 राज्यों में मतदाता सूची में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भी संदेश दिया।

# एसआईआर के खिलाफ याचिका, ईसी जवाब तलब

- सुप्रीम कोर्ट में केरल सरकार ने प्रक्रिया रोकने की मांग की, तमिलनाडु और बंगाल भी अर्जी लगा चुके

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर के खिलाफ दायर केरल सरकार की याचिका पर चुनाव आयोग (ईसी) से जवाब मांगा है। केरल और अन्य की याचिकाओं में केरल में एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी गई है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई 26 नवम्बर तय की है।

केरल में दिसम्बर के दूसरे सप्ताह में स्थानीय निकाय चुनाव होने वाले हैं। इसलिए राज्य सरकार ने वोटर लिस्ट के एसआईआर को स्थगित करने की मांग वाली याचिका दायर की थी। याचिका में केरल सरकार ने कहा था कि कर्मचारियों की कमी के कारण चुनाव के साथ एसआईआर करवाने से दिक्कतें बढ़ रही हैं। जब संवैधानिक चुनाव चल रहे हों, तो बेकार में जल्दबाजी करके सत्यापन की गुणवत्ता को कम करना, मताधिकार के लोकतांत्रिक अधिकार के खिलाफ है। दरअसल केरल में लोकल बॉडी इलेक्शन 21 दिसम्बर तक पूरे किए जाने हैं। राज्य सरकार का कहना है कि इस लेवल पर एसआईआर को पूरा करने की कोई जरूरत नहीं, खासकर तब जब विधानसभा चुनाव मई 2026 तक होने हैं।

## गुजरात में बीएलओ ने किया सुसाइड, एक की हार्ट अटैक से मौत

**अहमदाबाद।** गिर सोमनाथ जिले के कोडिनार तालुका के छारा गांव में कार्यरत शिक्षक और बीएलओ अरविंद मूलजी वढेर ने आत्महत्या कर ली है। उन्होंने अपने पैतृक गांव देवली में तनाव और काम के दबाव के कारण यह कदम उठाया। अरविंद ने मरने से पहले अपनी पत्नी के नाम सुसाइड नोट लिखा, जिसमें उसने बताया है कि काम के दबाव से थक गया है। वहीं, खेड़ा जिले में बीएलओ के तौर पर काम कर रहे एक स्कूल टीचर की हार्टअटैक से मौत हो गई। परिवार ने मौत का कारण वोटर रोल के चल रहे एसआईआर से जुड़े बहुत ज्यादा काम का दबाव बताया है। बीएलओ रमेशभाई परमार के भाई नरेंद्र परमार ने बताया कि सोते समय उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई।

# मेक्सिको की फातिमा बोश बनीं मिस यूनिवर्स

**नई दिल्ली।** मेक्सिको की फातिमा बोश फर्नांडीज ने मिस यूनिवर्स 2025 का खिताब हासिल कर लिया है। फातिमा बोश 25 साल की हैं। भारत की तरफ से गईं मणिका विश्वकर्मा टॉप-30 में पहुंचीं, लेकिन टॉप-12 में जगह नहीं बना सकीं।

4 राउंड के बाद टॉप-5 में थाइलैंड की प्रवीनार सिंह, फिलीपींस की आतिसा मनालो, वेनेजुएला की स्टेफनी अबसाली, मेक्सिको की फातिमा बोश फर्नांडीज और आइवरी कोस्ट की ओलिविया यासे ने जगह बनाई थी। इसके बाद मेक्सिको की फातिमा बोश को विनर घोषित किया गया। फातिमा बोश को मिस यूनिवर्स 2024 विक्टोरिया थेलविंग ने क्राउन पहनाया। मिस यूनिवर्स 2025 में थाइलैंड की कंटेस्टेंट प्रवीनार सिंह ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि वेनेजुएला की स्टेफनी अबसाली तीसरे नंबर पर रहीं। फिलीपींस की आतिसा मनालो चौथे और आइवरी कोस्ट की ओलिविया यासे पांचवें स्थान पर रहीं। मिस यूनिवर्स की फर्स्ट रनर-अप थाइलैंड की प्रवीनार सिंह बनीं। वे भारतीय मूल की हैं। सेकेंड रनर-अप वेनेजुएला की स्टेफनी अबसाली रहीं।

**बेवकूफ कहे जाने पर सेरेमनी छोड़ी थी, भारत की मणिका विश्वकर्मा टॉप-30 तक ही पहुंच सकीं**

बचपन में डिस्लेक्सिया की वजह से स्कूल में बुली होती थीं। एक इंटरव्यू में फातिमा बोश फर्नांडीज ने बताया कि उनका बचपन बहुत मुश्किल में गुजरा। वह बचपन में डिस्लेक्सिया और एडीएचडी से जूझ रही थीं, जिसकी वजह से उन्हें पढ़ने-लिखने में परेशानी होती थी। उन्हें पढ़ाई के लिए स्पेशल अटेंशन की जरूरत थी, लेकिन उन्हें स्कूल में बुलिंग का सामना करना पड़ा। टॉप-5 कंटेस्टेंट्स के बीच क्वेश्चन-आंसर राउंड हुआ। इसमें मेक्सिको की फातिमा बोश से पूछा गया कि आपके नजरिए से साल 2025 में एक महिला होने की क्या चुनौतियां हैं और दुनियाभर की महिलाओं के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाने के लिए आप मिस यूनिवर्स के खिताब का उपयोग कैसे करेंगी? जवाब में फातिमा बोश ने कहा एक महिला और मिस यूनिवर्स के रूप में, मैं अपनी आवाज और अपनी शक्ति को दूसरों की सेवा में लगाऊंगी।



## संक्षिप्त समाचार

### नोटिसों पर आसान सत्यापन के लिए होगा क्यूआर कोड

**नई दिल्ली।** गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) द्वारा जारी नोटिसों पर अब क्यूआर कोड का प्रावधान किया गया है, जिसके माध्यम से आसानी से इनका सत्यापन किया जा सकेगा। कंपनीज एक्ट 2013 के तहत गठित एसएफआईओ इस कानून की धारा 212 के तहत सौंपे गए गंभीर और बड़े कॉर्पोरेट धोखाधड़ी की जांच करता है और उन पर केस चलाता है। जांच के दौरान नियमों के मुताबिक समन/नोटिस भी जारी किया जाता है। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि एसएफआईओ ने समन/नोटिस के गलत इस्तेमाल या नकल को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी और प्रक्रिया के स्तर पर सुरक्षात्मक उपाय किए हैं। एसएफआईओ द्वारा जारी किए गए समन/नोटिस डिजिटली जेनरेट होते हैं और उनमें एक क्यूआर कोड और एक विशिष्ट दस्तावेज पहचान संख्या (डीआईएन) होता है।

### पंचायत व विस चुनावों के लिए रालोद की तैयारियां तेज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल आगामी पंचायत चुनावों और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए पूरे प्रदेश में अपने संगठन को मजबूत करने और जनाधार को विस्तारित करने के व्यापक अभियान में जुट गया है। पार्टी का लक्ष्य उप्र के हर जिले, तहसील और ग्राम पंचायत तक अपनी सक्रिय राजनीतिक उपस्थिति सुनिश्चित करना है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने शुक्रवार को बताया कि रालोद अब पश्चिमी उप्र तक सीमित पार्टी नहीं रह गई, बल्कि पूरे प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों का तेजी से विस्तार कर रही है।

# आदिवासियों के साथ भाजपा कर रही अन्याय: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर आदिवासियों के साथ व्यवस्थित तरीके से न्याय नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि आदिवासी युवाओं के नौकरी के अवसर खत्म कर उन्हें सोच समझकर अयोग्य घोषित करार दिया जा रहा है।

आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष डा. विक्रांत भूरिया ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार जानबूझकर आदिवासी युवाओं के साथ अन्याय कर रही है। उन्होंने मध्य प्रदेश सिविल जज परीक्षा 2022 के ताजा परिणाम का हवाला दिया और कहा कि इस परीक्षा में किसी भी आदिवासी बच्चे को सफल घोषित नहीं किया गया है। इस परीक्षा के परिणाम वापस लेने की मांग करते हुए उन्होंने मप्र सिविल जज परीक्षा 2022 की जांच करने की भी मांग की।



■ आदिवासी युवाओं के नौकरी के अवसर खत्म कर अयोग्य घोषित करार दिया जा रहा: डा. भूरिया

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आदिवासियों के हक मार रही है और जानबूझकर उनकी युवा पीढ़ी को नकारा नकारा घोषित कर उनके लिए सरकारी नौकरी के अवसर खत्म किए जा रहे हैं। डा. भूरिया ने कहा कि सिविल जज परीक्षा में आदिवासियों के लिए 121 सीट आरक्षित थीं लेकिन किसी भी आदिवासी युवक को इसके योग्य नहीं समझा गया। कोई आदिवासी युवक सिविल जज की नौकरी आरक्षण होने के बावजूद नहीं पा सका। उनका कहना था कि मध्य प्रदेश में करीब दो करोड़ आदिवासी हैं, लेकिन सिविल जज परीक्षा का परिणाम दिखाता है कि भाजपा और उसके सिस्टम को इस परीक्षा में एक भी काबिल आदिवासी युवा नहीं मिला। साल 2021 से अब तक एक भी आदिवासी का चयन नहीं हुआ है। नियम यह है कि कई साल तक खाली सीटों को सामान्य श्रेणी में ले लिया जाता है। उन्होंने इसे आरक्षण को खत्म करने का एक व्यवस्थित तरीका करार दिया और कहा कि इस तरह आदिवासी युवकों के लिए सरकारी नौकरी के अवसर पूरी तरह से खत्म हो जाएंगे।

### एसआईआईआर प्रक्रिया शुरू करने को बताया जल्दबाजी

मतदाता सूची सघन पुनरीक्षण एसआईआर की प्रक्रिया शुरू करने को उन्होंने जल्दबाजी बताया और कहा कि इससे आदिवासियों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। उनका कहना था कि ज्यादातर राज्यों में आदिवासी पलायन कर रहे हैं। हालात ये हैं कि 70 फीसद से ज्यादा गांव खाली हो गए हैं, क्योंकि सरकार आदिवासियों को रोजगार नहीं दे पा रही है। एसआईआर की प्रक्रिया जानबूझकर ऐसे समय में की गई, जब आदिवासी घरों में नहीं हैं। ये आदिवासियों को व्यवस्थित तरीके से मतदान के अधिकार से बाहर करने की साजिश है। कांग्रेस नेता ने मध्य प्रदेश के सिगरौली को छावनी में तब्दील करने का सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा की बड़े-बड़े कॉर्पोरेट घरानों के फायदे के लिए वहां लगातार पेड़ों को काटा जा रहा है। हजारों आदिवासियों को नोटिस भेजे जा रहे हैं और लोगों को जिला बदर किया जा रहा है। यह पेसा कानून और वन अधिकार एक्ट का खुला उल्लंघन है। इस तरह से भाजपा सरकार ने देश देश के आदिवासियों के लिए भारी संकट खड़ा कर दिया है। भाजपा के राज में आदिवासियों को तबाह किया जा रहा है।

# मिशेल बैचलेट को इंदिरा गांधी पुरस्कार देना भारत का अपमान

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि कश्मीर और अनुच्छेद 370 पर भारत की संप्रभुता पर सवाल उठाने वाली और देश विरोधी बयान देने वाली चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिचेल बैचेलट को इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार प्रदान करना भारत विरोधी तथा देश का अपमान है।

पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शुक्रवार को यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश विरोधी बयान देने वाली चिली की पूर्व राष्ट्रपति को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की मौजूदगी में इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास



पुरस्कार प्रदान किया जाना अत्यंत निदनीय है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी रग रग में भारत विरोधी खून बह रहा है। भाटिया ने कहा कि कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि कांग्रेस का डीएनए मुस्लिम-माओवादी हो गया है। इसमें अराजकता के प्रतीक माओवादी हैं और ये कानून की आधारशिला और हमारी संप्रभुता को नष्ट करने का कार्या करते हैं।

# न्याय नागरिक की सुरक्षा, स्वावलंबन का आधार बने: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि न्याय न केवल समता का, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा, स्वावलंबन और उनके उन्नत भविष्य का आधार बनना चाहिए।

योगी ने लखनऊ में आयोजित विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 26वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेते हुए कहा कि यह सम्मेलन भारतीय संस्कृति के अनुरूप 'वसुधैव कुटुम्बकम' के भाव को फिर से पूरी दुनिया में मूर्त रूप से प्रस्तुत करने में सफल होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत हजारों वर्षों से दुनिया को एक परिवार मानता रहा है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि दुनिया की वास्तविक समस्या एक-दूसरे के साथ संवाद को बाधित करना है। यह सम्मेलन एक-दूसरे के साथ संवाद का साधन है। कुछ समय पहले



संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया के सामने 16 लक्ष्य रखे थे। उसमें शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में इस बात का ध्यान रखना होगा कि बच्चे बस्ते के बोझ से बोझिल न हों। दुनिया में जहां अशांति और अराजकता है, जहां वर्चस्व को लेकर एक-दूसरे की संप्रभुता को हड़पने की होड़ हो, वहां पर शिक्षा, विकास, स्वास्थ्य की बात अपने आप में एक बेमानी सी दिखती है। उन्होंने कहा कि इसके लेकर हम सभी को यह सोचना चाहिए कि किस स्तर तक की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता है। हम भी उसमें सहभागी बन सकते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया।

## वाराणसी के दालमंडी इलाके में जारी कार्रवाई को बनाया मुद्दा

# दुकान दे दोगे, पर ग्राहक कैसे दोगे: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वाराणसी के दालमंडी इलाके में चौड़ीकरण के नाम पर चल रही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को भाजपा का 'पोलिटिकल डिमोलेशन' करार दिया है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि जब लोग तैयार ही नहीं हैं, तो उनकी दुकानें कैसे छीन सकते हैं, दुकान दे दोगे, मगर ग्राहक कैसे दोगे, दालमंडी एक दिन में नहीं बनी। एक दुकान जमाने में जमाना लग जाता है।

अखिलेश ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि भाजपा की नीतियों ने प्रदेश में ऐसा माहौल बना दिया है कि लोग खुलकर कारोबार तक नहीं कर



■ चौड़ीकरण के नाम पर चल रही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को भाजपा का पोलिटिकल डिमोलेशन करार दिया

पा रहे। इनकी नीति है कि लोगों को इतना डरा दो कि वो अपनी बात न कह सकें। क्या कोई सरकार ऐसा करती है- हर किसी को अपनी बात कहने का अधिकार है। उन्होंने वाराणसी के ऐतिहासिक बाजार दालमंडी में प्रस्तावित चौड़ीकरण को 'संकीर्ण सोच' और 'राजनीतिक साजिश' करार दिया। उन्होंने कहा कि दालमंडी सिर्फ मार्केट नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और विरासत मूल्य वाली जगह है, जहां पीढ़ियों से व्यापार चल रहा है। सपा नेता ने कहा कि भाजपा जिस योजना पर काम कर रही है वह हेरिटेज संरक्षण नहीं बल्कि राजनीतिक बदले की भावना का नतीजा है। भाजपा वहां से लगातार हारती आई है, इसलिए यह कार्रवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अधिकारियों के जरिए कारोबारियों पर दबाव बना रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि महराजगंज में जिस तरह से डिमॉलिशन हुआ, समय आने पर उसकी वसूली अधिकारियों से कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी दालमंडी के व्यापारियों के साथ खड़ी है और भाजपा का 'चौड़ीकरण' वास्तव में 'संकीर्ण राजनीति' है। उन्होंने कहा कि भाजपा दालमंडी वालों को दाल की तरह दले नहीं। ये सरकार जाने वाली है। मेरठ के व्यापारियों को भी भाजपा ने ध्वस्तीकरण का 'रिटर्न गिफ्ट' दिया था। भाजपा सरकार अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कर रही है और जिस तरह से लखनऊ में मॉल को बेचा गया था, उसी तरह दालमंडी के भविष्य से भी खिलवाड़ किया जा रहा है।

### मुलायम सिंह की जयंती पर जरुरतमंदों को कम्बल बांटे गए

**प्रयागराज।** उप्र के पूर्व मुंख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की 86वीं जयंती पर शनिवार को यहां जरुरत मंदो को कम्बल बांटे गए और उनको श्रद्धांजलि दी गई। सपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख संदीप यादव ने फाफामऊ के शांतिपुरम मे 1001 जरूरतमंदों को कम्बल वितरित कर अपने नेता के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की और आगामी 2027 मे प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए आशीर्वाद मांगा। संदीप यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता, धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव ने डा. लोहिया, डा. अम्बेडकर के विचारों पर चलकर हमेशा आम आदमी की तरक्की और खुशहाली के लिए काम किया तथा वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उनके अधूरे सपनों को पूरा करते हुए प्रदेश एवं देश की खुशहाली के लिए संघर्ष कर रहे हैं।



सेंसेक्स 84673.02
निफ्टी 25910.05



सोना रु. 123810
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 162000
प्रति किलो




# वैश्विक दबाव में 400 अंक टूटा सेंसेक्स

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के कारण शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संसेक्स 400.76 अंक (0.47 प्रतिशत) लुढ़ककर 85,231.92 अंक पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 124 अंक यानी 0.47 फीसदी उतरकर 26,068.15 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, गुरुवार को दोनों सूचकांक बढ़त में रहे थे। चौतरफा बिकवाली के बीच एनएसई में एफएमसीजी को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे। धातु समूह का सूचकांक सबसे अधिक दो फीसदी से ज्यादा टूटा। रियलिटी, बैंकिग और वित्तीय सेवा समूहों में भी एक प्रतिशत के अधिक की गिरावट रही। रुपये में रही भारी गिरावट और वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में



बिकवाली का असर घरेलू शेयर बाजारों पर देखा गया। भारतीय मुद्रा आज पहली बार 89 रुपये प्रति डॉलर के पार लुढ़की है। वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 2.45 प्रतिशत, जापान का निक्केई 2.40 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 2.38 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.40 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.72 फीसदी नीचे था। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा बिकवाली की। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.99 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.13 प्रतिशत गिर गया। एनएसई में जिन 3,175 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ, उनमें 2,305 के शेयर लुढ़क गए, जबकि 784 हरे निशान में बंद हुए। वहीं 86 अन्य कंपनियों के सूचकांकों में तेजी देखी गई। संसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और अन्य 13 के हरे निशान में बंद हुए। टाटा स्टील में सबसे अधिक 2.58 फीसदी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.25 और बजाज फिनसर्व में 2.10 प्रतिशत की गिरावट रही। बीईएल और इटरनल दोनों के शेयर 1.61 फीसदी और एचडीएफसी बैंक का 1.06 फीसदी टूटा। आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 1.17 प्रतिशत की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 0.80 फीसदी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 0.69, आईटीसी का 0.57, एशियन पेंट्स का 0.55 और इंफोसिस का 0.51 प्रतिशत मजबूत हुआ।

## विदेशी मुद्रा भंडार 5.543 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में 5.33 अरब डॉलर की जबरदस्त वृद्धि के दम पर देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में 5.543 अरब डॉलर बढ़कर 692.576 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले 7 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में इसमें लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट रही थी, जब यह 2.699 अरब डॉलर घटा था। रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि 14 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 5.327 अरब डॉलर बढ़कर 106.857 अरब डॉलर के दूसरे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। आरबीआई समेत दुनिया के सभी केंद्रीय बैंक मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों के मद्देनजर अपना स्वर्ण भंडार बढ़ा रहे हैं। आलोच्य सप्ताह के दौरान, विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 15.2 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई और यह 562.29 अरब डॉलर रहा। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में डॉलर के साथ जापानी एन, यूरो और ब्रितानी पाउंड शामिल हैं। इनकी संदर्भ दर के आधार पर डॉलर में इनका मूल्य तय किया जाता है। सप्ताह के दौरान अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 80 लाख डॉलर बढ़कर 4.779 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 5.6 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 18.650 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## रुपया पहली बार 89 रुपये प्रति डॉलर के पार लुढ़का

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में शुक्रवार को बीच कारोबार में रुपये में भारी गिरावट देखी गई और यह बीच कारोबार में पहली बार 89 रुपये प्रति डॉलर के पार लुढ़क गया। खबर लिखे जाते समय भारतीय मुद्रा 81.50 पैसे टूटकर 89.50 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक कमजोर हो चुकी थी। ये आंकड़े अनंतिम हैं। पिछले कारोबारी दिवस पर रुपया 88.6850 रुपये प्रति डॉलर रहा था। आज यह एक पैसे की बढ़त के साथ खुला और शुरुआती कारोबार में 89.50 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। हालांकि दोपहर बाद यह काफी तेजी से अचानक 89 रुपये प्रति डॉलर के पार लुढ़क गया। रुपये की गिरावट में शेयर बाजार की बिकवाली और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर की तेजी का भी योगदान रहा।

## इजरायल के साथ एफटीए का रास्ता खुला

**नई दिल्ली।** भारत और इजरायल के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर जल्द ही वार्ता शुरू होगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और इजरायल के उद्योग एवं आर्थिक मामलों के मंत्री नीर बरकत के बीच हुई एक बैठक में एफटीए पर बातचीत की दिशा तय करने के लिए दोनों मंत्रियों ने गुरुवार को एक टर्म ऑफ रिफ्रेंस (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए। इजरायल की आधिकारिक यात्रा पर गए श्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि अंतिम मुक्त व्यापार समझौते तक पहुंचने के लिए बातचीत को आसान बनाने की दिशा में टीओआर पहला जरूरी कदम है। उन्होंने बताया कि देश की व्यापार, अर्थव्यवस्था और रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने और बढ़ाने के लिए एक संतुलित, विस्तृत और दोनों पक्षों के लिए लाभप्रद एफटीए की तलाश है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोटे तौर पर सरकार का मकसद द्विपक्षीय व्यापार में विविधता लाना और उसे बढ़ाना है।इसके साथ ही अलग-अलग सहयोग के नए अवसरों की पहचान करके भारत एक बड़ा बाजार बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत ने पिछले कुछ समय में कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में वार्ता तेज कर दी है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आतंकी डाक्टर...**

और अन्य केमिकल को पीसकर धमाका तैयार करने वाली सामग्री बना रहा था। बताया जा रहा है कि धमाके से ठीक एक दिन पहले, 9 नवम्बर को, जांच एजेंसियों ने फरीदाबाद के कमरे से 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट और अन्य विस्फोटक सामग्री कब्जे में ली थी। इसके अलावा फरीदाबाद के धौज गांव और आसपास के ठिकानों से लगभग 3,000 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया गया है। यह साफ संकेत देता है कि मॉड्यूल किसी बहुत बड़े ऑपरेशन की तैयारी में था। खुलासा यह भी हुआ कि विस्फोटक सामग्री का बड़ा हिस्सा एक मौलवी के गुप्त घर में छुपाया गया था, जहां मुजम्मिल ने सिर्फ 1,500 रुपये प्रति माह पर कमरा ले रखा था। एजेंसियों का मानना है कि यही ठिकाना पूरे नेटवर्क का केंद्रीय बिंदु था। मुजम्मिल शकील पेशे से डाक्टर था और फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी से संबद्ध था। जांच एजेंसियों को यहां से उसके कट्टर नेटवर्क और भर्तियों की कहानी जुड़ती नजर आई। जानकारी के अनुसार, उसने कोविड-19 महामारी के बाद यहां जाइन किया था। इसी दौरान डा. उमर उन नबी नाम का एक और इंटर्न भी उसके साथ जुड़ा और वही बाद में प20 कार में विस्फोट करने वाला सुसाइड बॉम्बर बना। एजेंसियां मान रही हैं कि लालकिला कार ब्लास्ट कोई फौरी घटना नहीं, बल्कि कम से कम दो साल की तैयारी का नतीजा था। आटा चक्की से बम तैयार करना, सस्ते किराये के कमरे में हजारों किलो केमिकल स्टाक करना और यूनिवर्सिटी कैंपस से नेटवर्क तैयार करना, ये सभी एक सुविचारित प्लानिंग के संकेत हैं। सुरक्षा एजेंसियां इसे व्हाइट-कॉलर टेरर की एक खतरनाक नई शक्ल मान रही हैं, जहां डाक्टर जैसे उच्च-शिक्षित प्रोफेशनल अपने पेशेवर ज्ञान का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों में कर रहे हैं।

**2020 के...**

रहमान ने 8.90 लाख रुपये और मीरन हैदर ने 2.86 लाख रुपये खर्च किए, साथ ही 4.82 लाख जुटाए। कई प्रदर्शनकारी शुरू से ही शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना चाहते थे, लेकिन पुलिस के अनुसार मुख्य समूह के लोग हिंसा पर अड़े हुए थे। यह बात व्हाट्सएप चैट्स में भी साफ दिखाई देती है, जहां कुछ लोग शांति की बात कर रहे थे, लेकिन नेतृत्व करने वाले लोग लगातार हिंसक विरोध की मांग करते रहे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब मामले की सुनवाई सोमवार दोपहर बाद होगी। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई में सबसे पहले प्रोटेक्टेड गवाहों की गवाही सुनी जाएगी। जजों ने कहा कि पुलिस जिन दस्तावेजों और चैट्स का हवाला दे रही है, उन्हें पहले रिकॉर्ड पर रखा जाए, ताकि कोर्ट उन्हें देखकर आगे सुनवाई आगे बढ़ा सके। बेंच ने कहा कि जमानत पर कोई फैसला लेने से पहले सभी आरोपियों की भूमिका, पुलिस की दलीलें और पेश किए गए दस्तावेजों को विस्तार से देखा जाएगा। कोर्ट ने 20,000 पेज की चार्जशीट और नए दाखिल दस्तावेजों पर भी स्पष्टता मांगी है।

# खादी महात्मा गांधी के स्वावलंबन के विचार से जुड़ी है: राकेश सचान

**लखनऊ।** उप्र के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग तथा हथकरघा मंत्री राकेश सचान ने कहा है कि खादी महात्मा गांधी के स्वावलंबन के विचार से जुड़ी है और आज प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में खादी पुनः राष्ट्रीय पहचान की शान बन रही है।

प्रदेश के सभी 18 मंडलों में खादी प्रदर्शनियों का आयोजन कर ग्रामीण उत्पादों को बड़ा बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। सचान ने शुक्रवार को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोमतीनगर में शुक्रवार को 10 दिवसीय खादी महोत्सव-2025 का भव्य शुभारंभ किया। उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर आयोजन की

■ खादी पुनः राष्ट्रीय पहचान की शान बन रही

शुरुआत की। महोत्सव में प्रदेशभर से आए 160 से अधिक उद्यमियों द्वारा खादी एवं ग्रामोद्योग से निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वर्तमान में 3,90,000 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2025 में 66,640 युवाओं को टूलकिट देकर स्वरोजगार से जोड़ा गया है। दोना-मेकिग मशीन, पॉपकॉर्न मशीन, हनी बॉक्स और विद्युत चालित चाक जैसे उपकरण ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर ने कहा कि आधुनिक डिजाइन, फैशन शो और निफ्ट जैसी संस्थाओं की सहभागिता से खादी युवाओं की पसंद बन रही है। अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से खादी उत्पादों को राष्ट्रीय व वैश्विक बाजारों तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे कारीगरों की आय में वृद्धि हो रही है। कार्यक्रम में चयनित उद्यमियों व लाभार्थियों को पुरस्कृत किया गया। राज्य स्तरीय उत्कृष्ट इकाइयों के रूप में मेरठ के दीपक कुमार को प्रथम पुरस्कार (40,000), गोण्डा की ममता को द्वितीय पुरस्कार (30,000) तथा हाथरस के संजय सिंह को तृतीय पुरस्कार (20,000) प्रदान किए गए।










वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सीपी सिंह के नेतृत्व में विशाल एकता यात्रा

## पूर्व मंत्री सुरेश राणा भी रहे शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में एकता यात्रा का आयोजन किया गया।

बाद में कई किलोमीटर लंबी पदयात्रा एक विशाल जनसभा में परिवर्तित हुई। एकता यात्रा में भाई-चारे का संदेश दिया गया। कार्यकर्ताओं ने तिरंगे के साथ नारे लगाते हुए लोगों में देशभक्ति का जज्बा पैदा किया। एकता यात्रा की शुरुआत परफेक्ट कोचिंग सेंटर, मुरादाबाद रोड से हुई। पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने हरी झंडी दिखाई। यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से शिव मंदिर चौक होते हुए सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पहुंच कर समाप्त हुई। पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि आजादी के बाद देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता के लिए दृढ़ता से फैसले लिए और सभी रियासतों को भारत में शामिल किया। उनके इस ऐतिहासिक कदम ने उन्हें 'लौह पुरुष' के रूप में प्रसिद्ध किया। उन्होंने सरदार पटेल के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कई अन्य नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



पूर्व विधायक प्रत्याशी सीपी सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत का जो सपना देखा था, उसको अगर साकार करने का काम किसी ने किया है, तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। गुंडाराज और माफिया राज का सफाया हुआ है। आज किसी की हिम्मत नहीं है कि किसी बहन-बेटी की तरफ आंख उठाकर भी देख ले। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने मजबूती के साथ देश को एकजुट करने का काम किया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद शीशराम रवि, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी, नगर पालिका अध्यक्ष एमपी सिंह, मंडल अध्यक्ष नूरपुर निशांत कर्णवाल, वीर प्रकाश भुईयार, मीडिया प्रभारी बिजेंद्र सिंह भुईयार, क्रय विक्रय समिति उपाध्यक्ष विवेक चौधरी, ईशम पाल सिंह, जीतू भुईयार, प्रदीप राणा, राहुल यादव, राजेश चौहान गुरविंदर सिंह, प्रदीप वाल्मिकी, सुरेंद्र पाल आदि मौजूद रहे। पदयात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

**नजीबाबाद।** नगीना तहसील के ग्राम टांडा माईदास निवासी शमशुद्दीन पुत्र अनीस अहमद ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि वह स्पाइस मनी कम्पनी का डिस्ट्रीब्यूटर व एजेंट था। जनपद बिजनौर में उक्त कम्पनी में मौहम्मद जुबैर पुत्र रूस्तम अली निवासी ग्राम खिदौड़ा (मोदीनगर) सेल्सपर्सन की पोस्ट पर तैनात था। जिससे उसकी दोस्ती हो गई थी। उसने उसे स्पाइस कम्पनी में नौकरी दिलाने के नाम पर झांसे में लेकर उससे तीन लाख रुपए एडवांस व करीब तीन लाख रुपए बाद में खाते से ले लिए। मगर इसके बाद भी उसे कम्पनी में नौकरी नहीं दिलाई और न रुपए वापस किए। जब उसने जुबैर व उसके पिता रूस्तम अली से कई बार रुपए मांगे, तो उन्होंने केवल वादा किया। मगर रुपए वापस नहीं दिए। जिसकी उसके पास रिकार्डिंग भी सुरक्षित है। बाद में पता चला कि जुबैर उसके साथ अन्य कई लोगों के लाखों रुपए लेकर फरार हो गया है। पुलिस ने आरोपी जुबैर व उसके पिता रूस्तम अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### झालू में पुलिस का पैदल मार्च



**बिजनौर।** झालू कस्बे में नव नियुक्त प्रभारी निरीक्षक हल्दौर किशन अवतार सिंह के नेतृत्व में झालू नगर में पुलिस द्वारा व्यापक पैदल मार्च निकाला गया। नगर में सुरक्षा की भावना जागृत करने तथा शांति-व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से यह मार्च आयोजित किया गया। पुलिस टीम ने मेन बाजार, भीड़भाड़ वाले मार्ग और महत्वपूर्ण व्यापारिक क्षेत्रों में पैदल गश्त कर स्थानीय स्थिति का निरीक्षण किया। मार्च के दौरान दुकानदारों व राहगीरों से संवाद किया गया और उन्हें किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया। नव नियुक्त प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह के नेतृत्व में हुआ यह पैदल मार्च नगरवासियों में भरोसा पैदा करता दिखा। लोगों ने कहा कि पुलिस की सक्रियता से क्षेत्र में सुरक्षा का वातावरण और मजबूत होता है। पुलिस विभाग ने बताया कि इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने और नागरिकों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

### चंदक स्वास्थ्य केन्द्र में अवैध वसूली

**चंदक।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चंदक पर टीकाकरण को लेकर नागरिकों से पैसा वसूला जा रहा है। यहां पर अपने बच्चों के टीकाकरण के लिए आने वाले माता-पिता से अवैध वसूली की जाती है। मांग पूरी न करने वालों को टाल दिया जाता है और बार-बार स्वास्थ्य केन्द्र के चक्कर काटने पर मजबूर किया जाता है। दूर-दराज के ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्र में अपने छोटे बच्चों को लेकर आते है। उन्हें डॉक्टर यह कह देता है कि कल आना। फिर आते है, तो कह देते है कि परसो आना। इससे अभिभावक परेशान हो रहे है। स्वास्थ्य केंद्र की हालत की तरफ भाजपा नेताओं व विधायक का भी ध्यान नहीं है। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी यहां की हालत नहीं सुधार रहे है।

### सहसपुर में चल रहा एसआईआर



**सहसपुर।** कस्बे में एसआईआर का काम तीव्र गति से चल रहा है। हमेशा सामाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले अलीगढ़ हेल्थ केयर सेंटर के डायरेक्टर डॉ. मेराजुद्दीन अंसारी, वार्ड नंबर 10 के सभासद एहतेशाम अहमद, फैजी इंजीनियर, डॉ. राशिद अली अंसारी, काशिफ नईम व शाह टाइम्स प्रतिनिधि मनव्वर अंसारी आदि मतदाताओं का पूरा सहयोग कर रहे है। इनके द्वारा बीएलओ के साथ मिल कर काम कराया जा रहा है। यह मतदाताओं को फार्म उपलब्ध कराते हुए आवश्यक दस्तावेजों की जांच में भी सहयोग कर रहे हैं। इसी क्रम में डॉ. मेराजुद्दीन अंसारी व फैजी इंजीनियर ने अपने स्थाई कार्यालय पर बीएलओ बाबू खां के साथ मिलकर वोटरों की मदद की। वह परिवारों को जागरूक कर रहे है। ताकि आगे चल कर कोई परेशानी न उठानी पड़े।

### छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



**नजीबाबाद।** थाना मड़ावली क्षेत्रांतर्गत द्रोणा इंटरनेशनल एकेडमी में छात्र-छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचाव, यातायात नियमों के पालन करने, तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में जागरूक किया। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विजेता विद्यार्थियों को पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। द्रोणा इंटरनेशनल एकेडमी के प्रबंधक वसीम अहमद द्वारा मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया गया।

### 'पड़ोसियों के अधिकार' जागरूकता अभियान शुरू



**नगीना।** मौहल्ला सय्यद बाड़ा स्थित स्कोलर स्कूल में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए जमात-ए -इस्लामी हिंद के जिला अध्यक्ष मोहतशिम नोमानी ने कहा कि इस्लाम मात्र किसी समुदाय विशेष का धर्म नहीं, बल्कि समस्त मानव जाति के लिए जीवन व्यतीत करने की एक व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि इस्लाम की अच्छाइयों को चारों तरफ फैलाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जमात ए इस्लामी हिंद 21 नवंबर से 30 नवंबर तक एक देशव्यापी अभियान पड़ोसी के अधिकार के शीर्षक से चलाने जा रही है, जिसमें जमात का उद्देश्य एक स्वस्थ समाज की स्थापना करना है। उन्होंने कहा कि मौहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि वह व्यक्ति मोमिन कदापि नहीं हो सकता जो खुद पेट भरकर भोजन ग्रहण करे और उसका पड़ोसी भूखा सोए। जमाते इस्लामी हिंद के जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि आज मौहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शिक्षाओं पर अमल करने की जरूरत है और उन्हें ग्रहण करके ही हम एक स्वस्थ समाज और स्वस्थ पड़ोस का निर्माण कर सकते हैं।

## सड़क पर जलभराव से परेशानी



**बिजनौर।** स्थानीय वार्ड नम्बर 31 में सर्वसमाज के लोग एक साथ मिलजुल कर रहते है। यह स्थान मौहल्ला मिर्दगान बी-10 वार्ड 31 का हिस्सा है। पालिका का चुनाव हुए दो साल बीत गए, लेकिन यहां विकास कार्यों के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। यहां दो स्कूल भी संचालित है। मंदिर व पूजा के मठ भी यहीं बने है। लेकिन सड़क पर जल भराव से सभी परेशान है। तालाब नुमा सड़क का हाल देख कर ऐसा नहीं लगता कि यहां कोई विकास कार्य हुआ है। इसी सड़क पर एक पुलिया क्षतिग्रस्त है। जो एक साल में तीन बार टूट गई। स्कूल के जाने वाले बच्चे इसमें गिर कर घायल हो रहे है।

## बाइक और बस की टक्कर में तीन युवक घायल

### दो घायलों को हायर सेंटर किया रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना नगीना देहात क्षेत्र के रायपुर-कोटद्वार मार्ग स्थित लाल वाला टांडा मोड़ के पास शुक्रवार की दोपहर एक सड़क हादसे में तीन युवक घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पर भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर करीब 1 बजे थाना नगीना क्षेत्र के ग्राम रामपुर दास निवासी अल्तमश (18 वर्ष) पुत्र नौशाद, फरहान (20 वर्ष) पुत्र जान मौहम्मद उमर व अरहान (18 वर्ष) पुत्र शाहिद एक ही बाइक पर सवार होकर शादी में जा रहे थे। जैसे ही वे लाल वाला टांडे के सामने पहुंचे, तभी सामने से आ रही प्राइवेट बस से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचित कर दिया। थाना नगीना देहात पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों घायल युवकों को सीएचसी नगीना पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों फरहान व अरहान को जिला चिकित्सालय बिजनौर रैफर कर दिया।

## दिव्यांगों व मजलूमों के हकों की लड़ाई रहेगी हमेशा जारी: पाशा

### तहसीलों व थानों में रिश्वतखोरी का हर स्तर पर करेंगे भारी विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसो. के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि दिव्यांगों व मजलूमों के अधिकारों की रक्षा की लड़ाई हर हाल में जारी रहेगी। तहसीलों व थानों में रिश्वतखोरी व पक्षपात का विरोध भी जारी रहेगा, चाहे इसके लिए उन्हें कोई भी कुर्बानी देनी पड़े।



प्राप्त समाचार के अनुसार एसो. के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने दिव्यांगों, मजलूमों व गरीबों की उपेक्षा पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि नौकरी मिलने के बाद अधिकारी व कर्मचारी खुद को राजा समझने लगते है। वह आम जनता की समस्याओं का न तो गंभीरतापूर्वक समाधान करते है और न ही उन्हें सम्मान देते है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। इस तरह से आम जनता के साथ व्यवहार ठीक नहीं है। थानों व तहसीलों सहित अन्य विभागों में दिव्यांगों व गरीबों की सुनवाई नहीं हो पा रही है। भ्रष्ट अफसरों के पास दिव्यांगों की समस्याएं सुनने का वक्त नहीं है। जब दिव्यांग उनके पास अपनी समस्याएं लेकर जाते है, तो उन्हें सम्मानपूर्वक बैठा कर उनकी समस्याओं का समाधान करने की बजाए पत्र लेकर बैरंग वापस लौटा दिया जाता है। यह नहीं देखा जाता है कि वह महंगाई के इस दौर में इतनी दूर से कैसे अपनी समस्याएं लेकर आया होगा। दिव्यांगों, विधवाओं व बुजुर्गों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। एक तरफ सरकार इस वर्ग के लिए अच्छी योजनाएं नहीं चला रही है और जो थोड़ी बहुत योजनाएं चल रही है, उनका लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। दिव्यांगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ शतप्रतिशत मिलना चाहिए। साथ ही कम से कम 15 हजार रुपए की मासिक पेंशन भी मिलनी चाहिए। इसके अलावा सरकारी नौकरियों में भी आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। जो कि वर्तमान में नहीं मिल पा रहा है। किसी भी दिव्यांग को डीएम व एसडीएम भी नहीं बनाया जाता है। अगर दिव्यांगों को महत्वपूर्ण पदों पर बैठाया जाएगा, तो वह सहानुभूतिपूर्वक उनकी समस्याओं का समाधान करा सकेंगे।

उन्होंने कहा कि डूडा सहित जनपद में कई ऐसे विभाग है, जहां पर जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। विकास भवन में बैठने वाले अधिकारी अपना ही विकास कर रहे है। उन्हें दिव्यांगों व गरीबों सहित आम जनता की कोई चिंता नहीं है। जनप्रतिनिधि भी इन भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ एक शब्द नहीं बोलते हैं।

## एसआईआर की लापरवाही पड़ेगी भारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** बीएलओ मौहम्मद शुमाइल और लीलावती वार्ड नंबर पांच ने बताया कि एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण चल रहा है।

चुनाव आयोग सभी मतदाता का सही रिकॉर्ड करना चाहता है और इसके लिए उसने सभी अपने अधिकारियों को बैठकों के जरिए से आदेश भी किया है। यह सर्वे चार नवंबर से चार दिसंबर तक पूरे महा चलेगा। लेकिन फिर भी मतदाता लापरवाही कर रहे हैं। कहीं यह लापरवाही मतदाताओं को भारी न पड़ जाए। क्योंकि जब हमारा वोट ही नहीं रहेगा, तो फिर हम सभी चीजों से वंचित हो सकते हैं। इसीलिए सभी मतदाताओं को सावधानीपूर्वक अपने फॉर्म समय से भरकर जमा करें। उन्होंने बताया कि हमें किसी भी फार्म के साथ डॉक्यूमेंट की आवश्यकता नहीं है। केवल मतदाता को फार्म पर सही जानकारी उपलब्ध करानी है। यदि फॉर्म नहीं भरा जाता है, तो हम भरने के लिए तैयार हैं। घर-घर जाकर सभी लोगों के फॉर्म एकत्रित किए जा रहे हैं। नगर के समाज सेवी और पढ़े लिखे नवयुवकों को इस एसआईआर फॉर्म को भरवाने में सभी बीएलओ का पूरा सहयोग करना चाहिए।



उधर मौहल्ला कानूनगोयान कासमी मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती मौहम्मद हिफजान ने सभी कस्बे वासियों से जुम्मे की नमाज में अपील की कि वे सभी अपने एसआईआर फार्म समय से भरकर बीएलओ को जमा करें और खास तौर से इस बात का ख्याल रखें कि अपने घर का पड़ोसी का और मौहल्ले वाले का किसी का फॉर्म छूटने न पाए। यदि यह लापरवाही हुई, तो आप वोट के अधिकार से वंचित हो सकते हैं और जब वोट के अधिकार से वंचित हो जाएंगे तो फिर आपको आगे चलकर बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

### 2003 मतदाता सूची के मतदाता परेशान

**झालू।** 2003 की मतदाता सूची के ऐसे मतदाता है जो काफी परेशान है। जिनका नाम 2003 की सूची में तो सम्मिलित है लेकिन 2025 की सूची में उन्हें दर्शाया नहीं गया है । इसी वजह से उनको एसआईआर फॉर्म उपलब्ध भी नहीं कराया गया है। जिसकी वजह से वे इधर-उधर चक्कर काट रहे हैं। लेकिन कोई भी उन्हें संतुष्टि पूर्वक जवाब देने को तैयार नहीं है। कुछ ऐसे मतदाता भी सामने आए। जिनका नाम 2025 की सूची में सम्मिलित है। लेकिन फिर भी उनके एसआईआर फॉर्म नहीं मिल पा रहे हैं। इसी के साथ-साथ कुछ ऐसे भी लोग परेशान भटक रहे हैं। जिनके नाम 2003 की सूची में तो नहीं है 2025 की सूची में है और वह 1987 से पहले जन्मे हुए भारतीय हैं। उनके किसी परिवार के नाम न मिलने की वजह से ऐसे लोग भी काफी परेशान दिखाई दे रहे हैं। इसके लिए चुनाव आयोग को कोई नई गाइडलाइन जारी करनी चाहिए। ताकि सभी मतदाता अपने एसआईआरफॉर्म के बारे में चिंता मुक्त हो सके

# ग्रेट इंडियन एकेडमी में 'मंच तंत्र 2025' की रंगारंग प्रस्तुति

## नृत्य, नाटिका, संस्कृति और रचनात्मकता से सजा भव्य वार्षिक उत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** झालू की ग्रेट इंडियन एकेडमी में वार्षिक सांस्कृतिक समारोह 'मंच तंत्र 2025' का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ किया गया। मुख्य अतिथि राज्य शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डॉ. निशांत यादव, अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी, चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी, प्रबंधक गौरव डाबरा, प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा व उप-प्रधानाचार्या दीक्षा डाबरा ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



समारोह में विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों- सरस्वती वंदना, ऊर्जावान समूह नृत्य, नाटक 'ध्रुवस्वामिन' और 'गुरु दक्षिणा', पारंपरिक डांडिया, मराठी लावणी, मिजोरम का लोक नृत्य, अखाड़ा-दंगल व उत्तराखंड नृत्य के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया।

नन्हे बच्चों का दक्षिण भारतीय नृत्य और आकर्षक रैंप वॉक दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहे। 'Ad-Mad शो' में बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और अभिनय कौशल से खूब सराहना बटोरी। कक्षा 8 के अब्दुल्लाह अंसारी के गायन ने कार्यक्रम में संगीत की मधुर ध्वनि बिखेरी। समारोह में प्रस्तुत पर्यावरण संरक्षण, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों पर आधारित विषयवस्तु ने दर्शकों को प्रभावित किया। मंच पर बच्चों का आत्मविश्वास, अनुशासन और अभिव्यक्ति पूरे समारोह में प्रशंसनीय रहे। समापन पर सत्र 2024-25 के मेधावी विद्यार्थियों को पदक, प्रमाणपत्र और पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा, मुख्य अतिथि डॉ. निशांत यादव और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। प्रबंधक गौरव डाबरा एवं उप-प्रधानाचार्या दीक्षा डाबरा ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

### स्कूल प्रबंधन का जागरूकता व सर्वांगीण विकास का प्रयास प्रशंसनीय: लोकेंद्र चौधरी

**झालू।** ग्रेट इंडियन एकेडमी के चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी ने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राएं अपनी मेहनत, अनुशासन और सीखने की निरंतर इच्छा से ही एक विशिष्ट पहचान बनाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों का यह सकारात्मक रुझान विद्यालय की प्रगति का आधार है। श्री चौधरी ने बताया कि स्कूल प्रबंधन केवल शिक्षा प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में जागरूकता बढ़ाने, उनमें आत्मविश्वास विकसित करने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल द्वारा संचालित गतिविधियां बच्चों के व्यक्तित्व, सोचने की क्षमता, व्यवहार और जीवन मूल्यों को मजबूती प्रदान करती हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि स्कूल प्रबंधन जिस निष्ठा और समर्पण के साथ बच्चों को सही दिशा दे रहा है, वह अत्यंत सराहनीय है। यही प्रयास भविष्य में बच्चों को सफलता के नए आयाम देगा। चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यालय, अभिभावक और शिक्षक मिलकर बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाने में लगातार सफल साबित होंगे।

### बच्चों का सर्वांगीण विकास हमारा मकसद: गौरव डाबरा

**बिजनौर।** एकेडमी प्रबंधक गौरव डाबरा ने बताया कि ग्रेट इंडियन एकेडमी का मूल उद्देश्य केवल पाठ्य पुस्तक आधारित शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। 'मंच तंत्र 2025' जैसे सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने का सुअवसर मिलता है। हम प्रयास करते हैं कि हर बच्चा अपनी छिपी क्षमता को पहचान सके और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने का साहस पाए। विद्यालय परिवार को अपने विद्यार्थियों पर गर्व है, जो अनुशासन, संस्कृति और कला के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। हमें विश्वास है कि इसी प्रकार का सहयोग और प्रोत्साहन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।





राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# अफजलगढ़ में एसआईआर का काम तेज

## चेयरपर्सन पति जावेद विकार व अन्य समाजसेवी कर रहे मेहनत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर में एसआईआर का काम काफी तेजी से चल रहा है। चेयरपर्सन पति जावेद विकार व वरिष्ठ सभासद कलवा कुरैशी सहित युवा समाजसेवी पूरी मेहनत कर रहे है। चेयरपर्सन पति जावेद विकार ने नागरिकों का आह्वान किया है कि वह इस अभियान को पूरी गंभीरता से लें।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला मंझौली में स्थित बैंकट हॉल में एसआईआर फॉर्म भरने को लेकर एक कैम्प नगर पालिका व समाजसेवी युवाओं की ओर से लगाया गया। जिसमें शहर के जिम्मेदार लोगों ने नगरवासियों को नि:शुल्क फार्म भरवा कर बीएलओ को सौंपा।

वहीं कैम्प में एसआईआर फार्म करीब 450 शहर के जिम्मेदार लोगों ने नगरवासियों के नि:शुल्क फार्म भरवाकर बीएलओ को सौंपा।

इस अवसर पर कैम्प में चेयरपर्सन पति जावेद विकार, सभासद कलवा कुरैशी, सभासद मौहम्मद चांद, समाजसेवी पत्रकार शुऐब कुरैशी, समाजसेवी फईम कस्सार, सुरूश अनवर, मसूद एड., मुफ्ती अब्दुल वसी, सभासद पति शहजाद, अमानत हुसैन पत्रकार, सभासद पुत्र इरफान अहमद, समाजसेवी अब्दुल करीम, इकबाल अहमद, मौलाना दानिश, उवैश मुख्तार, इमामुद्दीन कस्सार, अदनान करीम, मौहम्मद समीर आदि उपस्थित रहे।

## खेत में दिखे तीन गुलदार, वन विभाग ने लगाया पिंजरा

**नगीना।** नगीना-नहटौर मार्ग स्थित ग्राम बघाला निवासी किसान सरदार साहब सिंह जब बृहस्पतिवार की सुबह खेत में काम कर रहे थे, तभी उन्हें तीन गुलदार खेत में दौड़ते दिखाई दिए। ईख से अचानक निकल कर खुले खेत में आए गुलदारों से जान बचाने के लिए साहब सिंह ने ट्रैक्टर की आवाज तेज कर दी, जिससे गुलदार इधर-उधर दौड़कर वापस ईख में जा घुसे। इसी बीच मौका देखकर किसान ने मोबाइल से तीनों गुलदारों का वीडियो बना लिया। घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से क्षेत्र में तुरंत पिंजरा लगवाकर गुलदारों को पकड़वाने की मांग की, जिससे किसी भी प्रकार की जानहानि न हो। वन विभाग के रेंजर प्रदीप शर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से गांव में एक पिंजरा लगवा दिया गया है, जिससे गुलदारों को जल्द ही रेस्क्यू कर लिया जाएगा।

# पालिका में कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** शासन के निर्देशानुसार सोर्स सेग्रीगेशन अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी की अध्यक्षता में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण और सोर्स सेग्रीगेशन हेतु आईईसी ट्रेनिंग पार्टर स्पेस सोसाइटी द्वारा सरकारी विभागों के पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अधिशासी अधिकारी मुक्ता सिंह द्वारा किया गया।

उन्होंने अपने शुभारंभ संदेश में बताया कि कचरा प्रबंधन के कार्य में नगर पालिका के अधिकारियों कर्मचारियों के अलावा स्थानीय नागरिकों की भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। जिसके लिए स्पेस सोसाइटी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर के गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग करने के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दे रहे हैं। कार्यशाला में मुख्य विषय पर बात करते हुए स्पेस सोसाइटी के (निदेशक परियोजना) मदन भारती द्वारा कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि कचरा हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। घर से मिक्स मिलने वाला कचरा हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत हानिकारक है। यदि हम कचरे का घर पर ही सेग्रीगेशन कर लेते हैं, तो वह कचरा हमारे लिए काला सोना बन जाता है। गीले कचरे से हम लोग कंपोस्ट बना सकते हैं। अपने घर में भी होम कंपोस्टिंग करके गीले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण कर सकते हैं। इसके अलावा रीसाइकलिंग कचरे से बहुत से आर्थिक संशाधनों की बचत कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम अक्सर यह मान लेते हैं कि कचरा निस्तारण की पूरी जिम्मेदारी नगर पालिका की है। लेकिन नगर पालिका अकेले इस कार्य को नहीं कर सकती है। यदि पूरा शहर केवल कचरा उत्पादित करेगा और नगर पालिका के सीमित कर्मचारी या अधिकारीगण केवल कचरे का निस्तारण करेंगे, तो इससे बहुत ही खराब स्थिति पैदा होती है। कार्यशाला का समापन करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम ने स्पेस सोसाइटी के सभी अधिकारियों एवं पदाधिकारी का धन्यवाद करते हुए कहा कि हमारे लिए यह जानकारी बहुत ही उपयोगी है और हमारे शहर के हर नागरिक को इस तरह की जानकारी मिलनी चाहिए। जिससे कि हमारे शहर के लोग जागरुक होकर अपना बहुमूल्य सहयोग दे सकें। उन्होंने कहा कि स्पेस सोसाइटी द्वारा घर-घर जो स्टीकर और पंपलेट वितरित किए जा रहे हैं और उसके साथ लोगों को बेहतरीन तरीके से समझाया जा रहा है। इस कार्य का शहर के प्रत्येक नागरिक पर साकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

कार्यशाला में मुख्य रूप से तहसीलदार के अलावा नगर पालिका परिषद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदेश कुमार सैनी, एसबीएम लिपिक आकाश नामदेव, नगर पालि. का की टीम एवं आईईसी ट्रेनिंग पार्टनर स्पेस सोसाइटी की समस्त टीम उपस्थित रही।

# जांच में पंचायत सचिव मिला दोषी, कार्रवाई की तैयारी

## ग्राम काजीवाला के ग्रामीण ने लगाए थे सचिव पर आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ग्राम पंचायत काजीवाला के पंचायत सचिव को जांच में नियम विरूद्ध जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने और प्रमाणपत्रों को जारी करने के नाम पर अवैध रूप से धनराशि वसूली किए जाने का दोषी पाया गया है। डीडीओ ने इस मामले में रिपोर्ट कार्रवाई के लिए सीडीओ कार्यालय में भेज दी गई है।

ग्राम काजीवाला निवासी खुर्शीद एवं आबुल ने नौ अक्टूबर को डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में कहा था कि पंचायत सचिव विवेक कुमार ने अखलाख पुत्र बुंदु और जैबुनिशा पत्नी रफीक अहमद का मृत्यु प्रमाण पत्र गांव से जारी दिया, जबकि अखलाख अल्वी की मृत्यु दून हास्पिटल देहरादून व जैबुनिशा की मृत्यु चंड़ीगढ़ के जीएमसीएच हास्पिटल में हुई थी। डीएम ने इस प्रकरण की जांच डीपीआरओ छविनाथ सिंह को सौंप ी। डीपीआरओ ने ग्राम पंचायत सचिवालय पर पहुंचकर शिकायतकर्ता के बयान ग्राम प्रधान की मौजूदगी में बयान दर्ज किए। डीपीआरओ ने डीडीओ को भेजी जांच रिपोर्ट में कहा कि ग्राम पंचायत काजीवाला के पंचायत सचिव ने बिना सत्यापन के मौहम्मद अखलाख और जेबुनिशा की मृत्यु क्रमश देहरादून और चंडीगढ़ में होने के बावजूद ग्राम काजीवाला से जारी कर दिया। इसके अलावा जांच में मीना पत्नी हनीफ का मृत्यु प्रमाणपत्र आठ जुलाई 2025 को जारी किया गया, जबकि मीना की मृत्यु वर्ष 2024 में हुई थी। उन्होंने जांच में पंचायत सचिव को नियम विरूद्ध जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने और जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में अवैध रूप से धनराशि वसूली किए जाने का दोषी पाया। डीपीआरओ ने पंचायत सचिव के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने की संस्तुति की है।

# महारैली को मिल रहा भारी समर्थन : चंद्रहास

## 25 नवंबर की महारैली के लिए कई संगठनों ने किया समर्थन पत्र जारी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजकीय वाहन चालक महासंघ जनपद शाखा बिजनौर की जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुनील दत्त शर्मा की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री हेमराज गौतम के संचालन में बैठक आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है, जिसके लिए 25 नवंबर की महारैली की सफलता को लेकर सभी शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर निरंतर विभागीय संगठनों का समर्थन मिल रहा है। जिसके क्रम में सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर सिंह, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसो. के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि, राजकीय वाहन चालक महासंघ के जिला अध्यक्ष सुनील दत्त शर्मा, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अश्वनी कुमार, इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार आदि कई संगठनों ने अपना समर्थन पत्र जारी कर 25 नवंबर को होने वाली महारैली में अधिक से अधिक कर्मचारियों से प्रतिभाग करने का आह्वान किया। महासंघ के जिला संरक्षक राजपाल सिंह ने कहा पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा मुखर रूप से संघर्षरत है। जिलाध्यक्ष सुनील दत्त शर्मा ने कहा कि 25 नवंबर को अटेवा को हमारा पूर्ण समर्थन है और बड़ी संख्या में महारैली में अधिक से अधिक कर्मचारी पहुंचेंगे। बैठक में राजीव कुमार कोषाध्यक्ष, अजय कुमार मंत्री, विकास, धर्मेंद्र कुमार, सुनील कुमार संगठन मंत्री, विकास पाठक उपाध्यक्ष, बृजेश कुमार, जबर सिंह स्वास्थ्य विभाग, राजेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# पांच डाकघरों के बुकिंग काउंटर का समय बढ़ाया

**बिजनौर।** बिजनौर डाक मंडल के अधीक्षक धर्मेश गगनेजा ने बताया कि बिजनौर डाक मंडल के अन्तर्गत आने वाले 05 डाकघरों के बुकिंग काउंटर का समय 01 घंटा बढ़ा दिया गया है। पहले या काउंटर नौ बजे से तीन बजे तक के थे, अब ये काउंटर नौ बजे से चार बजे तक के लिए कर दिए गए हैं, जिसमें धामपुर प्रधान डाकघर, नजीबाबाद एमडीजी, नगीना उपडाकघर, किरतपुर उपडाकघर तथा हल्दौर उपडाकघर शामिल हैं। इसके साथ-साथ यह भी बताया कि बिजनौर प्रधान डाकघर में एक बुकिंग काउंटर 24x7 के लिए खोल दिया गया है। बिजनौर की जनता इसका लाभ उठा सकती है।

# शादी से नाराज मायके वालों ने ससुरालवालों से किया झगड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडावर क्षेत्र में मारपीट का एक मामला सामने आया है। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर घर में घुस मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खुडाहेड़ी निवासी जानवी ने मंडावर थाने में तहरीर दी है। जानवी के अनुसार, उसने अपनी मर्जी से शादी की है, जिससे नाराज होकर उसके परिवार वालों ने गुरुवार शाम को उसकी ससुराल में आकर उसके ससुराल वालों के साथ मारपीट की। उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। मारपीट का 18 सेकंड का एक लाइव वीडियो सामने आया है, जिसमें मारपीट साफ तौर पर देखी जा सकती है। इस संबंध में मंडावर थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# राजनैतिक दलों के साथ एडीएम ने की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अपर जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के साथ बैठक को आयोजन कर एसआईआर से संबंधित उनकी समस्याओं एवं शंकाओं का समाधान किया गया।

उन्होंने उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि प्रत्येक बूथ पर अपने बूथ लेवल अभिकर्ताओं को अनिवार्य रूप से तैनात करें। ताकि उनके स्तर से भी बूथ लेवल अधिकारियों को सहयोग प्राप्त हो सके और एसआईआर के काम में अपेक्षित प्रगति लाई जा सके। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को पूर्ण निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस कार्य को योजनाबद्ध रूप से किया जा रहा है ताकि आयोग की समय सीमा के अंतर्गत संपूर्ण प्रक्रियाओं को पूरा किया जा सके।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सिंह द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के लिए आज इस्लामपुर दास स्थित बूथ नंबर 181 का निरीक्षण किया गया और बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मतदाताओं को यथासंभव सुविधा प्रदान करें और उनका सहयोग भी उपलब्ध कराएं ताकि सभी मतदाता अपने आवेदन पत्रों को भर कर जल्द से जल्द जमा कर सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आवेदन पत्रों में सभी सूचनाओं को सही और ध्यानपूर्वक अंकित की जाएं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि अगर फार्म का पूरा विवरण उनके पास नहीं है, तो अपना नाम, मोबाइल नंबर माता पिता का नाम वाला कालम भर दें। ड्राफ्ट पब्लिकेशन के बाद वह शेष डाक्युमेंट देकर फार्म को पूरा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जन सामान्य की सुविधा के लिए चुनाव आयोग द्वारा https://ceouttarpradesh.nic.in की बेवसाइट पर वर्ष-2003 की निर्वाचक नामावली को डाउनलोड कर अपना नाम देखें जाने तथा इसके साथ ही गणना प्रपत्र को https://voters.eci-gov.in के enumeration form में जाकर ऑनलाइन भी भरे जाने की सुविधा प्रदान की गयी है।

उन्होंने जन सामान्य का आह्वान करते हुए कहा कि वह स्वयं भी ऑनलाइन एसआईआर के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाई गई वेबसाइट्स पर अपने आवेदन पत्रों में निर्धारित जानकारियां भरकर खुद भी अपलोड कर सकते हैं।

# शेरकोट खो बैराज के 12 गेटों की वायर रोप बदली जाएगी

## सुरक्षा और जल प्रबंधन के लिए मरम्मत कार्य जारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बिजनौर जिले के शेरकोट स्थित खो बैराज पर मरम्मत कार्य तेजी से जारी है। सिंचाई विभाग ने बैराज के सभी 12 गेटों की क्षतिग्रस्त वायर रोप बदलने का अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य सुरक्षा और जल प्रबंधन को बेहतर बनाना है।

सिंचाई विभाग के मैकेनिक विजय कुमार ने बताया कि बैराज के गेटों की वायर रोप लंबे समय से खराब हो रही थीं और उनकी निर्धारित समय-सीमा भी समाप्त हो चुकी थी। इसी कारण पूरे सिस्टम को सुरक्षित और सुचारू बनाने के लिए यह मरम्मत कार्य आवश्यक था।

विभाग की टीम ने अब तक 5 ड्रम पर वायर रोप की मरम्मत पूरी कर ली है। शेष गेटों पर भी काम तेजी से किया जा रहा है। कर्मचारियों की टीम बैराज की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी मुस्तैदी से जुटी हुई है।

इस मरम्मत कार्य के पूरा होने के बाद, खो बैराज के सभी गेट अधिक सुरक्षित और सुचारू रूप से संचालित हो सकेंगे।

इससे क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था और बाढ़ नियंत्रण दोनों को मजबूती मिलेगी।

# खेल प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** हल्दौर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय गड़ाना में परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की सभी 12 न्याय पंचायतों के विजेता बच्चों ने भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

खेलों का संचालन ज्ञान सिंह के निर्देशन में हुआ, जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रवेंद्र रायसान और शिक्षिका प्रिया सिंह ने किया। उद्घाटन के बाद बच्चों ने खेल अनुदेशकों के नेतृत्व में मार्चपास्ट करते हुए मैदान में प्रवेश किया। इसके बाद प्राथमिक एवं जूनियर वर्ग के बालक-बालिकाओं ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लिया। इनमें दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, चक्का फेंक, गोला फेंक, वॉलीबॉल, कबड्डी और खो-खो शामिल थे। खंड शिक्षा अधिकारी अलका अग्रवाल मौजूद रही। हल्दौर ब्लॉक के एथलीटों ने ट्रैक इवेंट्स में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

प्राथमिक बालिका वर्ग में अवनी ने 50 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि तानिया ने 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। प्राथमिक बालक वर्ग में 50 मीटर में ओवैस, 100 मीटर में अर्श तथा 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में हिमांशु प्रथम रहे। जूनियर बालक वर्ग में प्रिंस ने 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में जीत हासिल की, जबकि 600 मीटर दौड़ में अमन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जूनियर बालिका वर्ग में शगुन ने 100 मीटर, काजल ने 200 मीटर, अधूरे ने 400 मीटर और डोली ने 600 मीटर दौड़ में पहला स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग में शरीफपुर मान की टीम विजेता रही, जबकि जूनियर वर्ग में समग्र विद्यालय नवादा की टीम ने जीत हासिल की। अंत में, खंड शिक्षा अधिकारी अलका अग्रवाल और अन्य अतिथियों द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी शिक्षक साथियों का विशेष धन्यवाद भी व्यक्त किया।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर नाले में गिरा, चालक घायल

## निजी अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 734 पर रेहड़ के पास एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गहरे नाले में जा गिरा। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक नरेंद्र तोमर घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की सहायता से एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह घटना गुरुवार देर रात को हुई। रेहड़ निवासी नरेंद्र तोमर, जो मुन्नू सिंह के पुत्र हैं, ठेकेदार यासीन अहमद की ट्रैक्टर-ट्रॉली से रेहड़ से धान उतारकर ग्राम दहलावाला बस स्टैंड स्थित अपने घर लौट रहे थे।

नेशनल हाईवे पर रेहड़ आम वाले बस स्टैंड के पास पहुंचते ही ट्रैक्टर में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे उसकी गति अचानक बढ़ गई। तेज रफ्तार के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे बाईं ओर गहरे नाले में जा गिरा।

इस दुर्घटना में चालक नरेंद्र कुमार को चोटें आईं और ट्रैक्टर भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। शुक्रवार सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली के मालिक ने जेसीबी मशीन की मदद से ट्रैक्टर को नाले से बाहर निकलवाया।

# सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन

## दस सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सफाई कर्मचारी आंदोलन के बैनर तले दर्जनों सफाई कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा और इस दौरान नारेबाजी भी की।

ज्ञापन में संविदा सफाई कर्मचारियों को सातवां वेतनमान देने की मांग प्रमुख थी। इसके अतिरिक्त, मौसमी वर्दी और भत्तों का समय पर भुगतान, ग्रामीण व शहरी स्वच्छता कर्मियों को 'नमस्ते भारत' योजना से जोड़ने तथा नगर पंचायत व नगर पालिकाओं में पीएफ व ईएसआई कटौती की मांग भी शामिल थी।

अन्य मांगों में श्रम विभाग के आदेशानुसार मजदूर, आउटसोर्सिंग, संविदा और स्थायी सफाई कर्मचारियों के निधन पर उनके आश्रितों को लिपिक व एएसआई के पदों पर पदोन्नति देने की बात कही गई। साथ ही, जिलाधिकारी और संबंधित अधिकारियों के साथ मासिक बैठकें आयोजित कर समस्याओं का समाधान करने और सफाई कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा के लिए विशेष योजना लागू करने की भी मांग की गई। इस प्रदर्शन में राजीव प्रसाद, भंवर सिंह, आदेश कुमार, सर्वेश, विजय वीर, नीरज सिंह और प्रदीप सहित कई अन्य सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# कम ऊंचाई पर उड़ते दिखे दो हेलीकॉप्टर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडावली थाना क्षेत्र में औरंगपुर बसंता गांव में दो हेलीकॉप्टर बेहद कम ऊंचाई पर उड़ते दिखाई दिए। ग्रामीण छतों पर चढ़कर वीडियो बनाते रहे। करीब आधे घंटे तक दोनों हेलीकॉप्टर आसमान में मंडराते रहे, जिससे जिज्ञासा बढ़ गई। अचानक आवाज सुनकर लोग अपने-अपने घरों की छतों पर पहुंच गए। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। कई लोगों ने मोबाइल उठाकर हेलीकॉप्टरों की वीडियो बनानी शुरू कर दी। दोनों हेलीकॉप्टर सिर्फ औरंगपुर बसंता ही नहीं, बल्कि जालपुर, दहिरपुर, करौली समेत कई गांवों के ऊपर से भी उड़ते देखे गए। ग्रामीणों के अनुसार, हेलीकॉप्टर करीब 70 मीटर की ऊंचाई पर लगातार चक्कर लगाते रहे। दोनों हेलीकॉप्टर लगभग आधा घंटा तक गांवों के ऊपर मंडराते रहे। उड़ान का उद्देश्य क्या था, यह स्पष्ट नहीं हो सका, लेकिन ग्रामीणों में इसकी चर्चा देर शाम तक जारी रही।

## संबंध बहाल सूचना

मैंने अपने पुत्र अल्ताफ को किसी कारण से अपनी चल अचल संपत्ति से 31-05-2022 को बेदखल कर दिया था। अब मेरा पुत्र सुधर गया है। मेरी हर बात को मानता है और मेरी खिदमत करता है, जिससे मैंने पुनः संबंध स्थापित कर लिए है। अब वह पहले की तरह मेरी चल अचल संपत्ति में बराबर का हिस्सेदार व हकदार होगा।

**-महरुन्निशा खातून पत्नी मोहम्मद शरीफ मौहल्ला तराई, कस्बा शेरकोट, बिजनौर।**

## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने हाईस्कूल की परीक्षा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान भारत सरकार नई दिल्ली से सन् 2003 में उत्तीर्ण की है। जिसमें मेरा अनुक्रमांक 21k922186 है। मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका व सह अंकपत्र में मौ नदीम (MO NADEEM) लिखा गया है, जो कि अशुद्ध है। जबकि मेरा सही नाम मौ. नदीम (MOHD NADEEM) है। जिसके साक्ष्य में मैंने अपने अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र संलग्न किए है। मैं अपनी हाईस्कूल व सह अंकपत्र में अपना नाम शुद्ध/संशोधन कराना चाहता हूं। -मौ. नदीम (MOHD NADEEM) पुत्र श्री रफीक अहमद, निवासी मकान नं. 67 अंसारियान साहनपुर, पोस्ट साहनपुर, साहनपुर नानू, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर

# धामपुर में युवक का शव संदिग्ध हालात में मिला

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम भटियाना खुशहालपुर में बीती देर रात उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के ही 21 वर्षीय युवक शिवम का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए इसकी लिखित शिकायत दी है।

जानकारी के अनुसार शिवम चौहान, जो दो भाई-बहनों में इकलौता पुत्र था। कुछ महीने पहले नौकरी के सिलसिले में जम्मू- कश्मीर गया था और दो दिन पहले ही अपने गांव लौटा था। घर में जल्द ही उसके चचेरे भाई शुभम का रिश्ता होना था और परिवार में तैयारियां चल रही थीं। इसी बीच गुरुवार रात शिवम अपने चचेरे भाई के घर से लौट रहा था, तभी गांव की एक गली में उसका शव खून से लथपथ हालत में मिला। उसके मुंह से खून बह रहा था, जिससे किसी हमले की संभावना मजबूत हो रही है। घटना की सूचना पर रात में ही एएसपी पूर्वी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। परिजनों का कहना है कि शिवम शांत स्वभाव का था और किसी से उसका कोई विवाद नहीं था। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि कहीं कोई व्यक्तिगत रंजिश, पुराना तनाव या फिर प्रेम प्रसंग से जुड़ा कोई विवाद तो इसकी वजह नहीं है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घटनास्थल से अभी तक कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिला है। लिहाजा पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# फर्जी बैनामा कांड में बड़ी कार्रवाई

## गिरफ्तार पांचों आरोपी जेल भेजे, रिटायर्ड दरोगा सहित अन्य की तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** थाना शेरकोट क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर रची गई हैरान कर देने वाली साजिश में धामपुर पुलिस ने अब बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों को जेल भेज दिया है। वहीं पूरे खेल के मास्टरमाइंड बताए जा रहे सेवानिवृत्त दरोगा राजेंद्र सिंह, उनका दामाद अमित कुमार सिंह और वीरेंद्र की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को भी पकड़ लिया जाएगा।



यह मामला तब सुर्खियों में आया जब शेरकोट के मौहल्ला चौधरियान निवासी अमित कुमार सिंह और उसके ससुर व पूर्व दरोगा राजेंद्र सिंह ने पुलिस से शिकायत की थी कि पड़ोसी संदीप गहलौत और सरीन गहलौत ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे उनकी लगभग दो बीघा जमीन का बैनामा करा लिया है। मामला गंभीर था और शिकायतकर्ता लगातार दावा कर रहे थे कि उनके साथ धोखा हुआ है। पुलिस ने इसी आधार पर जांच शुरू की। लेकिन जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, पूरा मामला उलटता चला गया। एएसपी पूर्वी एके श्रीवास्तव की गहन जांच में सामने आया कि जो आरोपी बनकर शिकायत कर रहे थे, वही असल में इस फर्जीवाड़े के मुख्य संचालक थे। जांच में स्पष्ट हुआ कि 25 जून को जो बैनामा कराया गया था, वह अमित कुमार सिंह के ही नाम पर था, लेकिन उसमें भी उनके परिचित सुरेंद्र उर्फ पुनीत को 'अमित कुमार' बनाकर पेश किया गया था। दस्तावेजों पर हस्ताक्षर भी उसी ने किए। इसके बाद अमित और उसके ससुर ने पड़ोसियों पर झूठा आरोप लगाकर उन्हें फंसाने की कोशिश की।

इस साजिश में हिमांशु, कोमल और जयदेव को गवाह बनाकर शामिल किया गया था, जिससे पड़ोसी परिवार को फंसाने की पूरी तैयारी कर ली गई थी। लेकिन पुलिस जांच में जब परत दर परत सच सामने आया, तो पूरा खेल बेनकाब हो गया।

साजिश का खुलासा होने के बाद पुलिस ने परवेंद्र, सुरेंद्र उर्फ पुनीत, हिमांशु, कोमल और जयदेव को गिरफ्तार किया। मंगलवार को सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाने के अनुसार पांचों के खिलाफ सबूत मजबूत हैं और आगे की कार्रवाई तेज की जा रही है।

उधर, मुख्य आरोपी बताए जा रहे अमित कुमार सिंह, सेनानिवृत्त दरोगा राजेंद्र सिंह और वीरेंद्र फरार चल रहे हैं। पुलिस इनके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। अधिकारी के मुताबिक मामले की गंभीरता और साजिश की गहराई को देखते हुए इन फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

घटना ने पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना दिया है। लोगों का कहना है कि जमीन विवाद को लेकर इस हद तक योजना बनाकर किसी निर्दोष को फंसाने की कोशिश चौंकाने वाली है। पुलिस की त्वरित जांच और कार्रवाई के बाद अब पूरा मामला साफ हो चुका है और कानून अपना काम कर रहा है।

# शेरकोट में आवरा कुत्तों का आतंक

## अभियान चला कर पकड़ने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** आतंक का पर्याय बने आवारा कुत्तों के गली-गली व बाजारों मे घूम रहे झुंड से जनता को पूर्व में बच्चों को काटने की घटनाओं को ध्यान में रख कर डर सता रहा है। वही लोगों ने पालिका के अधिशासी अधिकारी से आवारा कुत्तों को पकड़वाये जाने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद द्वारा समय-समय पर कुत्तों को पकड़वाने के लिए अभियान चलाया जा रहा हो, लेकिन नगर मे इस समय आवारा कुत्तों के गली मौहल्लों में घूम रहे झुण्ड ने लोगों मे अपने-अपने बच्चों को लेकर डर सता रहा है। आवारा कुत्तों के लगातार बढ़ रहे आतंक से जहां एक तरफ जनता परेशान है। वहीं आवारा कुत्ते बच्चों व लोगो को पूर्व में काटकर घायल कर चुके है। हर एक मौहल्ले में सैकड़ों कुत्ते घूमते रहते हैं। जो रात के समय आते जाते व्यक्तियों पर हमला कर घायल कर देते है। इतना ही नहीं यह आवारा कुत्तें आते जाते बच्चों पर भी हमला करते रहते हैं। नगर व थाना क्षेत्र में कई लाख की आबादी होने के बावजूद भी नगर के सरकारी अस्पताल में कुत्ते के काटे जाने के बाद लगने वाले इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। अगर कोई मरीज धामपुर के अस्पताल में इंजेक्शन लगवाने जाता भी है तो कभी कभी धामपुर में भी इंजेक्शन उपलब्ध नहीं हो पाने की वजह से बिजनौर जाना पड़ता है। जबकि मेडिकलों पर यह इंजेक्शन आसानी से पांच सौ रुपये से लेकर आठ सौ रुपये तक मिल जाता है। क्योंकि कभी कभी तो खाने को लेकर कुत्ते आपस में लड़ बैठते है और लड़ाई के दौरान बीच मं आये बच्चे या व्यक्तियों के काट लेते है। इन आवारा कुत्तों की वजह से स्कूल जाने वाले छोटे छोटे बच्चे भी घबराते है। नगर के गणमान्य लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की है, जिससे जनता को राहत मिल सके।

अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी का कहना है कि कुछ दिन पूर्व पालिका द्वारा गाइडलाइन के मुताबिक कुत्ते पकड़ने का अभियान चलाकर कुत्तों की एक खेप पकड़ कर उनकी नसबंदी कराने हेतु अस्पताल भेजा गया था, जो अभी भी कुत्तों की खेप अस्पताल में मौजूद है। जल्द ही दो सप्ताह के अन्दर अन्दर कुत्ते पकड़वाने का अभियान चलाया जायेगा।

### दर्जनों को काटकर कर चुके घायल

**शेरकोट।** आवारा कुत्तों के झुंड ने एक ही दिन में लगभग 22 माह पूर्व नगर के मौहल्ला कायस्थान निवासीगण मोहम्मद अरहम (6 वर्ष) पुत्र फईम अहमद, जकरिया (7 वर्ष) पुत्र शब्बु, नमरा परवीन पुत्री सुल्तान, शफी (6 वर्ष) पुत्र शहबाज एवं मौहल्ला काजियान निवासी हमाद (5 वर्ष) पुत्र अफजाल अहमद, मौहम्मद आहिल (7 वर्ष) पुत्र फईम अहमद आदि को हाथ, पैर सहित सिर पर काटकर गम्भीर रुप से घायल दिया था। वही 12 मार्च को शेखान निवासी साबिर को कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया था। उधर सामान लेने जा रहे अलीशान पुत्र खुर्शीद को भी कुत्तों ने हमला कर बुरी तरह घायल किया था।

# 26 नवम्बर को मुजफ्फरनगर में होगी संविधान बचाओ रैली

## कार्यकर्ता कर रहे जनसम्पर्क



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने कहा कि 26 नवंबर को मुजफ्फरनगर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में संविधान बचाओ रैली होने जा रही है। जिसकी सफलता के लिए पार्टी कार्यकर्ता दिन-रात सर्वसमाज के लोगों से मिलकर रैली को सफल बनाने के लिए अपील कर रहे है।

आज अपने निवास पर एक मुलाकात के दौरान आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने कहा कि आजाद समाज पार्टी, भीम आर्मी राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना लोकसभा सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के आह्वान पर 26 नवंबर को मुजफ्फरनगर में होने वाली संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने के लिए अपनी रुपरेखा तैयार करते हुए मुजफ्फरनगर के लिए बड़ी संख्या में बसों, कारो व अन्य वाहनों का रेला सुबह सवेरे ही अपने निर्धारित स्थानों से रवाना होगा।

उन्होंने कहा कि हम सभी अपने सांसद सर्वजन लोकप्रिय नेता एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद की आवाज है और उनको और अधिक मजबूत बनाना है, तभी हम संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ सकेंगे। मौहम्मद ताहिर ने कहा है कि यह रैली ही नहीं बल्कि महारैला होगी, जिसे ऐतिहासिक बनाने के लिए हम और आप सभी को एक मंच पर आना है और मुजफ्फरनगर पहुंचना है।

# इनरव्हील क्लब रॉयल का नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** इनरव्हील क्लब धामपुर रॉयल ने सामाजिक सेवा कार्यक्रमों के अंतर्गत नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। यह शिविर इनरव्हील क्लब जिला 310 की जिला अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के सपना परियोजना 'सच्चा उपहार' के तहत आयोजित किया गया।

शिविर में स्थानीय दंत चिकित्सक डा. मनुज सिंह, डा. अपूर्वा असवाल तथा उनकी चिकित्सा टीम ने बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के दाँतों की जांच की। डॉक्टरों ने आवश्यक उपचार संबंधी सलाह दी और दंत सुरक्षा व सफाई को लेकर जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान क्लब सदस्यों ने जरूरतमंद लोगों को स्वेटर और इनरव्हील कपड़े के बैग भी वितरित किए। ठंड के मौसम को देखते हुए स्वेटरों का वितरण लोगों के लिए बेहद लाभदायक रहा।

क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी समाजहित से जुड़े ऐसे सेवा कार्य नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

# स्योहारा में सचल न्यायालय का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** तहसील स्तर पर सचल न्यायालय का आयोजन कर मामले का निस्तारण किया जायेगा। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के दिशा निर्देश पर जनपद न्यायाधीश के नेतृत्व में ग्राम न्यायालय धामपुर द्वारा स्योहारा में सचल न्यायालय का आयोजन किया गया। दो साल तक की अवधि वाले अभियोग, हर्जे खर्चे व एक्सिडेंटल अभियोग पर सुनवाई कर निस्तारण किया गया।



## 46 वादों का मौके पर निस्तारण

नगर पालिका सभागार में साढ़े ग्यारह बजे से सचल न्यायालय का आयोजन किया। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश बिजनौर के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में ग्राम न्यायालय धामपुर के द्वारा नगर पालिका सभागार में सचल न्यायालय का आयोजन किया। इस दौरान 46 वादों का मौके पर निस्तारण किया गया। 5260 रूपए की जुर्माना राशि वसूली गई। जिसमें 11 अपराधिक व 3 परिवारिक मामलों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर मौके पर किया गया। ग्राम न्यायालय धामपुर के पीठासीन अधिकारी प्रधुम्न कुमार मिश्र ने बताया गया कि त्वरित सुलभ एवं सस्ता न्याय प्रदान करने के लिये समय-समय पर तहसील धामपुर के विभिन्न क्षेत्रों में सचल न्यायालय का संचालन होता रहेगा। स्योहारा क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले ग्रामों के वादों का निस्तारण किया गया। इस दौरान पेशकार सचिन कुमार, आशुलिपिक मंजू चौहान, लिपिक वर्षा चौहान, एडीजीसी परवेन्द्र कुमार, दीपक कुमार अधिवक्ता अनस सईद, सुमित, आयुष कौशिक, कृष्ण गोपाल अग्रवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक



**रेहड़।** मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने महिलाओं और छात्राओं को उनकी सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। उपनिरीक्षक सोनू कुमार ने कहा कि महिलाएं घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं। उन्होंने बढ़ते महिला अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए महिलाओं और बालिकाओं को इससे बचने के उपाय बताए। उन्होंने महिलाओ और छात्राओं से कहा कि घर से बाहर आते जाते समय डरने की जरूरत नहीं है, यदि इस दौरान उनके साथ कोई अप्रिय घटना हो तो उसका डटकर मुकाबला करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई उनके मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजता है, सोशल मीडिया के माध्यम से परेशान करता है या फोन करके उनको परेशान करता है तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दें। पुलिस सहायता के लिए तुरंत मौके पर पहुंचेगी। महिला आरक्षी पूजा रानी द्वारा हेल्पलाइन नंबरों के पंपलेट भी वितरित किए गए। इस दौरान महिला आरक्षी पूजा रानी सहित मिशन शक्ति की पूरी टीम मौजूद रहीं।

# सीएचसी स्योहारा में 21 नवम्बर से चार दिसम्बर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर जनपद सहित सीएचसी स्योहारा में 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा शुरू हो गया है। शुरुआत एक पुरुष नसबंदी कराकर की गई जबकि अब तक कुल 3 नसबंदी कराई जा चुकी हैं।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के स्नेही ने बताया कि पखवाड़े में परिवार नियोजन के तहत पुरुष सहभागिता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पखवाड़ा दो चरणों में आयोजित हो रहा है। प्रथम चरण 21-27 नवंबर दंपत्तियों से संपर्क कर प्रेरित करना है तथा द्वितीय चरण 28 नवंबर 4 दिसंबर विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर पुरुष नसबंदी शिविर आयोजित किए जाएंगे। डा. स्नेही ने बताया कि पुरुष नसबंदी सरल सुरक्षित और बिना चीरा-टांके की प्रक्रिया है, जो 10-20 मिनट में पूरी हो जाती है। पुरुष नसबंदी कराने पर 3000 रुपये तथा प्रेरक को 400 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है। आज एक पुरुष नसबंदी जिला अस्पताल बिजनौर में सर्जन डा. नरेश जौहरी द्वारा कराई गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम और आशा कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया।

## दो चरणों में चलेगा पखवाड़ा

# सरदार पटेल जयंती पर भारत एकता पदयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर विधानसभा क्षेत्र में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों, छात्र-छात्राओं व भाजपा पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने ग्राम फुलसंदा से भारत एकता पदयात्रा का शुभारंभ किया। पदयात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा करके पदयात्रा का स्वागत किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम फुलसंदा से सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में क्षेत्र के स्कूलों के छात्र-छात्राओं नागरिकों पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भारत एकता पदयात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री कुंवर बृजेश कुमार, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र बॉबी, मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, भटियाणा मंडल अध्यक्ष दानवीर चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष सिद्धांत जैन, दर्पण रावल, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, क्षेत्रीय मंत्री विनीत शर्मा, संजीव त्यागी, प्रशांत वर्मा, कुलवीर चौधरी, राहुल चौधरी, शिवम त्यागी आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता फुलसंदा आश्रम से हुई पदयात्रा में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं में पदयात्रा में भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद आदि नारे लगाते तिरंगा झंडा लिए पद यात्रा में चल रहे थे। पदयात्रा सीकरी बुजुर्ग, दरबारपुर फतेहपुर, महमूदपुर भिक्का, नहटौर डिग्री कॉलेज, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, ब्लॉक कार्यालय, झालू चौराहा से होते हुए श्याम नारायण स्मारक इंटर कॉलेज में जाकर संपन्न हुई। पदयात्रा का विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया। पदयात्रा में नागरिकों द्वारा लिए हुए तिरंगा झंडा अपने आप में एक आकर्षण का केंद्र रहा। लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री कुवर बृजेश कुमार, विधायक ओमकुमार, अतुल मारवाड़ी, पालिका अध्यक्ष हल्दौर विमला देवी, ब्लॉक प्रमुख हल्दौर अनुभव विश्वकर्मा, हिमांशु पाराशर, गौरव चौधरी, हर्षित चौधरी, मुकेश गुप्ता, तेजपाल सैनी बलजीत धनंजय चौधरी जोजो मोहम्मद शेख, आलम गुलमान चौधरी, जनता इंटर कॉलेज महुआ, नहटौर डिग्री कॉलेज, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, बलराम कुमार सरस्वती विद्या मंदिर, श्याम नारायण स्मारक इंटर कॉलेज, जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, मुस्लिम कन्या इंटर कॉलेज सहित नगर के सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या में भाग लिया। सुरक्षा की दृष्टि से तहसीलदार धामपुर धनराज सिंह, नायब तहसीलदार राजकुमार, क्षेत्राधिकारी अभय पांडे थाना, अध्यक्ष धीरज नागर, अन्य और थानों की भी भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा। अधिशासी अधिकारी ओम गिरी आदि उपस्थित रहे।



## कई स्थानों पर पुष्पवर्षा से स्वागत

## एक नजर

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर चर्चा



**कोतवाली देहात।** भाजपा महेश्वरी जट मण्डल द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान महिला सम्मेलन का आयोजन ब्लॉक कोतवाली के डबाकरा हाल में किया गया। सम्मेलन में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि डा. नेहा त्यागी ने महिलाओं को अपने अधिकारों और जिम्मेदारियां के प्रति जागरूक किया। उन्होंने स्वदेशी चीजों को अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला उपस्थित रही। इस मौके पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रीना त्यागी, रीना कश्यप, ममता, मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, विनीत चौधरी, अनिल विश्नोई, ऋषि त्यागी, पारुल, पिंकी, कुसुम लता, रेखा, सोनम, ममता, रूपा आदि मौजूद रहे।

### गन्ना भुगतान कराने की मांग



**चांदपुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी से पीबीएस फूड शुगर मिल द्वारा गन्ना भुगतान कराये जाने की मांग की है। वरिष्ठ कार्यकर्ता देवेंद्र उर्फ बिट्टू के नेतृत्व में इस बाबत एसडएम को मांग पत्र दिए जाने की तैयारी की जा रही है। मीडिया प्रभारी मुस्तकीम राजपूत ने बताया कि हमारा संगठन किसान हित में आवाज उठाते हुए पीबीएस फूड्स शुगर मिल द्वारा नवीन गन्ना सत्र 2025-26 मे खरीदे जा रहे गन्ना का भुगतान की मांग करता है, जबकि शासनादेशानुसार 14 दिन में किसान से खरीदे गए गन्ने का भुगतान कर देने के सख्त आदेश हैं, लेकिन सरकारी शासनादेशों को भी मिल अधिकारी ताक में रखकर मनमानी कर रहे है। संगठन ने कहा कि यदि एक दो दिन मे भुगतान नहीं भेजा गया तो संगठन मिल परिसर में धरना प्रदर्शन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी मिल प्रबंधक तंत्र की होगी। इस अवसर पर मुस्तकीम राजपूत, सूरज कश्यप, हर गुलाल सिंह, दयाराम सिंह, गुड्डू खान, नफीस अहमद, इमरान खान आदि मौजूद थे।

### छात्र को बेरहमी से पीटा



**नहटौर।** नहटौर के एक स्कूल के छात्र भारत एकता पदयात्रा में शामिल होने के लिए आए थे। दोपहर करीब दो बजे पदयात्रा का कार्यक्रम संपन्न होने पर स्कूली छात्र धामपुर मार्ग पर हल्दौर चौराहे के पास खड़ी स्कूली बस में बैठने के लिए आ गए थे और बस में बैठने लगे थे। प्रत्यदर्शियों के मुताबिक तीन युवक बाईक से आए। एक युवक हाथ में गन्ना काटने वाला कसला लेकर आ गया, जिससे अफरा तफरी मच गई। काफी देर तक हंगामा मचा रहा। एक छात्र के साथ बेल्टो से मारपीट होने पर अन्य छात्र सहम गए। मारपीट होती रही और लोग तमाशबीन बने रहे। आस-पास के दुकानदार मौके पर पहुंचे उन्हें देखकर तीनों युवक मौके से निकल गए। उनकी बाइक मौके पर ही रह गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची है। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि जानकारी मिली है। जांच कराई जा रही है।

### टूर्नामेंट में आज खेले गए चार मैच



**चांदपुर।** नगर के हिन्दू इंटर कॉलेज के मैदान में चल रहे द्वितीय विवेक कप नार्थ जोन हॉकी टूर्नामेंट में आज अजान ग्रुप दिल्ली, आधारशिला स्कूल और बीकेजी ज्वैलर्स के सहयोग एवं चांदपुर स्पोर्ट्स सोसायटी के प्रयास से बाबू कैलाश चंद्र मित्तल और सरदार इकबाल सिंह लोहिया की स्मृति में 4 मैच खेले गए। पहला मैच रामपुर हॉस्टल और फरीदाबाद टीम के बीच में खेला गया, जिसमें रामपुर हॉस्टल ने फरीदाबाद को सेकंड शूटआउट में 1-0 से हराया। दूसरा मैच मिलक और सोनीपत के बीच खेला गया, जिसमें मिलक ने सोनीपत को 5-0 से हराया। तीसरा मैच बिजनौर और मुरादाबाद के बीच खेला गया, जिसमें बिजनौर 1-0 से विजयी रहा। आखिरी मैच चांदपुर और हरिद्वार के बीच खेला गया, जिसमें चांदपुर 1-0 से विजयी रहा। मैच के मुख्य अतिथि विजय शंकर एसडीएम चांदपुर, विवेक कर्णवाल डायरेक्टर आधारशिला स्कूल, समाजसेवक हाजी नसीम अहमद, हनी तोमर, सरदार अच्छन सिंह लोहिया, अफजल फारुकी, शोभित गोयल आदि भी मौके पर शामिल रहे।

### रोडवेज बस की बाइक से भिड़ंत



**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर ब्लॉक के गेट के सामने आज दोपहर एक रोडवेज बस की बाइक से भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार नूरपुर क्षेत्र के गांव भैंसा मिलक निवासी जोगेंद्र सिंह घायल हो गया। आस-पास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और रोडवेज बस को रोक लिया गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के पर बस अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गई। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने जानकारी से इंकार किया है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।

# नई मुसीबत में फंसे एसडीएम सम्भल

- सीजेएम ने डीएम को दिए जांच करने के आदेश
- हरदोई में नगर मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात हैं सुनील कुमार त्रिवेदी
- एसडीएम कार्यालय के कर्मचारियों को भी जारी किया गया नोटिस
- जेसीबी का किराया मांगने पर मथना गांव के प्रधान का उत्पीड़न करने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** तत्कालीन उपजिलाधिकारी सम्भल सुलीन कुमार त्रिवेदी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि वह पूर्व प्रधान मथना के मामले में एसडीएम के विरूद्व जॉच कर आख्या अदालत में प्रस्तुत करें। सभी विपक्षियों को जारी करने व परिवाद पत्र की छाया प्रति भी जारी करने का निर्देश दिया है।

विदित है कि पूर्व में उपजिलाधिकारी रहे सुनील कुमार त्रिवेदी वर्तमान में हरदोई में नगर मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत हैं। तहसील क्षेत्र के ग्राम मथना गांव के पूचर्व प्रधान राहुल गुप्ता ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सम्भल स्थित चन्दौसी के न्यायालय में बीएनएसएस के अर्न्तगत परिवाद दायर कर अरोप लगाया गया है कि गत वर्ष 29 जनवरी को उसके मोबाइल पर कॉल आयी कि एसडीएम सम्भल ने ग्राम हैदरपुर उर्फ हाजीपुर थाना एचौड़ा कम्बोह में चक रोड का रास्ता खुलवाने के लिए जे सी बी मशीन मंगवा रहे हैं। परिवादी ने एसडीएम के कहने पर अपनी जेसीबी मशीन ग्राम हैदरपुर रास्ता खुलवाने की गर्ज से भेज दी। कार्य पूर्ण हो जाने के बाद परिवादी ने अपने मोबाइल नम्बर से कॉल कर जेसीबी मशीन के किराये के रूपये मांगे। लेकिन किराए की धनराशि न देकर गंदी-गंदी गालियां देने लगे और धमकाया कि तुम एसडीएम से रूपये मांगने की हिम्मत रखते हो। तब परिवादी ने कहा कि डीजल के खर्च के पन्द्रसौ रूपये दे दो। जिस पर जेसीबी चालक को 1500 रूपये दे दिये। इसके बाद उसके मोबाइल पर एचौड़ा कम्बोह के एसचओ पूनम राठी का फोन आया कि परिवादी को तुरंत एसडीएम कार्यालय में पहुंचना है। इसके तुरंत बाद एसआई सुभाष चन्द्र व आकाश यादव का कॉल आया ओर कहा कि परिवादी को तुरंत एसडीएम कार्यालय सम्भल पहुंचना है न पहुंचने पर गिरफ्तार करने की धमकी देने लगे। जिस पर परिवादी और उसकी पत्नी मीनाक्षी गुप्ता काफी डर गयीं और सांय करीब 5.24 बजे एसडीएम सम्भल से फोन पर बात की जिस पर परिवादी की पत्नी से बेहद भददे शब्दों में बात की और कहा कि परिवादी तुरंत एसडीएम कार्यालय नहीं आया कार्यालय से फोन तो गम्भीर परिणाम भुगतने होंगे। दिनांक 29.01.24 को समय करीब 5.45 बजे परिवादी अपनी पत्नी के साथ पहुंचा तो एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी अपने कार्यालय में मौजूद थे। उनके कक्ष में मौजूद कोर्ट मोहर्रिर ने परिवादी को जबरदस्ती अंदर घुसकर दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। जबकि परिवादी की पत्नी कार्यालय के बाहर खड़ी रही। एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी ने परिवादी को देखते ही गंदी-गदी गालियां देनी शुरू कर दीं। इतने में ही एसडीएम ने दूसरे गेट से कार्यालय में मौजूद अपने अन्य कर्मचारियों को बुला लिया और उन्होने परिवादी को लात घूंसो से बहुत मारा। चींख पुकार सुनकर परिवादी की पत्नी ने कार्यालय का गेट खोलने को कहा। बड़ी मुश्किल से दरवाजा अंदर से खोला गया। जिस पर परिवादी को कर्मचारियों से बचाया। इस दौरान एसडीएम अपने कार्यालय में बैठे परिवादी को पिटवाते रहे और परिवादी को जेल भिजवाने की धमकी दी। उसके बाद एसडीएम ने परिवादी को कमरे से बाहर निकालकर बैंच पर बैठा दिया। इतना ही नहीं कोतवाली में परिवादी व उसकी पत्नी के विष्द्ध शांति भंग की आशंका में चालानी रिपोर्ट भी मंगवा ली। उधर राहुल गुप्ता के परिवाद पत्र पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने संज्ञान लेकर जिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि वह एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी के विरूद्व जॉच कर अपनी आख्या 28.11.25 तक न्यायालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इतना ही नहीं विपक्षीगण की न्यायालय के समक्ष उपस्थिति सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं।

# विश्व में सम्भल का विशिष्ट एतिहासिक महत्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** शहर ऐतिहासिक, आध्यात्मिक महत्व की विशेष चर्चा वार्ता कार्यक्रम में संभल का विशिष्ट इतिहास बताकर सम्भल भूमि का आध्यात्मिक, धार्मिक, ऐतिहासिक महत्व बताया।

नगर के बृज रतन सुंदर आर्य कन्या इंटर कालेज में छात्राओं, अध्यापिकाओ, अभिभावकों तथा हिंदू जागृति मंच के सदस्यों के बीच अपनी बात रखते हुए हिंदू जागृति महिला मंच की जिलाध्यक्ष मीनू रस्तोगी ने चक्की पाट की ऐतिहासिक कथा बताते हुए इसे सम्भल की ऐतिहासिक पहचान बताया। उन्होंने तोता मैना की कब्र, बावड़ी कुआं, फिरोज शाह का किला, पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित इमारतों के ऐतिहासिक महत्व का वर्णन करते हुए विश्व में सम्भल की विशिष्ट ऐतिहासिक पहचान बताया। महिला मंच की नगर प्रभारी सुमन लता शर्मा ने स्वरचित कविता के माध्यम से संभल के 68 तीर्थो 19 कूपों का विशेष महत्व बताते हुए यहां की ऐतिहासिक इमारतों को संभल की विशिष्ट धरोहर बताते हुए यहां के इतिहास को सदैव जीवंत रखने का संदेश दिया। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि युग परिवर्तन के समय होने वाली महाप्रलय भी सम्भल का बाल बांका नहीं कर पाती। सम्भल के 68 तीर्थ 19 कूप दिग दिगंत तक यहां की कीर्ति पताका फहरा रहे हैं। तीर्थ, मंदिर, किले, पुरातत्व विभाग की इमारतें, मेले यहां की ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान है। भगवान श्री कल्कि अवतार भूमि होने के कारण सम्भल ऐतिहासिक धार्मिक आध्यात्मिक सामाजिक पहचान में सर्वोपरि है। अनेक शासकों ने सम्भल को अपनी राजधानी बनाकर यहां की विशिष्टता को स्वीकार किया है। अनेक मंदिर इमारतें सम्भल की प्राचीनता की कथा कहते हुए मजबूत भविष्य और भाग्य को जीवंत कर रही है। अनेक विद्वानों, विदुषियों संतों महात्माओं, फकीरों, देवी-देवताओं और संभल के ऐतिहासिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। डा. सपना, एकता रेजा, सिंपल गंगवार, रचना, भावना शर्मा, मधुर शर्मा, रवि वाला, प्रेरणा, विजेयता, नेहा आदि ने अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने की और संचालन बृजरतन सुंदर आर्य कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य संजना गुप्ता ने किया।


सम्भल- बृज रतन सुन्दरा आर्य कन्या इंटर कॉलेज कार्यक्रम को सम्बोधित करते अजय शर्मा।

## बिहार में एनडीए सरकार बनने पर हर्ष

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर गुन्नौर के मोहल्ला सराय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिहार में एनडीए सरकार के गठन और नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने पर हर्ष व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी को ऐतिहासिक जीत मिलने की खुशी में स्थानीय युवाओं ने उत्सव का आयोजन किया और लोगों के बीच जलेबी का वितरण किया। युवाओं ने कहा कि यह दिन बिहार के लिए स्वर्णिम क्षण है। उनका मानना है कि मोदी-नीतीश की जोड़ी एक बार फिर बिहार में स्थिर और विकासोन्मुख सरकार देगी।इस दौरान भाजपा जिलामंत्री कुमोद वार्ष्णेय, हर्षित वार्ष्णेय, जूलियस सीजर, इंदीवर सिंह, राहुल कुमार आदि रहे।

# बाल विवाह सामाजिक अपराध

- जिला प्रबेशन व संस्था की ओर से किया जागरूक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बाल अपराधों के खिलाफ चल रहे अभियान में संस्था की ओर से बाल अपराधों की जानकारी दी और सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करने को मिलकर आवाज उठाने पर ज़ोर दिया।

बाल अपराध रोकने और इसमें सहयोग करने को जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन की ओर से लगातार अभियान चला रहा है। इसी को लेकर शुक्रवार को अभियान को गति देते हुए ग्राम गोविंदपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रयत्न संस्था और जिला प्रोबेशन कार्यालय के संयक्त तत्वावधान में जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के सहयोग से पंवासा ब्लॉक के गोविंदपुर गांव के विद्यालय में बाल विवाह न करने की शपथ ली इस अवसर पर संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने कहा की बच्चे देश का भविष्य हैं और देश के भविष्य को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है एवं लोगों को बाल अपराधों के विषय में जानकारी देते हुए बताया की हमारे आसपास हो रहे किसी भी बाल अपराध की जानकारी संबंधित नंबरों जिसमें चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, पुलिस 112 पर दे सकते है। जिससे की जनपद सम्भल को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। बाल विवाह एक सामाजिक अपराध है इसको जड़ से खत्म करने के लिए हम सबको मिलकर आवाज उठानी होगी, इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं ग्राम प्रधान अनीता रानी आंगनवाड़ी राजवाला, तनवीर कौसर, वीरवती एवं टीम के फील्ड कोर्डिनेटर सिराज अहमद एवं ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान बाल अपराध रोकने में सहयोग करने की शपथ दिलायी



सम्भल- बाल अपराध रोकने को जागरूक करते जस्ट राइट फॉर चिल्डन के कार्यकर्ता।

## 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** भाजपा के वरिष्ठ नेता दीपक यादव के संयोजन में सैंडोरा कब्रिस्तान से न्यौरा मंडी तक 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के कई युवा धावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## संयुक्त अभियान में वाहनों की जगह जगह की गई चैकिंग

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने गहन वाहन चैकिंग अभियान चलाया। अभियान सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने सम्भल-मुरादाबाद रोड पर कस्बा सिरसी के पास संचालित किया गया। जिसमें एआरटीओ मुरादाबाद के एआरएम सहित परिवहन विभाग के कई अधिकारियों व कर्मचारी मौजूद रहे। अभियान के दौरान टीम ने दोपहिया, चारपहिया एवं वाणिज्यिक वाहनों को रोककर उनके आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। जिन वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए, उनके खिलाफ मौके पर ही कार्रवाई की गई। साथ ही सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने कई वाहनों की तलाशी भी ली। विशेष ध्यान दोपहिया चालकों पर रहा। बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों को चेतावनी देने के साथ-साथ कई चालान भी काटे गए। अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि का बड़ा कारण लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी है, जिसे रोकने के लिए विभाग सख्त रुख अपनाए हुए है।

# हसनपुर मुंजब्ता में पट्टों का विवाह गहराया

- नई तहसील पहुंचकर तहसीलदार से कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हसनपुर मुंजबता में आवासीय पट्टों को लेकर विवाद ज़ोर पकड़ता जा रहा है। ट्रैक्टर में भरकर नई तहसील पहुंचे ग्रामीणों ने तहसीलदार से कार्रवाई की मांग की।

ग्राम पंचायत हसनपुर मुंजबता में आवासीय पट्टों का विवाद गहराता जा रहा है। इसी मामले को लेकर गांव के दर्जनों ग्रामीण ट्रैक्टरों पर सवार होकर नई तहसील सम्भल पहुंचे और तहसीलदार को प्रार्थना पत्र सौंपकर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 1965, 1973, 1988 और 1990 में ग्राम समाज की भूमि पर तहसील प्रशासन द्वारा आवासीय पट्टे जारी किए गए थे, जिन पर लोग दशकों से बसे हुए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अब 40 वर्षों बाद कुछ लोग पुराने पट्टों पर आपत्ति उठाकर दलित एवं गरीब परिवारों को अनावश्यक रूप से परेशान कर रहे हैं। गाटा संख्या 313,356 से संबंधित पट्टों पर विवाद को लेकर प्रभावित परिवारों में भय और असुरक्षा की स्थिति बन गई है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि गांव का एक व्यक्ति, जिसकी राशन की दुकान पहले किसी अन्य सदस्य को आवंटित हो गई थी, दुश्मनी के चलते पट्टा धारकों को परेशान कर रहा है। ग्रामीणों ने तहसीलदार से मांग की कि सभी पुराने रिकॉर्ड की जांच कर, वैधपट्टा धारकों को संरक्षण दिया जाए और किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो। उन्होंने कहा कि प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप कर विवाद को शांत करे ताकि बेवजह परेशान किए जा रहे परिवारों को राहत मिल सके। तहसीलदार ने प्रार्थना पत्र प्राप्त कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## एक नज़र इधर भी

### अधिवक्ता की बहन के निधन पर शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर के बैठक में अधिवक्ता की बहन के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।

गुन्नौर स्थित बार भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता बार अध्यक्ष शैलेंद्र यादव एडवोकेट ने की तथा संचालन महासचिव सुरेश चंद्र यादव एडवोकेट ने किया। मीटिंग में साथी अधिवक्ता, मोहम्मद शोएब एड. व बार वेलफेयर एसोसिएशन से ही संबद्व प्रलेखक मोहम्मद दाऊद की सगी बहन के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। बैठक में शोक स्वरूप अदालतों में न्यायिक कार्य नहीं करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

### पुलिस ने कार चालक को किया गिरफ्तार

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** यातायात पुलिस के सरकारी कार्य मे बाधा डालने वाले कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का चालान कर अदालत भेजा गया।

थानाध्यक्ष बबराला नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण लगाने हेतु थाना बबराला पुलिस टीम उ.नि. अलकेश चन्द्र, केशव कुमार व उम्मेद अली द्वारा वांछित चल रहे आरोपी भुवनेश पुत्र राजेन्द्र शर्मा नि. ग्राम धनीपुर थाना जुनावई जनपद सम्भल नूरपुर तिराहा से गिरफ्तार किया गया आरोपी को न्यायालय चन्दौसी भेजा गया। थानाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार ने बताया कि 19 नबंवर. 2025 को थाना बबराला क्षेत्रान्तर्गत इन्द्रा चौक बबराला पर हे. का. विकास कुमार तैनाती यातायात पुलिस जनपद सम्भल यातायात व्यवस्था डयूटी पर थे। तभी एक इको गाडी चालक द्वारा इको गाडी को तेजी व लापवाही से चलाकर जान से मारने की नियत से टक्कर मार गाली गलौज कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए जान से मारने की धामकी दी थी। इस संबधा में उ.नि. दुष्यंत बालियान प्रभारी यातायात पुलिस जनपद सम्भल द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना हाजा पर धारा 281,352,121(1),132, 351(3),109(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।


सिरसी- चोरी में वांछित गिरफ्तार किया गए आरोपी।

# भाजपा छोड़ आसपा का थामा दामन

- आजाद समाज पार्टी का बढ़ता जा रहा कुनबा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आजाद समाज पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को पार्टी को उस समय और मजबूती मिली, जब तुर्तीपुर इलहा के वर्तमान प्रधाान ने भाजपा छोड़कर आजाद समाज पार्टी का दामन थाम लिया। प्रधान के साथ गुफरान ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दोनों नेताओं को पार्टी में शामिल कराते हुए जिलाध्यक्ष शहजाद खां ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और पार्टी की नीतियों एवं मिशन को विस्तार से बताया।

सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष शहजाद खां ने कहा कि आजाद समाज पार्टी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की आवाज उठाने के लिए प्रतिबद्व है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान राजनीतिक माहौल में आम लोगों की समस्याओं को अनदेखा किया जा रहा है, इसलिए जनता विकल्प की तलाश में है और आजाद समाज पार्टी तेजी से लोगों की उम्मीद बन रही है। इस मौके पर आने वाले 26 नवंबर को मुजफ्फरनगर में होने वाली बड़ी रैली का भी आहवान किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि रैली पार्टी की शक्ति और एकजुटता का परिचय देगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों से बड़ी संख्या में पहुँचकर रैली को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान ग्राम प्रधान दाऊद खान ने भाजपा पर हमला बोला और आजाद समाज पार्टी से प्रभावित होकर पार्टी ज्वाइन करने की बात कही है। कार्यक्रम में नए सदस्यों के जुड़ने को पार्टी के लिए ऊर्जा बढ़ाने वाला कदम बताया। उनका कहना था कि आने वाले समय में पार्टी का संगठन और मजबूत होकर जनहित की लड़ाई को तेज करेगा।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति डेटा अग्रसारित करने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना को लेकर बैठक में जिलाधिकारी ने शिक्षण संस्थानों को डेटा अग्रसारित करने के निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शिक्षण संस्थान के प्राचार्य एवं छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी के साथ मास्टर डाटा एवं छात्रवृत्ति आवदेन पत्र के अग्रसारण के संबंधा में बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने सभी शिक्षण संस्थानों को 28 नवंबर 2025 तक समस्त डाटा को अग्रसारित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# पिकअप व कोन रेस में अब्दुल्ला और सै. आरिश ने मारी बाज़ी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** वार्षिक स्पोर्ट्स मीट में बच्चों ने खेल प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य ने बच्चों को खेल भावना से खेलने को प्रेरित किया।

सेंट मरीज सीनियर सेकेन्डरी स्कूल में आयोजित खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ फादर जॉस मैथ्यू ने किया। प्रतियोगिताओं में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्राथमिक वर्ग में आयोजित सैक रेस, फॉग जंप, 200 मीटर रेस ने दर्शकों का मनोरंजन कर मेहनत, गति और खेल भावना का प्रदर्शन किया। स्पोर्ट्स मीट की सबसे रोमांचक प्रतियोगिता रीले रेस रही। जिसमें प्रतिभागी टीमों ने विरोधी टीमों को कड़ी टक्कर दी। बच्चों ने अपनी प्रतिभा, लगन और टीमवर्क के दम पर बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंत में विजयी खिलाड़ियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अब्दुला अली व आरीश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फादर जॉस मैथ्यू ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक विकास में सहायक होती हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीमवर्क की भावना भी मजबूत करती हैं। उन्होंने सभी विजेताओं को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य सिस्टर आरोकिया मेरी ने कहा कि समय समय पर इस तरह की प्रतियोगिताएं स्कूल में आयोजित होती रहती हैं। इससे बच्चों में खेलभावना जागृत होती है। लोगों को भी बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों को प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। बच्चे खेल में अपना भविष्य उज्जवल कर सकते हैं। इस दौरान डा. भावना सिंह, सय्यद कमर अली, इरम जहां, सय्यद मोहसिन अली, सय्यद अनवर अली, सय्यद अता अली व स्कूल का स्टाफ मौजूद रहे।



सम्भल- वार्षिक स्पोर्टस मीट में विजयी सम्मानित किए गए बच्चे।

## वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिरसी ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** थाना हजरत नगर गढ़ी पुलिस ने चोरी के माल सहित दो वांछितों को गिरफ्तार किया है। चौकी क्षेत्र के ग्राम मुकर्रबपुर निवासी मुस्तकीम पुत्र सय्यद जान की तहरीर के आधार पर आठ सितम्बर को रात्रि में तीन बकरी, चांदी की दो जोड़ी पायल आदि चोरी का मुकदमा पंजीकृत किया गया था। गत दिन थाना हजरत नगर गढ़ी पुलिस टीम ने वांछित आरोपी बालिस्टर पुत्र भूरे निवासी ग्राम मुकरबुपर व गुडडू पुत्र रामपाल कस्बा मौहल्ला गिन्नौरी निवासी को एक बकरी व बकरा व नकदी सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है। वांछित आरोपी को उपनिरीक्षक मौ. शाहि फैसल कां. रूचिन कुमार व कां. कामेन्द्र कुमार ने किया है।


सम्भल- एमजीएमपीजी कॉलेज में छात्राओं को जागरूक करते।

# शेरवुड की टीम ने एसएम को किया धाराशायी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** एसएम चिल्ड्रन एकेडमी और शेरवुड इंटरनेशनल स्कूल के बीच एक दिवसीय क्रिकेट कराया गया। 12 ओवर के इस मैच में विजयी टीम को मेडल देकर प्रोत्साहित किया।

चन्दौसी रोड स्थित स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच में दो स्कूल एसएम चिल्ड्रन एकेडमी और शेरवुड इंटरनेशनल स्कूल के बीच कराया गया। मैच की शुरूआत से पूर्व दोनों टीमों के कप्तान के सामने टॉस उछाला गया। टॉस शेरवुड इंटरनेशनल स्कूल के कप्तान ने जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। मैदान पर उतरीं दोनों टीमों में शेरवुड इंटरनेशनल स्कूल के गेंदबाजों ने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी से एसएम चिल्ड्रन एकेडमी की टीम 46 रनों पर सिमटकर रह गयी। जबकि मैदान पर उतरी शेरवुड इंटरनेशनल स्कूल की टीम ज़ोरदार बल्लेबाजी करते हुए चोकौं और छक्कों की बौछार करते हुए 7 विकेट खोकर मैच अपने नाम कर लिया। क्रिकेट मैच जीतने वाली टीम को उत्सव के बीच एसएम के सचिव शादाब आजम और प्रधानाचार्य रुचि शर्मा ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया, जबकि निदेशक मोहम्मद युनूस ने ट्रॉफी देकर विजेता टीम का हौंसला बढ़ाया।


सम्भल- क्रिकेट टीम म विजयी शेरवुड के बच्चों को सम्मानित करते।

# एसआईआर चौपाल में डीएम ने किया मतदाताओं का सत्यापन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) चौपाल का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। जबकि गणना प्रपत्रों का संग्रह और एएसडी मतदाताओं की बीएलओ से जानकारी ली।

असमोली विकास खंड के ग्राम बिलालपत में एसआईआर चौपाल के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने एसआईआर के कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान गणना प्रपत्रों के संग्रह तथा एएसडी मतदाताओं की बीएलओ से जानकारी ली। जबकि मतदाता सूची के तहत मतदाताओं के नाम का वाचन करते हुए सत्यापन किया। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने परिवार रजिस्टर का भी अवलोकन किया तथा खण्ड विकास अधिकारी को परिवार रजिस्टर को प्रमाणित कराया जाने के निर्देश दिए। जबकि संबंधित बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के दबाव में काम नहीं करना है, निष्पक्ष रूप से कार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा की मतदाता सूची का वाचन करते हुए सूची का सत्यापन किया जाए। इसके साथ मतदाताओं के निवास पर जाकर भी सत्यापन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने ग्राम ओबरी में एसआईआर चौपाल की तथा गणना प्रपत्रों के संग्रह की जानकारी ली और एएसडी मतदाताओं कीं जानकारी ली। डीएम ने गणना प्रपत्र फार्म को आधार से भी चेक करने और मतदाताओं के रंगीन फोटोग्राफ लगवाने के भी निर्देश दिए। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने सम्भल नगर पालिका के अन्तर्गत प्राचीन कुरुक्षेत्र तीर्थ का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज, डिप्टी कलैक्टर निधि पटेल, खण्ड विकास अधिकारी सम्भल/असमोली प्रेमपाल सिंह,खाण्ड शिक्षा अधिकारी असमोली आदि मौजूद रहे।

**सम्बंध-विच्छेद**

मैने अपने पुत्र अमीर अहमद व उसकी पत्नी शाहाना से उसके समाज विरोधी चाल चलन व आये दिन लड़ाई झगड़ों से तंग आकर मैने व मेरे परिवार ने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं,क्योंकि अमीर अहमद व उसकी पत्नी शाहाना मुझे व मेरे परिवार को झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देते रहते हैं। अब मेरा पुत्र अमीर अहमद व उसकी पत्नी शाहाना अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होंगे। मै व मेरा परिवार किसी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा।

**बतूल पत्नी वजीर**
नि. मौहल्ला नाला निकट वारसिया मस्जिद तह. व जिला सम्भल।

## नारी शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी धुरी

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** मिशन शक्ति अभियान फेज 05 के अंतर्गत सशक्त नारी, समृद्व प्रदेश, एंटी रोमियो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एमजीएम पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में एंटी रोमियो प्रभारी उपनिरीक्षक सुधीर कुमार ने मिशन शक्ति महिला बीट प्रणाली और नारी शक्ति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होने कहा कि नारी शक्ति को ही राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी धुरी माना जाता है। इसलिए जब हर बेटी, हर माता सुरक्षित आत्म निर्भर, सशक्त, स्वावलंबी होगी तो देश का हर सपना पूरा होगा और भारत की गिनती एक श्रेष्ठ राष्ट्रों में होगी। इस कार्यक्रम में शिवांगी, कनक, सपना सागर, प्रदीप यादव, नेहा ,शिवानी, वंशिका कुमारी आदि छात्र छात्राओं ने भाग लिया। डा. विजय लक्ष्मी शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा यदि किसी छात्र को ऐसी कोई समस्या होती है तो एंटी रोमियो टीम महाविद्यालय की शिक्षिकाएं एवं 1090 की मदर एंजिल का पूर्ण सहयोग उन्हें प्राप्त होगा।

# मानसरोवर कॉलोनी में इलेक्ट्रीशियन ने अपने साथियों के साथ मिलकर निर्यातक के घर की थी लूटपाट

## मझोला थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित तीन बदमाशों को मुठभेड़ में किया गिरफ्तार, लूटा गया माल पुलिस ने किया बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर की पॉश मानसरोवर कॉलोनी में निर्यातक के घर हुई बड़ी लूट के मुख्य आरोपी सहित तीन बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में दबोच लिया, पुलिस मुठभेड़ में मुख्य आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार को एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइंस में प्रेस वार्ता कर निर्यातक अरविंद बडेरा के घर हुई लूट की घटना का खुलासा किया। थाना मझोला पुलिस हर्बल पार्क के पास गागन नदी, दिल्ली रोड पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कार को रुकने का इशारा पुलिस ने किया, लेकिन कार सवार तेजी से वाहन मोड़कर भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा किया और गागन पटरी रोड पर घेराबंदी की। खुद को घिरता देख कार में बैठे बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिससे मुख्य आरोपी नरेन्द्र सिंह के पैर में गोली लग गई। उसे गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।पुलिस ने कार में मौजूद दो अन्य बदमाश मनोज उर्फ संजू और सोनू को भी मौके से दबोच लिया। कार की तलाशी में तीनों के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, जिंदा व खोखा कारतूस, एक लोहे की रॉड, स्विफ्ट डिजायर कार, एक डीवीआर सीपीप्लस मय कंडक्टर और चोरी की गई करीब 4.280





किलो चांदी के वर्तन व मूर्तियाँ बरामद हुईं। बरामद सामान में छह निलास, एक जग, थाल, ट्रे, कछुआ, छोटा कलश, लोटा, शेषनाग, कार्तिकेय, गणेश व नंदी की मूर्तियाँ, पूजा चौकी, छत्र और कलश का स्टैंड शामिल है।पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार बदमाशों ने खुलासा किया कि तीनों ने 19/20 नवंबर की रात मानसरोवर कॉलोनी निर्यातक अरविंद बडेरा के घर में चोरी की नीयत से प्रवेश किया था। चौकीदार द्वारा रोकने पर उसे बेरहमी से पीटकर गंभीर रूप से घायल किया और एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद मकान में बने मंदिर से चांदी की मूर्तियाँ व पूजा सामान तथा अलमारी तोड़कर चांदी के वर्तन लूट लिए। हम लोग घर में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी साथ ले गए। बदमाश चोरी किए गए माल को बेचने के लिए ही कार से निकले थे, तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।मुख्य आरोपी नरेन्द्र ने पुलिस को बताया कि वह इलेक्ट्रिशियन है और इस कोठी में कई बार काम कर चुका है, जिससे उसे घर के अंदर का पूरा ज्ञान था। इसी कारण वारदात को अंजाम देने में उन्हें आसानी हुई। मानसरोवर कॉलोनी में निर्यातक के घर हुई इस लूट की घटना का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा 10000 रुपये का इनाम दिए जाने की भी घोषणा की गई है।

# आईएफटीएम में कार्यशाला का हुआ आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी (एसबीटी) एवं आईएफटीएम बिजनेस इन्क्यूबेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में "स्पेक्ट्रोफोटोमीटर द्वारा अणुओं का मात्रात्मक निर्धारण" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस कार्यशाला में सोमिक्स लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड, बरेली के शोध वैज्ञानिक डॉ. अजय प्रताप सिंह एमिनेंट स्पीकर रहे। कार्यशाला के दौरान एमिनेंट स्पीकर डॉ. सिंह ने स्पेक्ट्रोफोटोमीटर की कार्यप्रणाली, जैव-अणुओं के मात्रात्मक विश्लेषण की प्रक्रिया तथा उपकरण संचालन की तकनीक पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने प्रत्यक्ष प्रदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों को नमूना तैयारी, क्यूवेट संचालन और आँकड़ों की व्याख्या करना भी सिखाया।

वहीं कार्यशाला के संयोजक व बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. स्वप्न कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए प्रयोगशाला दक्षता और कौशल-विकास में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. उत्कर्ष त्यागी ने कहा कि एसबीटी द्वारा उद्योग और शिक्षा संस्थानों के सहयोग से आयोजित कराए जाने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो रहा है। डॉ. त्यागी ने यह भी बताया कि इस कार्यशाला में 100 से अधिक स्नातक, परास्नातक और शोधार्थी उपस्थित रहे।

# पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित हुई निबंध प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, नगलिया जट्ट में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में षनिबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताष का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक बिलारी के 06 विद्यालय क्रमश: पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट बिलारी, आर. पी. विद्या मंदिर इंटर कालेज स्यौंडारा, कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज अमरपुर काशी ,शंकर सहाय हर सहाय कन्या इंटर कॉलेज बिलारी, डॉक्टर देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बिलारी तथा रामरतन इंटर कॉलेज बिलारी के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें से निबंध प्रतियोगिता में कुमारी निधि पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट की प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कुमारी हर्षिता यादव डॉक्टर देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बिलारी की छात्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अलीशा, शंकर सहाय हर सहाय कन्या इंटर कॉलेज बिलारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं दूसरी ओर चित्रकला प्रतियोगिता में कुमारी शिखा दत्त डॉक्टर देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बिलारी से प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# कुन्दरकी में बनेगा आधुनिक खेल मैदान विधायक रामवीर ने किया शिलान्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** जेएलएम इंटर कॉलेज के निकट शुक्रवार को कुन्दरकी नगर में आधुनिक खेल मैदान निर्माण कार्य का शुभारंभ विधिवत हवन-पूजन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि विधायक रामवीर सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आधारशिला रखकर निर्माण कार्य की शुरुआत की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनता, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। विधायक रामवीर सिंह ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, ऊर्जा और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने बताया कि इस मैदान को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे स्थानीय युवाओं को फुटबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेलों के लिए उपयुक्त माहौल मिलेगा। मैदान परिसर में फलदार और छायादार पौधों का रोपण भी किया जाएगा, ताकि यह क्षेत्र स्वास्थ्य, योग और खेल गति. विधियों का प्रमुख केंद्र बन सके। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि गांव-गांव में बेहतर खेल सुविधाएँ उपलब्ध हों, ताकि प्रतिभाशाली युवाओं को मंच मिले और वे राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रदर्शन दिखा सकें। इस पहल को क्षेत्र के बच्चों और युवाओं के लिए बड़ा उपहार बताते हुए लोगों ने विधायक का आभार जताया। शिलान्यास समारोह में कुन्दरकी चेयरमैन पति मेहंदी हसन समाजसेवी हशमतष राजा अरविंद ठाकुर, नसीम खान, देव सैनी, पंकज शर्मा, इरशाद खान, शोएब खान, रजा खान और सभासद नजीर अहमद समेत कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

# जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** चीनी मिल बिलारी द्वारा एक सप्ताह के अन्दर पेराई सत्र 2024-25 का अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान कृषकों को किया जाये। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जनपद-मुरादाबाद एवं बाह्य जनपदों की ऐसी चीनी मिलें जिनके द्वारा जनपद-मुरादाबाद से गन्ना खरीद की जाती है, उनके यूनिट हेड/अध्यासियों, जिला गन्ना अधिकारी, मुरादाबाद एवं सहायक चीनी आयुक्त, के साथ सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था, निर्बाध गन्ना खरीद तथा पेराई सत्र 2024-25 के अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी द्वारा कृषक संगठनों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गयी गन्ना कृषकों से सम्बन्धित समस्याओं से अवगत कराते हुए गन्ना कृषकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि चीनी मिलों द्वारा प्रतिदिन प्रत्येक गन्ना क्रय केन्द्र पर प्रात: 08 बजे से सायं 05 बजे तक गन्ना खरीद का कार्य कराया जाये तथा क्रय केन्द्रों पर तौल लिपिक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। घटतौली को शिकायतों के निराकरण हेतु क्रय केन्द्रों पर मानक अनुरूप 05 कुन्तल के बॉट रखे जाये तथा प्रतिदिन गन्ना क्रय केन्द्र से गन्ना उठान किया जाये, ताकि गन्ने का प्लॉट से उठान न होने पर आगामी दिवस में तौल कार्य प्रभावित न हो सके। गन्ना क्रय केन्द्रों पर घटतौली आदि की शिकायतें प्राप्त न हो, जिसके लिए गन्ना निरीक्षक एवं सहायक चीनी आयुक्त, मुरादाबाद को लगातार निरीक्षण करने तथा इस प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त होने पर चीनी मिल प्रबंधन के विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने गन्ना ढुलाई में प्रयुक्त वाहनों में ओवरहाईट न किये जाने तथा इस सम्बन्ध में गन्ना कृषकों को भी चीनी मिलों के स्तर से वाहनों की ऊंचाई के अनुसार गन्ना ढुलाई करने हेतु प्रेरित किये जाने तथा प्रत्येक गन्ना ढुलाई वाहन में रिफ्लेक्टर युक्त लाल रंग का कपड़ा जो चारो कोनो से बंधा हो, वाहन के पिछले हिस्से में प्रत्येक दशा में लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि कोहरे के दौरान दूर से ही वाहन दिखाई दे। सर्दी के मौसम में बचाव हेतु कृषकों को मूलभूत सुविधा यथा अलाव, किसान विश्राम शेड तथा शौचालय की समुि. चत व्यवस्था करने तथा गन्ना वेरायटी से सम्बन्धित शिकायतों को तत्काल निस्तारित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने पेराई सत्र 2024-25 के अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान के सम्बन्ध में चीनी मिल बिलारी के महाप्रबंधक(गन्ना) को निर्देशित किया कि चीनी मिल प्रत्येक दशा में 01 सप्ताह के अन्दर पेराई सत्र 2024-25 का अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान अनिवार्य रूप से कृषकों को किया जाना सुनिश्चित करेगी तथा अन्य चीनी मिलों के उपस्थित प्रति. निधियों को पेराई सत्र 2025-26 का गन्ना मूल्य भुगतान प्रारम्भ किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।बैठक में जिला गन्ना अधिकारी श्री राम किशन, सहायक चीनी आयुक्त श्री सालोक पटेल, चीनी मिल अगवानपुर, बिलारी, बेलवाड़ा, रानीनांगल एवं वाह्य जनपदों की चीनी मिल असमौली, स्योहारा एवं मिलक नरायनपुर के महाप्रबंधक (गन्ना) उपस्थित रहे।

# नगर विधायक ने एसआईआर को लेकर, कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने का किया आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर विधायक रितेश गुप्ता ने शुक्रवार को गांधी नगर स्थित कार्यालय पर एसआईआर एसआईआर) अभियान को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वह चलाए जा रहे एसआईआर कार्य में पूर्ण समर्पण, अनुशासन और समयबद्धता के साथ जुटें, ताकि अभियान के लक्ष्य समय पर पूरे किए जा सकें।रितेश गुप्ता ने कहा कि बूथ संगठन भाजपा की ताकत है और "मेरा बूथ, सबसे मजबूत" का संकल्प हर कार्यकर्ता का दायित्व होना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि बूथ स्तर पर अधिक सक्रियता और पारदर्शिता से न केवल संगठन मजबूत होता है, बल्कि यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल हो। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का सुदृढ़ीकरण संगठनात्मक मजबूती का मूल आधार है और इस दिशा में सभी को मिलकर काम करना होगा।इस अवसर पर महानगर प्रभारी मोहन लाल सैनी ने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को मजबूत करना आगामी चुनावों में भाजपा को निर्णायक बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन की सफलता



सामूहिक प्रयासों पर आधारित है, इसलिए कार्यकर्ताओं में बेहतर तालमेल आवश्यक है।नगर विधायक के मीडिया प्रभारी विपिन गुप्ता ने बताया कि विधायक रितेश गुप्ता लगातार जनता के बीच जाकर समस्याओं का समाधान करते हैं और इसी कारण कार्यकर्ताओं का मनोबल भी लगातार बढ़ रहा है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सम्मी भटनागर, दीपक बाबू , हेमराज सैनी, देशरत्न कत्याल, कविता गुप्ता, मुकुल बंसल, प्रभात सक्सेना, विद्या शरण शर्मा सहित अन्य पार्षद और भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे। बैठक के दौरान सभी ने आगामी अभियानों में बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया।

# स्योहारा चीनी मिल ने भेजा 15 नवम्बर तक का गन्ना भुगतान

**कांठ( शाह टाइम्स )।** गन्ना भुगतान में अग्रणी रहने वाली स्योहारा चीनी मिल ने इस सत्र का 15 नवंबर तक का 33.06 करोड रुपए का गन्ना भुगतान भेज दिया है।

उक्त जानकारी मिल द्वारा जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई बताया गया की 7 नवंबर से गन्ना सत्र का शुभारंभ हुआ 6 नवंबर से गन्ना क्रय केंद्रों पर खरीद शुरू की गई तथा 7 नबम्बर से मिल गेट पर गन्ना खरीद शुरू हुई चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह के मुताबिक 6 नवंबर से 15 नवंबर तक की गन्ना खरीद के सापेक्ष चीनी मिल द्वारा 10 दिन का 33.0 6 करोड़ का भुगतान भेज दिया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगे भी किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान अति शीघ्र भेजा जाता रहेगा। उपाध्यक्ष गन्ना प्रमोद कुमार ने किसानों से कहा कि मिल गेट एवं क्रय केंद्र पर साफ सुथरा स्वच्छ गन्ना आपूर्ति करें तथा समिति पर्ची आने के उपरांत ही गन्ने की छिलाई करें उन्होंने किसानों से गन्ना सत्र के संचालन में सहयोग किया जाने का आवाहन भी किया है।

# हिस्ट्रीशीटर आसिफ-दीनू मुठभेड़ मामले में एसएसपी को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में हाल ही में प्रॉपर्टी डीलर से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने वाले हिस्ट्रीशीटर बदमाश आसिफ और उसके साथी दीनू के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सम्मानित किया। मुठभेड़ के जरिए पुलिस टीम ने दोनों बदमाशों को ठेर कर शहर में व्याप्त भय और तनाव को समाप्त किया था, जिसके बाद जनपद में पुलिस की सक्रियता और निष्पक्ष कार्रवाई की व्यापक सराहना हो रही है।सबसे पहले राष्ट्रीय भगत सिंह संगठन ने एसएसपी सतपाल अंतिल को स्मृति चिन्ह, पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आपराधिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई करने में एसएसपी का योगदान अतुलनीय है। संगठन ने पुलिस टीम की तत्परता को जनसुरक्षा के लिए मजबूत कदम बताया।इसके बाद धार्मिक संगठन के प्रतिनिधियों ने भी एसएसपी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रंगदारी मांगने जैसी घटनाएं समाज में डर का माहौल बनाती हैं, लेकिन तेजतर्रार कार्रवाई ने न सिर्फ अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया बल्कि जनता में सुरक्षा की भावना भी



मजबूत की है। संगठन ने पुलिस की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए इसे 'कानून के राज की स्थापना' की दिशा में बड़ा कदम बताया।इसी क्रम में अखिल भारतीय प्रधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी एसएसपी सतपाल अंतिल को स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जिले में अपराध नियंत्रण और त्वरित पुलिस कार्रवाई से ग्रामीण क्षेत्रों में भी कानून-व्यवस्था को लेकर भरोसा बढ़ा है। संगठन ने एसएसपी की नेतृत्व क्षमता को सराहते हुए कहा कि उनकी टीम ने अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास पैदा करने का कार्य किया है।सम्मान प्राप्त करते हुए एसएसपी सतपाल अंतिल ने कहा कि यह सम्मान संपूर्ण मुरादाबाद पुलिस के परिश्रम का प्रतीक है। अपराध और अपराधियों के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने सभी संगठनों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए जनसहयोग को प्रभावी पुलिसिंग की सबसे बड़ी ताकत बताया।

## रास्ते से हटने को कहने पर लड़की को मारपीट कर किया घायल

**कांठ ( शाह टाइम्स )** दबंगों ने रास्ते से हटने को कहने पर लड़की को मारपीट कर घायल कर दिया घायल की मां की तहरीर पर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है मिश्रीपुर गांव निवासी कविता पत्नी राजेंद्र का कहना है कि 19 नवंबर को शाम के वक्त उसकी बेटी घर जा रही थी रास्ते में नन्हे व अन्य लोग खड़े थे उसकी लड़के ने उन्हें रास्ते से हटने को कहा तो नन्हे ने गुस्सा होकर पुत्री के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी, गाली गलौज करने लगा शोर सुनकर वह बचाने आई तो सचिन अभिषेक शिवम ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया इस झगड़े में उसके गले में पहना ओम भी कहीं गिर गया। अन्य लोग मौके पर आए तो यह लोग जान से मारने की धमकी देने लगे और चले गए पीड़िता थाने पहुंची और उसने पूरा घटनाक्रम पुलिस को बताया पुलिस ने घायल की मां कविता की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

**कार्यालय नगर पंचायत काँठ, जनपद- मुरादाबाद**

**पत्रांक:** 619 / कोटेशन आंमत्रण, गोबर नीलामी/न0प0कांठ/2025 **दिनाँक :** 21.11.2025

**कोटेशन के माध्यम से दर आमंत्रण सूचना/गोबर नीलामी सूचना**

| क्र.सं. | कार्य का विवरण |
|---|---|
| 1. | सर्वसाधारण, समस्त अधिकृत सप्लायर्स / पंजीकृत फर्मो/ ठेकेदारों आदि से आगामी शीत ऋतु वर्ष 2025- 26 के दृष्टिगत नगर पंचायत कॉठ में सार्वजनिक स्थानों एंव गौशाला में अलाव जलाने हेतु सूखी लकडी/सोख्ता की आपूर्ति हेतु प्रति कुन्तल दरों का आमंत्रण दिनांक 29.11.2025 समय 02:00 बजे दोपहर तक किया जाता है। प्राप्त कोटशनों को दिनांक 29.11.2025 को समय 03:00 बजे दोपहर अध्यक्ष नगर पंचायत कॉठ जनपद मुरादाबाद द्वारा कार्यालय नगर पंचायत कॉठ मुरादाबाद में खोला जायेगा। इच्छुक अधिकृत सप्लायर्स/फर्म / ठेकेदार आदि कोटेशन के माध्यम से अपनी दरें प्रस्तुत कर सकते हैं। किसी भी कोटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा जिसे किसी भी दशा में चुनौती नहीं दी जा सकती है। |
| 2. | सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत काँठ जनपद मुरादाबाद की ग्राम गोविन्दपुर ज्ञानपुर अवस्थित कान्हा गौशाला में एकत्र गोबर की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 29.11.2025 को दोपहर 02:00 बजे ग्राम गोविन्दपुर ज्ञानपुर अवस्थित कान्हा गौशाला में की जायेगी। इन्छुक व्यक्ति/ठेकेदार/फर्म नियत समय एंव स्थान पर पहुंचकर गोबर की सार्वजनिक नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है। अन्य नियम व शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। |

**( रामेश्वर दयाल )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कॉठ, मुरादाबाद।**

**( इकबाल आलम )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कॉठ, मुरादाबाद।**

**पब्लिक नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने दत्तक पुत्र नितिल उम्र 27 वर्ष पुत्र अशोक कुमार व उसकी पत्नी श्रीमती ज्योति उम्र लगभग 25 वर्ष पत्नी नितिल निवासीगण स्योहोरा गोविन्द आशिंक मुरादाबाद, हाल निवासी बृजधाम कालोनी एस.एन.डी. स्कूल गली नं0-1, मुरादाबाद से सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। हमारा दत्तक पुत्र नितिल व उसकी पत्नी श्रीमती ज्योति हमारे कहने में नहीं है और गलत संगत में पड़ गये हैं। हमने उन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से वंचित कर दिया है। उनके किसी भी लेन देन व भले-बुरे कृत्य का हम व हमारा परिवार उत्तरदायी नहीं होगा। अशोक कुमार पुत्र वीरेन्द्र सिंह व श्रीमती उषा रानी पत्नी अशोक कुमार निवासीगण स्योहोरा गोविन्द आशिंकमुरादाबाद, हाल निवासी गण वृजधाम कालोनी एस.एन.डी. स्कूल गली नं.-1, मुरादाबाद, 8273432806

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा पुराना नाम WASEEM AHMAD है अब मैने अपना बदलकर नया नाम **WASEEM AHAMAD** रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। वसीम अहमद पुत्र स्व. जमीर अहमद निवासी मौहल्ला मियाजी मोखा कस्बा व परगना अफजलगढ़ तहसील धामपुर जनपद बिजनौर।

इत्तिलानामा बनाम रेस्पाडेन्ट इत्तिला तारीख के जो समाअत अपील के लिए मुकर्रर की जाये

**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज कोर्ट नम्बर-7, महोदय, जिला मुरादाबाद।**

**सिविल अपील संख्या:** 344/2024

**तारीख पेशी:** 28.11.2025

**श्रीमती राम मूर्ति देवी बनाम लेखराज आदि।**

बनामजी निर्णय/डिक्री अदालत अपर सिविल जज (सी0 डि0) न्यू कोर्ट संख्या-02 मुकाम, मुरादाबाद अपील वजरिया: 16 माह 10 सन् 24 व मुकदमा नं0: 319 सन् 2002

**बनाम**

1. लेखराज पुत्र प्यारे लाल, 2. श्रीमति अंजू सिंह पत्नी श्री प्रकाश सिंह तोमर निवासीगण मौहल्ला देहरी गांव कटघर परगना व जिला मुरादाबाद, 3. श्रीमति उर्मिला देवी पत्नी श्री महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम देहरी रामपुर रोड जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**

मुत्तिला ही अपील वनरजी डिग्री मुकदमा मुन्दरजा वादे पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और अदालत ने तारीख 28 माह 11 सन् 2025 समाअत इस अपील के मुकर्रर की है अगर खुद आप या आपका वकील या कोई शख्स जो कानून आक्की तरफ से अपील हाजा में जबाव व सवाल करने का मजाक हाजिरन आयेगा तो उसको समाआत और तनवीज आपकी गैरहाजिरी में की जायेगी। आज व तारीख 21 माह 11 सन् 2025 ई0 मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत से जारी किया।

**वाद लिपिक**
**न्यायालय अपर जिला जज कोर्ट नम्बर-7, मुरादाबाद।**

# राज्य सेतु निगम ने कांठ में फ्लाई ओवर निर्माण की भूमि अधिग्रहण को लेकर मांगी तहसील प्रशासन से जानकारी

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** जिला अधिकारी द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर वित्तीय वर्ष 2025- 26 की कार्य योजना में रेलवे लाइन पर फ्लाई ओवर बनाने के कार्य को शामिल किया गया है राज्य सेतु निगम ने तहसील प्रशासन को पत्र भेज कर फ्लाईओवर निर्माण में आने वाली भूमि का अधिग्रहण करने के लिए किसानों की भूमि का क्षेत्रफल और मूल्यांकन सूची मांगी है।

कांठ में रेलवे लाइन पर फ्लाई ओवर बनाने की मांग काफी पुरानी हो चुकी है पूर्व सांसदों द्वारा भी इस संबंध में कई बार लिख कर दिया गया इस फ्लाईओवर के निर्माण को लेकर कई बार बजट पास होने आदि की जानकारी भी हुई लेकिन फ्लाई ओवर का निर्माण अभी तक नहीं हो पाया। जिला अधिकारी द्वारा भेजे गए पत्र पर संज्ञान लेते हुए फ्लाईओवर निर्माण की योजना को वित्तीय वर्ष 2025- 26 में सम्मिलित किया गया है राज्य सेतु निगम द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि विधानसभा क्षेत्र कांठ के अंतर्गत मुरादाबाद कांठ मार्ग के मुरादाबाद सहारनपुर रेल सेक्शन की लोकेशन 1426/ 15-17 की संपर्क संख्या 432 बी पर रेल उपगामी सेतु का निर्माण योजना में सम्मिलित है मुख्यालय से मिले निर्देशों के क्रम में इस फ्लाईओवर का एस्टीमेट तैयार किया जाना प्रस्तावित है।

जिसके लिए प्रस्तावित स्थल पर भूमि अधिग्रहण की जानी है भेजे गए पत्र में बताया गया कि प्रस्तावित स्थल से 40 मीटर चौड़ाई में रेलवे ट्रैक की सेंटर लाइन से 500 मी दाएं एवं 500 मी बाए आने वाली किसानों की भूमि का क्षेत्रफल एवं मूल्यांकन सूची तहसील प्रशासन उपलब्ध कराए जिससे सेतू के निर्माण में आने वाले खर्च का बजट तैयार करके स्वीकृति हेतु मुख्यालय को प्रेषित किया जा सके। पत्र मिलने के बाद संबंधित विभाग के अधिकारी तहसील पहुंचे एसडीएम ने उन्हें लेखपाल उपलब्ध कराकर काश्तकारों की सूची और क्षेत्रफल उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया है।

## दंपति पर हमला, आठ माह की मासूम को छीन ले जाने और आरोपियों पर दो लाख की फिरौती की मांगने का आरोप

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम फौलादपुर में एक दंपति पर हमला कर उनकी आठ माह की बच्ची को छीन ले जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाना ठाकुरद्वारा में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता निवासी फौलादपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति बेंगलुरु में रहकर मेहनत-मजदूरी करता है। उसके पति के बाहर रहने का फायदा उठाकर गांव के ही युवक रखता है और अशोभनीय टिप्पणी की जा रही थी। पीड़िता ने यह बात अपने पति को बताई, जिसके बाद उसका पति उसे साथ लेकर बेंगलुरु जाने लगा। तहरीर के अनुसार, घटना 21 नवंबर 2025 दोपहर लगभग 12 बजे की है। पीड़िता अपने पति के साथ रिक्शे से बस स्टैंड की ओर जा रही थी। जब वे चमरपुरा पुल के पास पहुँचे, तभी आरोपी नन्हें अपने साथी उमर व अली के साथ वहाँ पहुँच गया और दंपति पर हमला कर दिया।

पीड़िता के अनुसार, आरोपियों ने उसके बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया, कपड़े फाड़ दिए और अश्लील हरकतें कीं। आरोपियों ने उसके पति तौसीफ के साथ भी मारपीट की और उनके कपड़े फाड़ दिए। राहगीरों ने बीच-बचाव कर दंपति की जान बचाई। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि जाते-जाते आरोपी पीड़िता के बैग से 20,000 रुपये नकद और चार सोने के आभूषण लूटकर ले गए। साथ ही, उन्होंने उसकी 8 माह की बच्ची को भी छीन लिया और धमकी दी कि "बच्ची को वापस चाहिए तो दो लाख रुपये लाने होंगे, वरना उसे मार देंगे। पीड़ित दंपति को आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## एसडीएम ने एसआईआर को लेकर बुलाई बैठक



**कांठ ( शाह टाइम्स )** एसडीएम संत दास पवार ने आज एस आई आर फॉर्म भरे जाने के संबंध में समाजवादी पार्टी के बीएलए की बैठक बुलाई। तहसील सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने एस आई आर के बारे में विस्तृत जानकारी दी जिला महासचिव फुरकान अली ने कहा कि बीएलओ फार्म प्राप्त करके रिसीव नहीं दे रहे हैं इसके अलावा भी बी एल ए ने ईस कार्य में आ रही कई तरह की परेशानियां को लेकर एसडीएम के सामने रखा। एसडीएम ने कहा कि सभी लोग अपने-अपने स्तर से बीएलओ के साथ रहकर फॉर्म भरवाने में सहयोग करें जिससे समय रहते सभी का वोट बन जाए। नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी ने कहा कि एसडीएम द्वारा बुलाई गई बैठक एक सराहनीय कदम है।

उन्होंने एसडीएम के अनावश्यक रूप से किसी का वोट ना काटे जाने के भरोसे पर उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव अरशद फुरकान हरपाल सिंह आरिफ मलिक अमजद अली मास्टर नासिर सुरेश यादव नासिर कमाल उम्मीद चौधरी हरपाल सिंह चौहान राशिद सैफी माजिद अली जुनेद चौधरी अंजार अली सकलेन चौधरी फरहान अंसारी रफी अंसारी मोनीष और कांठ विधान सभा के सभी बीएल ए मौजूद रहे।

## एसआईआरः सपा महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में लगा कैंप

### विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में मतदाताओं का कर रहे सहयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी के नेतृत्व में एसआईआर 2026 के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में मतदाताओं का फॉर्म भरने में सहयोग कर रहे हैं जिससे कि समय रहते मतदाता अपना एस आई आर फॉर्म जमा कर सके। गौरतलाप है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण की कार्यवाही चल रही है, जिसमें बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर मतदाता को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराने के साथ ही मतदाताओं द्वारा भरे हुए गणना प्रपत्र प्राप्त किए जा रहे है। लेकिन लोगों को फॉर्म भरकर जमा करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लोगों की मदद करने के लिए सपा माहनगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी के नेतृत्व में कैंप लगाकर लोगों की मदद की जा रही है। इस कार्य को स्वयं इकबाल अंसारी देख रहे हैं सभी लोग मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म भरने में उनकी मदद कर रहे हैं और जो मतदाता अपना नाम



2003 की सूची में नहीं ढूंढ़ पा रहे हैं वह उनके भूत की लिस्ट डाउनलोड कर उनके परिवार के सदस्यों की डिटेल भी तलाश कर रहे हैं जिससे कि सही तरीके से फार्म जमा हो जाए और उनका फॉर्म निरस्त न हो । सबसे खास बात है यह है कि जहां एक और मतदाता एसआईआर फॉर्म भरने को लेकर भटक रहे हैं वहीं इकबाल अंसारी और उनके कार्यकर्ता इस कार्य में मदद कर रहे हैं।

## फार्मास्युटिकल प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और उद्यमिता में हालिया प्रगति शीर्षक पर एक सप्ताह का फैकल्टी डेवेलपमेन्ट प्रोग्राम (एफडीपी) सफलतापूर्वक हुआ सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को उन्नत करने और शिक्षकों को वर्तमान उद्योग प्रवृत्तियों से अवगत कराने के उद्देश्य से "फार्मास्युटिकल प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और उद्यमिता में हालिया प्रगति" विषय पर एक सप्ताह के फैकल्टी डेवेलपमेन्ट प्रोग्राम समापन का सफलतापूर्वक हो गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल समापन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अध्यक्ष व फार्मेसी संकाय के डीन डॉ. नवनीत वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए इस फैकल्टी डेवेलपमेन्ट प्रोग्राम के सभी सत्रों की रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ. वर्मा ने कहा कि 11 नवंबर से 17 नवंबर 2025 तक आयोजित हुए इस फैकल्टी डेवेलपमेन्ट प्रोग्राम को मुख्य रूप से शिक्षकों के लिए डिजाइन किया गया था, ताकि वे फार्मास्युटिकल क्षेत्र में हो रहे नए तकनीकी विकास, अनुसंधान पद्धतियों और उद्यमिता के अवसरों के बारे में अपना ज्ञान और कौशल बढ़ा सकें। उन्होंने बताया कि भारत में अब नवाचार-संचालित फार्मा उद्योग को बढ़ावा देने पर ध्यान दिया जा रहा है, जिसके लिए सरकार उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना और फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और विकास एवं नवाचार पर राष्ट्रीय नीति जैसी पहल चला रही है। इसका उद्देश्य केवल सस्ती जेनेरिक दवाएं बनाना ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर मूल्य-आधारित और नवीन उत्पादों का निर्माण करना है। इस मौके पर फार्मेसी संकाय के डीन डॉ. वर्मा ने समस्त वक्ताओं को विश्वविद्यालय की ओर से प्रतीक-चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजन सचिव व रिसर्च एंड डेवलपमेंट के डीन डॉ. सुशील कुमार ने सभी वक्ताओं और शिक्षकों को बेहतर भविष्य के निर्माण में शिक्षा की महत्ता बताते हुए कहा कि इस एफडीपी का एक प्रमुख भाग 'उद्यमिता' भी रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. मुनीश मणि, डॉ. प्रशांत उपाध्याय, डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. अलंकार श्रीवास्तव, श्री त्रिभुवन वशिष्ठ एवं सुश्री रितिका सक्सेना का विशेष योगदान रहा। अंत में कार्यक्रम के संयोजक व अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान 100 से अधिक फैकल्टी मेंबर्स ने प्रतिभाग किया।

## स्टालिन ने मूल भाषा संस्कृत का किया है अपमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने मूल भाषा ,आदिभाष, मूल ज्ञान संस्कृत को मरी हुई भाषा कहकर भारतीय संस्कृति के साथ साथ भाषाओं की जननी का भी अपमान किया है। स्टालिन शायद पढ़ें ही नहीं है कि तमिल भाषा जिसके लिए 1956मे राज्य भाषा का कानून बना । तमिलनाडु जिसका पूर्व नाम मद्रास था की मूल भाषा संस्कृत ही थी। संस्कृत समस्त भाषाओं की जननी है। हिंदी जगत के अनेकों विद्वान आर सी ट्रीनिच,डा मंगलदेव,जोन्स बोसन, प्रो मैक्समूलर आदि ने भाषाओं की जननी संस्कृत को ही माना हैं। उदाहरणार्थ – माता को संस्कृत में अम्ब, सेमिटिक में आमो,अम्मा,उम्म, तमिल में अम्मा,अम्माल,अप्पा कहा जाता है लेकिन मूल शब्द अम्ब ही है।। महाभारत से पूर्व सर्वत्र भारत के भू-भाग पर संस्कृत भाषा बोले जाने के साक्ष्य है। विगत दिनों राखीगढ मे मोहनजोदड़ो सभ्यता कालीन खुदाई में जो भाषा मिली वह संस्कृत की मूलता को सिद्ध करती है। भारत के समस्त प्राचीन शास्त्र , ग्रंथ संस्कृत भाषा में ही अंकित है। मैं स्टालिन के इस अपमानजनक ब्यान की कठोर शब्दों में निन्दा करता हूं और मांग करता हूं कि वह अपने इस ब्यान के लिये माफी मांगे।

रमेश सिंह आर्य एडवोकेट , जिला मंत्री आर्य समाज, मुरादाबाद।

## पुलिस ने गैरहाजिर आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** शुक्रवार को पुलिस ने लंबे समय से दुर्घटना के मुकदमे में अदालती कार्रवाई से गैरहाजिर चल रहे गांव इस्लामनगर रमपुरा निवासी जाने आलम को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। अदालत ने अभियुक्त के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी कर पुलिस को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के आदेश दिए थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि0/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित करते हैं।

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 01-Tele-UTS-MB-2024-25- इम्पलीमेशन ऑफ यूटीएस मोडराइजेशन फार टीयर 2/3/4 लोकेशन ओवर मुरादाबाद डीविजन | 43691205.22 | 368500.00 | निल | 19.12.2025 15:00 बजे |
| 2 | 01-Tele-PRS-MB-2024-25- इम्पलीमेशन ऑफ पीआरएस मोडराइजेशन फार टीयर 2/3/4 लोकेशन ओवर मुरादाबाद डीविजन | 45512831.04 | 377600.00 | निल | 19.12.2025 15:00 बजे |
| 3 | SNT-RT1-SIG-KGFYARD-Weigh सिगनलिंग अलट्रेशन एट केजीएफ स्टेशन फार ई. आई. एम. डब्लू. बी. | 8356781.27 | 167100.00 | निल | 19.12.2025 15:00 बजे |

नोटः- निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना- 01-Tele-UTS, PRS, KGFYARD-MB-2024-25 दि0:- 20.11.2025 3616/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय जिला पंचायत, सम्भल, बहजोई**

पत्रांक 1199 /जि.पं.स./नि.अनु./पं.रा.वि./2025-26 दिनांक 21/11/2025

**निविदा सूचना**

वर्ष 2025-26 के समस्त जिला पंचायतों में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला निधि, 15वाँ वित्त आयोग (टाईड-ड्रिकिंग) की संस्तुतियों के अन्तर्गत 54 कार्यों की सामान्य निविदाऐं दिनांक 16.12.2025 समय 03:00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत, सम्भल (निकट कनैटा रोड, बहजोई) में रखे टेण्डर बॉक्स में आमंत्रित की जाती हैं, जिनको दिनांक 17.12.2025 से निविदा समिति द्वारा खोला जायेगा, कार्यालय में निविदा शुल्क जमा करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र, दिनांक 05.12.2025 से दिनांक 15.12.2025 तक क्रय किये जा सकते हैं। समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत एवं बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी/मा. अध्यक्ष में निहित होगा। उक्त विज्ञप्ति एवं निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न होने वाले अभिलेखों/शर्तों का सम्पूर्ण विवरण किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अथवा पोर्टल http://sambhal.nic.in, पर देखा जा सकता है।

अभियन्ता
जिला पंचायत,सम्भल।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत,सम्भल

## फतेहउल्लागंज निवासी किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने लगाए हत्या के आरोप, रिपोर्ट दर्ज



**ठाकुरद्वारा।** शुक्रवार को कस्बा ठाकुरद्वारा के वार्ड-22 फतेहउल्ला गंज निवासी 16 वर्षीय सूरज सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने ग्राम फरीदनगर के कई व्यक्तियों पर रंजिशन गला घोंटकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली ठाकुरद्वारा में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन नामजद सहित पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक सूरज सिंह गुरुवार दोपहर लगभग 3 बजे अपनी मौसी के घर मोटरसाइकिल से ग्राम फरीदनगर गया था। कुछ देर बाद उसकी मां सुनीता को फोन पर जानकारी मिली कि सूरज का झगड़ा हो गया है और वह गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल ठाकुरद्वारा में भर्ती है। परिजन तत्काल अस्पताल पहुंचे, जहाँ सूरज की हालत नाजुक देखते हुए उसे पहले ज्ञटत् अस्पताल काशीपुर और वहाँ से रेफर कर के कॉसमॉस अस्पताल मुरादाबाद भेजा गया। उपचार के दौरान रात करीब 11 बजे उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते कलुआ, शेर सिंह पुत्र सोहनलाल, अर्जुन पुत्र दिनेश समेत दो अज्ञात व्यक्तियों ने सूरज को पकड़कर गला दबाया और शरीर के नाजुक अंगों पर गंभीर चोटें पहुंचाने का आरोप लगाया। आरोप है कि आरोपी सूरज को मरणासन्न हालत में छोड़कर फरार हो गए। मृतक के पिता रिंकू पुत्र राजकुमार ने कोतवाली ठाकुरद्वारा में दी तहरीर में आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्पष्ट पुष्टि हो सकेगी। क्षेत्र में घटना को लेकर तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर कार्रवाई न होने पर मुरादाबाद हाईवे जाम कर दिया और आरोपियो की गिरफ्तार को लेकर हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर उसके आधार कार्रवाई करने का आश्वास देकर जाम खुलवा दिया और शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने तक अंतिम संस्कार करने से साफ इंकार कर दिया।

## एक नजर

### ग्राम चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं




**ठाकुरद्वारा ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी द्वारा ग्राम पंचायत कमालपुरी खालसा विकास खण्ड ठाकुरद्वारा में आयोजित ग्राम चौपाल में प्रतिभाग किया गया। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा ग्राम चौपाल में उपस्थित ग्राम वासियों को शासन द्वारा संचालित योजनाएं जैसे- सामूहिक विवाह योजना, समस्त प्रकार की पेंशन, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, सुकन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा आदि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। ग्राम चौपाल में पेंशन, आयुष्मान कार्ड के संबंध में शिकायते प्राप्त हुई, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने इन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु प्रकरण संबंधित विभागों को उपलब्ध कराने के लिए खण्ड विकास अधिकारी ठाकुरद्वारा को निर्देश दिये। इसके साथ ही ग्राम में साफ-सफाई, टीकाकरण एवं फागिंग आदि कराए जाने के लिए भी खण्ड विकास अधिकारी निर्देशित किया।

### सेवा निवृत इंस्पेक्टर दिलावर सिंह की मृत्यु से शोक का माहौल

**कांठ( शाह टाइम्स)** काफी समय से बीमार चल रहे सेवा निवृत्त इंस्पेक्टर दिलावर सिंह बिश्नोई का इलाज के दौरान देहांत हो गया इसकी सूचना गांव आई तो शोक छा गया समाचार लिखे जाने तक उनका शब गांव नहीं पहुंचा था। महमूदपुर माफी निवासी सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर दिलावर सिंह बिश्नोई नौकरी से सेवा निवृत होने के उपरांत समाज सेवा से जुड़े थे उन्होंने भूड़ मंदिर निर्माण में अहम भूमिका निभाई और सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता निभाते रहे। कुछ माह से उनकी तबीयत बिगड़नी शुरू हो गई पिछले महीने उन्हें दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर 21 नवंबर को उनका देहांत हो गया। इसकी सूचना गांव पहुंची तो गांव के साथ-साथ बिश्नोई समाज में शोक की लहर दौड़ गई समाज के लोगों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की। समाचार लिखे जाने तक उनका शब गांव नहीं पहुंचा था।



### अपर जिला अधिकारी वित्त ने किया तहसील का निरीक्षण



**कांठ( शाह टाइम्स )** अपर जिलाधिकारी वित्त ने आज तहसील का निरीक्षण किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए उन्होंने तहसील स्तरीय अदालतो में फाइलों के रख रखाव एवं मुकदमों से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा उन्होंने अन्य मामलों को लेकर भी तहसीलदार और एसडीएम से मालूमात किया तहसील की सफाई व्यवस्था पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और अधिकारियों को शासन से आए निर्देशों का समय रहते अनुपालन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के मामले लंबित नहीं होने चाहिए कुल मिलाकर निरीक्षण पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और कुछ दिशा निर्देश भी दिए।

### विधान सभा 26 की जनता चाहती है परिवर्तनः इकबाल हुसैन

**भगतपुर।** विधानसभा 26 ठाकुरद्वारा से संभावित प्रत्याशी पूर्व ब्लॉक प्रमुख इकबाल हुसैन ने क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर अपने आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जिससे क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता पूर्व ब्लॉक प्रमुख भगतपुर टांडा एवं पूर्व रास्ट्रीय महासचिव समाजवादी पार्टी छात्र सभा, इकबाल हुसैन ने विधानसभा चुनाव लड़ने का मन बना लिया है जिसको लेकर गुरुवार को इकबाल हुसैन ने अपने दौलपुरी स्थित आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई अहम मुद्दों पर बातचीत की 26 विधानसभा ठाकुरद्वारा क्षेत्र में बेरोजगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा पर खुलकर बात की उन्होंने बताया कि जनता परिवर्तन चाहती है उन्होंने बताया कि अगर राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव ने उन्हें मौका दिया तो क्षेत्र में विकास की गंगा बहा देंगे और बेरोजगारी, स्वास्थ्य, और शिक्षा पर भरपूर ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने बताया विधानसभा 26 ठाकुरद्वारा शिक्षा, चिकित्सा, और बेरोजगारी में सबसे पिछड़ा हुआ क्षेत्र है अगर मैं विधायक बना तो सबसे पहले क्षेत्र में एजुकेशन हब बनाऊंगा विधानसभा के तीनों ब्लॉक भगतपुर, डिलारी, और ठाकुरद्वारा में अलग-अलग हायर सेकेंडरी स्कूल खोले जायेगे। यही नही किसानों की आय दोगुनी करने का वादा, गन्ना मूल्य बढबायेगें, धान की फसल का उचित दाम दिलवायेंगे विधानसभा क्षेत्र की हर समस्या का समाधान उनकी मुख्य प्राथमिकता होगी।



### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, पिता ने लिखाई नामजद रिपोर्ट

**बिलारी।** अजब सिंह सुजानपुर थाना सोनकपुर ने राजू पुत्र चंद्रपाल सिंह ग्राम डोहरी थाना बिलारी के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें कहा है बृहस्पतिवार की शाम मेरा पुत्र विवेक कुमार 33 वर्ष मुरादाबाद से प्ररम्परा ग्रुप (पीवीएन एल) से डयूटी करके अपने घर बाईक एच एफ डीलक्स से आ रहा था तभी नमैनी गद्दी में सोनालिका ट्रेक्टर ट्राली चालक राजू पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम डोहरी थाना बिलारी ट्रैक्टर ट्रैली को तेजी व लापरवाही से चला रहा था जैसे ही विवेक ने क्रास करने के लिए डिपर मारा तो ट्रैक्टर ट्राली चालक ने उसकी मोटरसाइकिल में कट मारकर टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर बेहोश होकर गिर गया पीछे से आते गांव के कुछ लोगों ने उसे उठाया और परिवार को सूचना दी और ट्रैक्टर चालक को पहचान लिया। ट्रैक्टर चालक मौके से ट्रैक्टर ट्राली को छोड़कर फरार हो गया। मैं अपने पुत्र को गांव वालों के साथ इलाज हेतु सीएचसी बिलारी लेकर गया जहां पर डक्टर ने प्रार्थी के पुत्र को इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया। गया मुरादाबाद के निजी अस्पताल में डक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद प्रार्थी अपने पुत्र विवेक कुमार को घर लेकर आ गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# द. अफ्रीका के खिलाफ बराबरी करने उतरेगा भारत

**● कोलकाता में चौकाने वाली हार के बाद इंडिया इस छोटी दो मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे है**

**गुवाहाटी, वार्ता।** गुवाहाटी, एक ऐसा शहर जिसने पहले कभी कोई टेस्ट होस्ट नहीं किया है, कल उस तरह के ड्रामा के साथ लाइमलाइट में आएगा जैसा सिर्फ टेस्ट क्रिकेट में ही हो सकता है। कोलकाता में चौंकाने वाली हार के बाद इंडिया, इस छोटी दो मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे है। दूसरी तरफ, दक्षिण अफ्रीका एक ऐसी टीम के कॉन्फिडेंट स्वैगर के साथ उतरेगी जो जानती है कि वह इतिहास रच सकती है। भारतीय जमीन पर 2-0 की जीत उनके हाथ में है, और यकीन मानिए, वे इसका स्वाद चख सकते हैं। टॉस, हमेशा की तरह, सब कुछ हो सकता है। इस नई विकेट पर पहले बैटिंग करना ज्यादा सेफ ऑप्शन लगता है( पिच से शुरू से ही इनकंसिस्टेंट बाउंस और काफी टर्न मिलने की उम्मीद है। भारत यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल को भेजेगा, उम्मीद है कि वे नई बॉल के तूफान का सामना कर पाएंगे और पहले कुछ मुश्किल ओवर निकाल लेंगे। )षभ पंत पर नजर रखें, अगर वह जल्दी आ गए, तो इनिग्स का पूरा पासा ही बदल जाएगा। वह अपने हिम्मत वाले स्ट्रोक्स से मोमेंटम बदल सकता है या जरूरत के हिसाब से हिम्मत से उसे बनाए रख सकता है। बरसापारा स्पिनरों के लिए स्वर्ग है। कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल बहुत जरूरी होंगे। पिछली बार, प्रोटियाज के बैट्समैन ने भारत से बेहतर टर्न लिया था, इसलिए उम्मीद है कि स्पिनर शुरू से ही अटैक करेंगे। दक्षिण अफ्रीका का जवाब पारी को संभालने के लिए टेम्बा बावुमा, एडेन मार्करम और रयान रिकेल्टन पर बहुत ज्यादा निर्भर करेगा, जबकि मिडिल ऑर्डर-वियान मुल्डर, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरेन-जब भी भारत को लगेगा कि वे आगे निकल गए हैं, तो निराश करेंगे। टेस्ट क्रिकेट जितना फिजिकल है, उतना ही मेंटल गेम भी है। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के पास नई बॉल से शुरुआत में ही बढ़त बनाने की ताकत है, और अगर वे स्ट्राइक करते हैं, तो भारत वापस कंट्रोल हासिल कर सकता है। लेकिन प्रोटियाज के बॉलर्स को देखिए: साइमन हार्मर और मार्को यानसन कोलकाता में मैजिक थे, और छोटी-मोटी दिक्कतों के बावजूद, उनके रिप्लेसमेंट आसान नहीं हैं। हर सेशन में ऐसे पल आएंगे जब मोमेंटम पेंडुलम की तरह बदलेगा। एक अच्छा स्पेल, एक स्मार्ट पार्टनरशिप, और अचानक स्कोरबोर्ड एक बहुत अलग कहानी बताता है। यह विकेट तेजी से खराब होगा। आखिर में बैटिंग करना एक बुरा सपना होगा। पहली इनिग्स में 250 रन बनाने वाली कोई भी टीम कमांडिग पोजशिन में होगी। टॉस और इनिग्स की टाइमिग का बहुत बड़ा रोल होगा। इंडिया कोलकाता जैसी एक और हार नहीं झेल सकता( नहीं तो, दक्षिण अफ्रीका का स्वीप एक असली पॉसिबिलिटी बन जाएगा। इसके उलट, एक सधी हुई, सब्र वाली शुरुआत और स्मार्ट पार्टनरशिप इंडिया के लिए एक क्लासिक कमबैक स्टोरी बना सकती हैं। तो, हम क्या उम्मीद कर सकते हैं? ड्रामा, टेंशन, शानदार पर्सनल परफॉर्मेंस, और मोमेंटम जो हर सेशन में बदलता है। इंडिया को कंट्रोल्ड अग्रेसन और कंपोजर के साथ जवाब देना होगा, जबकि साउथ अफ्रीका कोलकाता में शुरू किया गया लगातार प्रेशर बनाए रखने की कोशिश करेगा। भारत को शुरू में ही कंट्रोल करना होगा, सब्र से बैटिंग करनी होगी और स्पिनरों को बोलने देना होगा। दक्षिण अफ्रीका, अपने बैलेंस और कॉन्फिडेंस के साथ, किसी भी कमी का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। गुवाहाटी में पांच दिन का टेंशन भरा, दिलचस्प और अनप्रेडिक्टेबल टेस्ट क्रिकेट होने वाला है, ऐसा टेस्ट क्रिकेट जो बैट और बॉल दोनों के लिए बहुत मुश्किल होता है।

## गिल आधिकारिक तौर पर गुवाहाटी टेस्ट से बाहर, पंत कप्तान



**गुवाहाटी, वार्ता।** भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल गुवाहाटी में शनिवार से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। कोलकाता टेस्ट के दौरान गिल को गर्दन में चोट लगी थी और वह पूरे मैच से बाहर हो गए थे। भारत के उपकप्तान )षभ पंत इस मैच में भारतीय टीम के कप्तान होंगे। कोलकाता में गिल के मैदान छोड़ने के बाद भी पंत ने कप्तानी की थी, लेकिन औपचारिक तौर पर कप्तान के रूप में यह उनका पहला टेस्ट मैच होगा। कोलकाता के एक अस्पताल की निगरानी में कुछ समय बिताने के बाद गिल 19 नवम्बर को गुवाहाटी पहुंचे थे, लेकिन अब यह तय हो गया है कि वह मैच में हिस्सा नहीं लेंगे। शुक्रवार सुबह बीसीसीआई द्वारा जारी बयान के अनुसार गिल अपनी चोट की आगे की जांच के लिए मुंबई जाएंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने गुरुवार को ही यह बताया था कि गिल अगर इतनी जल्दी खेलते हैं तो उन्हें दोबारा गर्दन में खिचाव का खतरा है। इसलिए उन्हें और आराम की सलाह दी गई है। यह स्थिति दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 30 नवम्बर से शुरू होने वाले तीन वनडे मैचों में उनकी चयन संभावना पर भी असर डाल सकती है। उस सीरीज की टीम 23 नवम्बर को चुनी जाने की उम्मीद है। गिल का कोई रिप्लेसमेंट नामित नहीं किया गया है, जिसका मतलब है कि साई सुदर्शन, देवदत्त पड्डिक्कल और नीतीश कुमार रेड्डी में से से कोई एक गिल की जगह लेगा।

**खेल विशेष**

## जिम्बाब्वे की श्रीलंका पर चौंकाने वाली जीत

**रावलपिंडी, वार्ता।** जिम्बाब्वे ने यादगार ऑल-राउंड प्रदर्शन करते हुए रावलपिडी में श्रीलंका को 67 रन से हराया, ट्राई-सीरीज के दूसरे मैच में 162 रन के मामूली स्कोर का बचाव किया और फिर मेजबान टीम को सिर्फ 95 रन पर आउट कर दिया। मैच की शुरुआत ब्रायन बेनेट (49) और सिकंदर रजा (47) के टॉप-ऑर्डर के अच्छे योगदान से हुई, जिसके बाद रिचर्ड नगारवा और ब्रैड इवांस ने पांच विकेट लिए। यह जिम्बाब्वे की श्रीलंका पर तीसरी टी-20 जीत थी और इस फॉर्मेट में किसी फुल-मेंबर टीम के खलिाफ उनकी अब तक की सबसे बड़ी जीत भी थी। श्रीलंका के पहले बॉलिंग करने के फैसले के बाद, वानिदु हसरंगा (3/32) और ईशान मलिगा (2/27) ने जम्बिाब्वे की पारी में सबसे ज्यादा नुकसान किया, जरूरी पार्टनरशिप तोड़ी और यह पक्का किया कि टोटल कभी भी पार स्कोर से आगे न बढ़े। शुरुआत में कुछ विकेट गिरने के बाद, बेनेट और रजा ने तीसरे विकेट के लिए 61 रन की पार्टनरशिप की, जिससे टीम 40/2 से ऊपर उठ गई और टोटल को 180 की ओर ले जाने की कोशिश की, लेकिन हसरंगा ने 13वें ओवर में बेनेट को आउट किया और फिर अपने अगले ओवर में दो विकेट लेकर रन पर कंट्रोल रखा। जम्बिाब्वे 162/8 पर ही रुका, जो उस समय खास तौर पर ओस के कारण कम टोटल लग रहा था। लेकिन 163 का टारगेट श्रीलंका के लिए बहुत ज्यादा साबित हुआ। जिम्बाब्वे के बॉलर्स शुरू से ही हावी रहे, रिचर्ड नगारवा ने पिच पर जोरदार हिटिग की और पहले ही ओवर में पथुम निसंका का विकेट लेकर सबको चौंका दिया। कुसल परेरा दूसरे ओवर में टिनोटेंडा मापोसा की गेंद पर आउट हो गए, जबकि कुसल मेंडिस सातवें ओवर में रन आउट हो गए, जिससे श्रीलंका का स्कोर 25/3 हो गया।



## सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में हारे

**● पुरुषों की डबल बैडमिंटन रैंकिंग में तीसरे और टॉप सीड सात्विक - चिराग 13वीं रैंक वाली इंडोनेशियाई जोड़ से 50 मिनट में हार गए**

**सिडनी, वार्ता।** भारत की स्टार पुरुष डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शुक्रवार को इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और फजर अल्फियन से हारकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिटंन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। इस जोड़ी के बाहर होने के बाद, लक्ष्य सेन बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 बैडमिटंन इवेंट में अकेले बचे हुए भारतीय हैं। सिडनी के ओलंपिक बुलेवार्ड के क्वेसेंटर में हमवतन आयुष शेट्टी की चुनौती से बचकर वे सेमीफाइनल में पहुंच गए। पुरुषों की डबल्स बैडमिटंन रैंकिंग में तीसरे और टॉप सीड सात्विक-चिराग, 13वीं रैंक वाली इंडोनेशियाई जोड़ी से 50 मिनट में 21-19, 21-15 से हार गए। काफी नई जोड़ी होने के बावजूद, अल्फियन, जो मुहम्मद रियान अर्दिआंतो के साथ दो बार वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके हैं, और फिकरी इस साल जुलाई में जापान ओपन के लिए टीम बनाने के बाद से तेजी से आगे बढ़े हैं। इंडोनेशियाई जोड़ी ने एक साथ चाइना ओपन सुपर 1000 जीता और बहुत कम समय में डेनमार्क, कोरिया और फ्रेंच ओपन में रनर-अप रहे। फॉर्म में चल रही टीम के खिलाफ, जो बहुत कम समय में दुनिया में 13वें नंबर पर पहुंच गई है, सात्विक-चिराग ने तेज शुरुआत करने की कोशिश की और पहले गेम में 7-2 की बढ़त बना ली। हालांकि, इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने गेम में पकड़ बनाई और भारतीय जोड़ी की बढ़त को कम करना शुरू कर दिया, आखिर में 16-16 से बराबरी कर ली। भारतीय बैडमिटंन खिलाड़ी अभी भी 19-17 के स्कोर के साथ बढ़त लेने के फेवरेट लग रहे थे, लेकिन अल्फियन और फिकरी ने एक अहम मौके पर लगातार चार पॉइंट लेकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में, मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन सात्विक-चिराग ने इंटरवल तक एक पॉइंट की बढ़त बना रखी थी, लेकिन पांचवीं सीड इंडोनेशियाई जोड़ी ने रीस्टार्ट के बाद अपना गेम बेहतर किया और आसानी से गेम जीत लिया, और इसके साथ ही मैच भी जीत लिया कि यह दोनों जोड़ियों के बीच पहला मैच था। यह लगातार दूसरा 2025 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर इवेंट है जहां सात्विक-चिराग को इंडोनेशियाई जोड़ी ने नॉक आउट किया है। अल्फियन के लंबे समय के पार्टनर, एरिडेंटो और रहमत हिदायत अक्टूबर में फ्रेंच ओपन में उनके पहले राउंड से बाहर होने के लिए जम्मिेदार थे। पुरुष एकल में, पेरिस 2024 के सेमी-फाइनलिस्ट लक्ष्य सेन, जो मेन्स सिगल्स में 14वें और सातवें सीड हैं।

## पीटी उषा फिक्की लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व स्प्रिंट क्वीन और भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) की मौजूदा अध्यक्ष पीटी उषा को भारतीय खेलों में उनके असाधारण योगदान और एथलीटों की पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए शुक्रवार को फिक्की लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उषा, जिन्हें 'पय्योली एक्सप्रेस' के नाम से भी जाना जाता है, को यह सम्मान फिक्की टर्फ 2025 - 15वें ग्लोबल स्पोर्ट्स समिट में दिया गया। अवार्ड लेते हुए उषा ने कहा कि भारतीय खेल तभी आगे बढ़ता है जब हम सब मिलकर आगे बढ़ते हैं। टैलेंट देश के हर कोने में मौजूद है, लेकिन मौका हर बच्चे तक पहु. चना चाहिए।

## दीप्ति, वुलफार्ट, एकलस्टन और हीली डब्ल्यूएफ की मेगा नीलामी की मार्की खिलाड़ियों में शामिल

**● विदेशी खिलाड़ियों के लिए रिक्त कुल 23 उपलब्ध स्थानों के लिए 82 विदेशी खिलाड़ी उपलब्ध होंगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर दो भारतीय खिलाड़ी हैं जो आठ खिलाड़ियों वाले मार्की सेट में शामिल होंगी जिनसे डब्ल्यूपीएल 2026 की मेगा नीलामी की शुरुआत होगी।

अन्य खिलाड़ियों में सोफी डिवाइन, सोफी एकलस्टन, लॉरा वुलफार्ट, एलिसा हीली, मेग लैनिग और एमेलिया कर शामिल हैं। मार्की सेट में शामिल खिलाड़ियों में केवल रेणुका (40 लाख) और वुलफार्ट (50 लाख) दो खिलाड़ी हैं जिन्होंने 50 लाख की अधिकतम बेस प्राइस से अपनी बेस प्राइस कम रखी है। 73 रिक्त स्थानों के लिए कुल 277 खिलाड़ियों ने खुद को डब्ल्यूपीएल 2026 की नीलामी के लिए पंजीकृत कराया है। विद. ेशी खिलाड़ियों के लिए रिक्त कुल 23 उपलब्ध स्थानों के लिए 82 विदेशी खिलाड़ी उपलब्ध होंगी। बड़ी नीलामी 27 नवम्बर को दिल्ली में आयोजित होगी। यूपी वॉरियर्ज के लिए खेल चुकीं तीन खिलाड़ी - एकलस्टन, दीप्ति और हीली मार्की खिलाड़ियों में शामिल हैं। यूपीडब्ल्यू के पास चार राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड भी उपलब्ध होंगे, उन्होंने केवल एक अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी के रूप में श्वेता सहरावत को रिटेन किया है। हरलीन देओल ने 50 लाख की बेस प्राइस पर खुद को कैप्ड ऑलराउंडरों की सूची में पंजीकृत कराया है। वहीं गुजरात जायंट्स की उनकी टीम मेट फीबि लिचफील्ड ने भी 50 लाख की बेस प्राइस पर खुद को पंजीकृत कराया है। लेकिन जीजी लिचफील्ड के लिए आरटीएम का उपयोग नहीं कर सकती क्योंकि वह एश्ले गार्डनर और बेथ मूनी के रूप में पहले ही दो विदेशी खिलाड़ियों को रिटेन कर चुकी है। कैप्ड ऑलराउंडर में राधा यादव, स्नेह राणा, ग्रेस हैरिस, शिनेल हेनरी और एन श्री चरणी ने खुद को कैप्ड ऑलराउंडर्स की सूची में पंजीकृत कराया है। इनमें देओल को छोड़कर सभी ने खुद की बेस प्राइस 30 लाख निर्धारित की है। यूपीडब्ल्यू के लिए खेल चुकीं तालिया मैक्ग्रा और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेल चुकीं सोफी मोलिन्यू नीलामी पूल में शामिल ऑस्ट्रेलिया की 23 खिलाड़ियों में शामिल नहीं हैं। इंग्लैंड की 22, न्यूजीलैंड की 13 और दक्षिण अफ्रीका की 11 खिलाड़ी नीलामी पूल में शामिल हैं। चामरी अतापत्तू, हर्षिता समराविक्रमा और इनोका रनाव. ीरा श्रीलंका की ओर से नीलामी पूल में तीन खिलाड़ियों में शामिल हैं। यूपीडब्ल्यू और जीजी क्रमश: 14.50 करोड़ और 9 करोड़ के सबसे ज्यादा पर्स के साथ नीलामी में प्रवेश करेंगी।

## युवराज ने जीता इंडियन ऑयल सर्वो मास्टर्स खिताब

**● डिगबोई गोल्फ लिक्स में खेले गए मशहूर इंडियन ऑयल सर्वो मास्टर्स में 7 स्ट्रोक्स की जबरदस्त खिताबी जीत हासिल की**



**असम, वार्ता।** युवराज संधू ने लगातार दो प्लेऑफ हार के बाद शानदार वापसी की और शुक्रवार को डिगबोई गोल्फ लिक्स में खेले गए मशहूर इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स, जो 1 करोड़ रुपये का इवेंट है, में सात-स्ट्रोक की जबरदस्त खिताबी जीत हासिल की। युवराज (65-69-66-69), जिन्होंने तीसरे राउंड के बाद छह-स्ट्रोक की शानदार बढ़त हासिल की थी, ने इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स के ऐतिहासिक 25वें एडिशन में चौथे राउंड में तीन-अंडर 69 का शानदार स्कोर बनाया और इस हफ्ते का कुल स्कोर 19-अंडर 269 कर लिया। नतीजतन, चंडीगढ़ के 28 साल के इस खिलाड़ी ने इस सीजन की अपनी पांचवीं जीत हासिल की और पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपनी बढ़त और बढ़ा ली। लगातार चैंपियन रहे युवराज ने 15 लाख रुपये का विनिग चेक हासिल किया, जिससे उनकी सीजन की कमाई 1,21,67,100 रुपये हो गई। संधू अब पीजीटीआई रैंकिंग में 29 लाख रुपये से ज्यादा की बढ़त बनाए हुए हैं। पिछले साल के विनर, बांग्लादेश के जमाल हुसैन (68-73-70-65) ने आखिरी दिन का सबसे कम स्कोर 65 बनाया और रात भर की संयुक्त आठवीं जगह से छह पायदान ऊपर चढ़कर 12-अंडर 276 के कुल स्कोर के साथ दूसरे नंबर पर आ गए। कट बनाने वाले अकेले लोकल प्रोफेशनल, डिगबोई के देवेन भूमिज ने 10-ओवर 298 के स्कोर के साथ हफ्ते का अंत 54वें स्थान पर किया। पहले दिन से आखिर तक लीडर रहे युवराज संधू ने पीजीटीआई सीजन में अपनी पिछली बेस्ट ऑफ फाइव जीत की बराबरी की, यह कामयाबी उन्होंने 2022 में हासिल की थी। संधू शुक्रवार को शुरुआत में ही लड़खड़ा गए जब उन्होंने दूसरी होल में बोगी की। हालांकि, उन्होंने तीसरी और पांचवीं होल में बर्डी और सातवीं होल में आठ फीट से ईगल कन्वर्जन के साथ जबरदस्त वापसी की।




## शौर्य सैनी ने डेफलंपिक्स में 50 मी. राइफल 3 पीजीशन में सिल्वर जीता

**टोक्यो, वार्ता।** भारत के शौर्य सैनी ने टोक्यो में चल रहे 25वें समर डेफलंपिक्स में पुरुषों के 50मी राइफल 3 पोजीशन इवेंट में सिल्वर मेडल जीता, जिससे यह शूटिग में देश का 13वां मेडल बन गया। शौर्य, जो अभी वर्ल्ड चैंपियन हैं, ने अपना ही वर्ल्ड डेफ क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड तोड़ा और फाइनल में पहुंचने से पहले एक नया डेफलंपिक्स वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

शौर्य ने फाइनल में 450-6 का स्कोर किया, लेकिन जर्मनी के एरिक मैथियास हेस के गोल्ड मेडल जीतने से 9-2 कम रहे, उन्होंने डेफ वर्ल्ड फाइनल्स रिकॉर्ड और डेफलंपिक्स रिकॉर्ड तोड़ा। यूक्रेन के दिमित्रे पेट्रेंको ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। फाइनल में, शौर्य ने 15 शॉट्स की नीलिग सीरीज में 151-0 और प्रोन सीरीज में 151-1 का स्कोर किया। फिर उन्होंने स्टैंडिग सीरीज के पहले 10 शॉट्स में 99-3 का स्कोर किया, इसके बाद एलिमिनेशन स्टेज में 9-6, 9-9, 9-5, 10-3 और 9-9 का स्कोर करके सिल्वर मेडल पक्का किया। फाइनल में दूसरे भारतीय शूटर, कुशाग्र सिंह राजावत 408-8 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहे।

इससे पहले क्वालिफिकेशन में, शौर्य ने 584-32ग के कुल स्कोर के साथ मौजूदा डेफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और डेफलिपिक्स रिकॉर्ड दोनों को तोड़ा। उन्होंने नीलिग में 196, प्रोन में 194 और स्टैंडिग में 194 का स्कोर किया, जबकि कुशाग्र ने नीलिग में 190, प्रोन में 196 और स्टैंडिग में 189 का स्कोर करके 575-22ग के कुल स्कोर के साथ छठे स्थान पर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

## भारतीय मुक्केबाजी के लिए एक यादगार दिन : अजय सिंह

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि हाल ही में खत्म हुए वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स में देश का शानदार परफॉर्मेंस इस बात का सबूत है कि भारतीय मुक्केबाजी अब सिर्फ एक उभरती हुई ताकत नहीं है, बल्कि इस खेल की सुपरपावर में से एक है। भारत ने न सिर्फ नौ गोल्ड मेडल जीते, बल्कि इस मशहूर टूर्नामेंट में सभी 20 कैटेगरी में मेडल जीते, जिसके लिए दो वर्ल्ड बॉक्सिंग कप लेग्स के टॉप आठ परफॉर्मर क्वालीफाई करते हैं। भारत ने कैंपेन का अंत नौ गोल्ड, छह सिल्वर और पांच ब्रॉन्ज मेडल के साथ किया और सिंह परफॉर्मेंस से काफी खुश थे। सिंह ने कहा कि मैं इसे इंडियन बॉक्सिंग के लिए एक यादगार दिन कहूंगा। मुझे नहीं लगता कि हमारे इतिहास में कभी भी किसी इंटरनेशनल टूर्नामेंट में भारत ने 20 मेडल जीते हों।

## अर्जेंटीना को हराकर जर्मनी सेमीफाइनल में

**● अर्जेंटीना पर जर्मनी की क्वार्टर फाइनल जीत ने इस इंवेट में उसका रिकॉर्ड 7-4 कर दिया है**

**इटली, वार्ता।** जर्मनी ने इटली के बोलोग्ना में अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर टेनिस के 2025 डेविस कप फाइनल 8 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अर्जेंटीना पर जर्मनी की क्वार्टर फाइनल जीत ने इस इवेंट में उसका रिकॉर्ड 7-4 कर दिया है और अब उसका आखिरी चार में स्पेन से मुकाबला होगा, जिसने पहले चेकिया पर वापसी करते हुए 2-1 से जीत हासिल की थी। अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 7-6(3), 7-6(7) से हराया। यह एक करीबी मुकाबला था जिसमें दो कड़े टाई-ब्रेक सेट खेले गए।

स्ट्रफ पहले गेम में 2-0 से आगे थे और आठवें गेम में एचेवेरी के ब्रेक करने तक आगे रहे, जिससे स्कोर चार गेम तक बराबर रहा। इसके बाद, दोनों ने सर्विस गेम बदले, जब तक कि अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने टाई-ब्रेक में 7-3 से जीत हासिल नहीं कर ली। दूसरे सेट में भी ऐसा ही हुआ, जिसमें एचेवेरी एक बार फिर टाई ब्रेकर में 9-7 से जीत गए। टोक्यो 2020 में ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट, जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो के खिलाफ सीधे सेटों में 6-4, 7-6(3) से जीत हासिल की, पहले सेट के छठे गेम में ब्रेक किया और फिर दूसरे सेट को एक और टाई ब्रेक में अपने नाम किया। आखिरी डबल्स मैच में अर्जेंटीना के आंद्रेस मोल्टेनी और होरासियो जेबालोस ने तेज शुरुआत की, पहला सेट सिर्फ 31 मिनट में 6-4 से जीत लिया। जर्मनी के केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज ने दूसरा सेट 6-4 से जीतकर जवाब दिया, जिससे एक डिसाइडर सेट करना पड़ा। दोनों टीमों ने एक टेंशन भरे तीसरे सेट में सर्विस होल्ड बदले, जो एक ड्रामाटिक टाई-ब्रेक में खत्म हुआ, जिसमें जर्मन जोड़ी ने 12-10 से बढ़त बनाकर टाई जीत लिया। इस बीच स्पेन ने एक और खास वापसी करते हुए चौथी सीड वाली चेकिया को 2-1 से हराया और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इवेंट से एक दिन पहले वर्ल्ड नंबर 1 कार्लोस अल्काराज के आखिरी मिनट में हटने के बावजूद टीम का हौसला दिखा। जैम मुनार की सिगल्स जीत और डबल्स के आखिरी मैच में मार्सेल ग्रैनोलर्स और पेड्रो मार्टिनेज के शानदार प्रदर्शन ने स्पेन को फाइनल चार में पहुंचा दिया। चेकिया के 20 साल के वर्ल्ड नंबर 19 जैकब मेन्सिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाब्लो कारेनो बुस्ता को 7-5, 6-4 से हराया। तीन बार के डेविस कप चैंपियन के लिए शानदार शुरुआत करते हुए मेंसिक ने 20 एस और 42 विनर लगाए।

# पति-पत्नी लोगों को हनी ट्रैप में फंसा कर ब्लैकमेल कर वसूलते थे रुपये, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइंस पुलिस ने हनी ट्रैप के जरिए लोगों से अवैध वसूली करने वाले दंपत्ति को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को रिर्जव पुलिस लाइन में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने प्रेस वार्ता कर हनी ट्रैप गैंग का पर्दाफाश किया है।बता दें कि पुलिस की यह कार्रवाई शिकायत कर्ता फारिया पत्नी असीम अहमद की तहरीर पर की गई, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने उनके पति को सुनियोजित तरीके से हनी ट्रैप में फंसाकर 1 लाख 60 हजार रुपये वसूल लिए और वीडियो वायरल करने व दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस के पर्यवेक्षण में एक विशेष टीम गठित



की गई। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण, साक्ष्य संकलन और लगातार दबिश देते हुए मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को मुख्य आरा. 'पी वसीम उर्फ मुन्ना और उसकी पत्नी मुस्कान निवासी चक्कर की मिलक, हाल निवासी मुगलपुरा को गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उनका एक सक्रिय हनी ट्रैप गैंग है, जिसमें महिला सदस्य सोशल मीडिया व फोन कॉल के माध्यम से सीधे-सादे लोगों को फुसलाकर जाल में फंसाती हैं। इसके बाद उन्हें किसी कमरे या होटल में बुलाकर आपत्तिजनक वीडियो बनायी जाती है। फिर गैंग के अन्य सदस्य पहुंचकर मुकदमे में फंसाने और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर भारी रकम वसूलते हैं।आरोपियों ने बताया कि वह अपने अन्य साथियों शाहबाज और उसकी पत्नी सबा उर्फ अलसबा के साथ मिलकर उन्होंने असीम अहमद को भी इसी तरह जाल में फंसाया था।

सबा ने पहले उनसे चौटिंग की और मिलने के बहाने अपने कमरे पर बुलाया। वहीं पहले से मौजूद आरोपी वसीम और उसके साथी ने आपत्तिजनक वीडियो बनाकर 1.60 लाख रुपये की मांग की। पीड़ित ने 50 हजार रुपये फोन पे पर दिए, जबकि एचडीएफसी के एटीएम कार्ड और आईसी आईसीआई खाते से 1.10 लाख रुपये निकाल लिए गए।वसूली गई पूरी रकम गैंग के सदस्यों ने आपस में बांटकर खर्च कर दी। पुलिस फरार आरोपी शाहबाज और सबा की तलाश में दबिश दे रही है।

## चोरी के आरोप में न्यायालय ने सुनाई सजा

**चन्दौसी।** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कनविक्शन के दृष्टिगत संभल पुलिस द्वारा गुणवत्ता पूर्व विवेचना तथा अभियोजन द्वारा अपराधियों के विरूद्ध कड़ी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में शुक्रवार को मुकदमा अपराध सं0 367/1993 धारा 380, 411 आईपीसी के अन्तर्गत थाना रजपुरा जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर अभियुक्त पाली पुत्र प्रेमराम निवासी पनवारी थाना रजपुरा जनपद सम्भल को न्यायालय जेएम गुन्नौर जनपद सम्भल द्वारा अभियुक्त पाली को चोरी के आरोप में दोष सिद्ध करते हुए जेल में बितायी अवधि 14 दिन व 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। वहीं दूसरा मामला मुकदमा अपराध सं0 64/1999 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना नखासा में पुलिस की पैरवी से अभियुक्त जहांगीर पुत्र अख्तर हुसैन निवासी दीपा सराय थाना नखासा जनपद सम्भल को न्यायालय जेएम-2 जनपद सम्भल द्वारा अभियुक्त जहांगीर को दोषी मानते हुए जेल में बितायी गयी अवधि 1 दिन न्यायालय उठने तक की सजा व 2 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सजा कराने में संतोष यादव एपीओ, कोर्ट मोर्हर विपिन कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# मेडिकल स्टोर स्वामी मरीजों से कर रहे खिलवाड़

**चन्दौसी।** स्वास्थ्य विभाग में खबर हो भी तो बेखबर है। अब जहां झोला छाप ग्रामीण क्षेत्रों ने बैठकर अपना क्लीनिक व अस्पताल चला रहे हैं। इधर तू डाल-डाल मैं पात-पात के तर्ज पर मेडिकल स्टोर स्वामी पहले मेडिकल स्टोर का लाइसेंस लेते हैं फिर मरीजों कों इलाज करना शुरू कर देते हैं। इसमें दोनों ही खुश होते हैं। मरीज को दवाइ कम रूपयों में मिलती है। वही मेडिकल स्टोर स्वामी की दवाई दोगुने रेट में बेकते हैं। यानि धीरे-धीरे मेडिकल स्टोर स्वामी डॉक्टरों का कारोबार समेटने में लगे है। इस लाइन में सबसे बडा तबका रोजी रोटी से जुड़ा जुआ है। प्रत्येक शहर में हजारों की संख्या में झोलाछाप मिल जायेंगे जो कुछ दिनों किसी अच्छे सर्जन के अस्पताल में काम करे उसका फार्मूला सीख कर बेहतर इलाज करते हैं। भले ही ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टर प्रशिक्षित नहीं है या डॉक्टरी की डिग्री उनके पास नहीं है पर उनका अनुभव एवं स्वास्थ्य विभाग से जुगाड़ बहुत बड़ा है। प्रतिमाह उगाही स्वास्थ्य विभाग के कुछ




चुनिंदा विश्वास पात्र वॉर्डवाय या अन्य कर्मचारियों द्वारा की जाती है जो सारा हिसाब किताब अपनी डॉक्टरी में रखते है। भले ही योगी सरकार जीरो टॉयरेस्ट की बात करती है पर वास्तव में सच्चाई इससे हटकर है। यहां बताते चले कि कोविड-19 में मेडिकल स्टोर खुल गये गली कूचों में मेडिकल स्टोरों की बाढ़ आ गयी पर कोविड के बाद व्यापार का ग्राफ बढ़ा तो कुछ मेडिकल स्टोर स्वामियों द्वारा कमाई का नया तरीका जुगाड़ कर दवाइंया देना शुरू कर दी है। अब वकायदा मेडिकल स्टोर की आड में दवाइयों के माध्यम से इलाज भी कर रहे हैं अर्थात मेडिकल लाइसेंस में जिन शर्तों का पालन होना चाहिए वह नहीं हो रहा है। मेडिकल स्टोर स्वामियों द्वारा बिल भी नहीं देती अर्थात सीधे सरकारी टैक्स में चूना लगाकर सरकार को क्षति पहुंचाई जा रही है। बगैर डॉक्टर के पर्चे से ही एन्टी वायोटिक, एन्टी एर्जिक इनसे नशा भी होता है। स्टोराइड दवे की दवाइयों की बड़ी मात्रा में खपत हो रही है। जिससे लोगों की किडनी, लीवर खराब होने का खतरा बना रहा है। नुकसान अधिकर मेडिकल स्टोर स्वामी कुछ मेडिकल स्टोर 150 से 100 मरीजों को देखकर दवाइयों स्वंय बनाकर देते है। ऐसे लोगों से स्वास्थ्य विभाग खबर या बेखबर है।

# सफाई कर्मचारियों ने वेतन की मांग उठाई



**चन्दौसी।** स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ प्रांतीय मंडल प्रदेश अध्यक्ष मानिकलाल नागर (अलीगढ) के नेतत्व में संविदा कर्मचारी संघ के सदस्यों ने लखनऊ आवास स्थित लालजी प्रसाद निर्मल विधान परिषद सदस्य से मुलाकात की और मांग पत्र दिया। जिसमें बताया कि सरकार की घोषणा करने के कई महीने बीत जाने के बाद भी प्रदेश भर की स्थानीय निकायों, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों में कार्यरत आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों का रूका हुआ वेतन नहीं दिया गया। शासन द्वारा वर्ष 2001 तक के संविदा सफाई कर्मचारियों को नियमितीकरण प्रस्ताव मांगा गया। वर्ष 2006 अप्रेल माह में उत्तर प्रदेश भर में संविदा की गई थी, करीब 20 वर्षों से संविदा को स्थाई नहीं किया गया है। सदस्यों ने संविदा सफाई कर्मचारियों के वेतन देने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में मुरादाबाद से प्रदेश प्रमुख महामंत्री राजेंद्र सहदेव, प्रदेश संगठन मंत्री सुनील लश्करी.जिलाध्यक्ष सम्भल अजय कुमार राजवर, जिलाध्यक्ष झाँसी धीरज चंडारिया, सुभाष कुमार आदि रहे।

# सुपरवाइजर व बीएलओ कड़ी मेहनत में लगे





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उपजिलाधिकारी के निर्देशन में एसआईआर का कार्य तेजी से हो रहा है। एसडीएम आशुतोष तिवारी ने सुपरवाइजर व बीएलओ की समस्याओं के निराकरण के लिए तहसीलदार रवि सोनकर, नायाब तहसीलदार रजत कुमार व सतेन्द्र कुमार को लगाया है। यहां बताते चले कि बीएलओ के लिए एसआईआर फार्म वोटर लिस्ट संशोधन के लिए लगाया है। तहसील चन्दौसी में सुपरवाइजर व बीएलओ संयुक्त रूप से डोर टू डोर जाकर फार्म वितरित कर रहे हैं। यहां बताते चले कि अब आप एक ही जगह वोट डाल संकेगे। यदि आपका वोट दो स्थानों पर है तो एक स्थान से वोट काट दिया जायेगा। फार्म में वोटर की पूरी जानकारी मांग रही है। फिलहाल बीएलओ व सुपरवाइजर पूरी तरह से प्रशिक्षित हो चुके हैं। वह पहले तो घर जाकर फार्म बांटते हैं फिर गृह स्वामी द्वारा उसका डाटा भरके बीआरसी केन्द्र पर जमा करते हैं, उससे पूर्व नायाब तहसीलदार उसका निरीक्षण करते हैं। तहसील सभागार में रोजाना सभी बीएलओ पहुंचकर अपना फार्म सबमिट कर रहे हैं। सुप. रवाइजर शुभम गुप्ता, नीरज, अर्पित सक्सेना, रिंकू, संजीव लेखपाल, लेखपाल शिवओम शर्मा व शिवम मिश्रा, गोपाल सिंह, वसीम, राजस्व निरीक्षक भोजराज, अशोक कुमार, बाबूराम, साहूद हसन, प्रदीप गुप्ता, संजीव कुमार आदि सभी लोग कड़ी मेहनत पर लगे हुए हैं। साथ ही बीआरसी केन्द्र में काम करने वाले गंगासरन मौर्य, अनूप शर्मा ने बताया कि 10 से लेकर 12 घंटे तक फीडिंग का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि कार्य लम्बा है, कार्य करने के घंटे बढ़ाये गये हैं और लोग अब एसआईआर फार्म के बारे में जान गये हैं। सभी बीएलओ क्षेत्र में एसआईआर फार्म को पूर्ण करने में लगे हैं।

तहसील में यह महत्वपूर्ण कार्य एसडीएम आशुतोष तिवारी के लीडरशिप में किया जा रहा है। समय-समय पर उनके द्वारा भी बीएलओ को निर्देशन दिये जा रहे हैं।

## एक नजर

### नगर निगम में मेयर की बैठक में नहीं पहुंचे भाजपा पार्षद, बैठक हुई स्थगित



**मुरादाबाद।** नगर निगम में शुक्रवार को उस समय अभूतपूर्व स्थिति पैदा हो गई, जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पार्षदों ने मेयर द्वारा बुलाई गई महत्वपूर्ण बैठक का सामूहिक बहिष्कार कर दिया। मेयर, निगम अधिकारी और कांग्रेस पार्षद बैठक स्थल पर समय पर पहुंचे, लेकिन भाजपा के पार्षदों की अनुपस्थिति ने पूरे कार्यक्रम को ठप कर दिया। तैयारियां पूरी होने के बावजूद पार्षदों के न आने से निगम प्रशासन असहज स्थिति में आ गया और अंततः बैठक को स्थगित करना पड़ा।सूत्रों के अनुसार, भाजपा पार्षदों और मेयर के बीच पिछले कुछ समय से मतभेद गहराते जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि पार्षदों को कई विकास प्रस्तावों के अनुमोदन में देरी और वार्डों में कार्य न होने पर नाराजगी है। इसी असहमति के चलते पार्षदों ने बैठक से दूरी बनाकर अपनी नाराजगी का खुला संदेश दे दिया। हालांकि आधिकारिक तौर पर भाजपा पार्षदों की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन अंदरूनी कलह अब खुलकर सामने आ गई है।बैठक में नगर निगम की कई अहम योजनाओं व वित्तीय प्रस्तावों पर चर्चा की जानी थी। निगम प्रशासन ने प्रेजेंटेशन, एजेंडा दस्तावेज व अन्य तैयारियां पहले से कर ली थीं, लेकिन पार्षदों की गैरमौजूदगी के कारण पूरा कार्यक्रम प्रभावित हुआ। मेयर ने स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि शहर के विकास कार्यों को राजनीति से ऊपर रखा जाना चाहिए।अब बैठक की नई तारीख जल्द घोषित की जाएगी, लेकिन भाजपा पार्षदों के इस कदम ने नगर निगम की राजनीति में हलचल तेज कर दी है। माना जा रहा है कि यदि मतभेद नहीं सुलझे तो आगामी निगम बैठकों पर भी इसका असर दिख सकता है।

### हरथला अमन कमेटी ने लोगों की समस्याओं का किया समाधान

**मुरादाबाद।** हरथला अमन कमेटी ने हरथला क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए हरथला कार्यालय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में अमन कमेटी के संस्थापक/उपाध्यक्ष फैजान सलमानी और कमेटी अध्यक्ष नईम राजा ने फॉर्म भरे और लोगों की समस्याओं का समाधान किया।इस अवसर पर फैजान सलमानी ने कहा कि हरथला अमन कमेटी का उद्देश्य है कि हरथला क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी कमेटी लोगों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए हमेशा तैयार है। नईम राजा ने कहा कि हमारी कमेटी ने हमेशा से ही लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए काम किया है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि हमारी इस पहल से हरथला क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा और उनकी समस्याओं का समाधान होगा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं का समाधान करवाया। लोगों ने अमन कमेटी के इस पहल की सराहना की और कहा कि यह एक अच्छा कदम है।।



### छात्रवृत्ति आवेदन के संबंध में जिलाधिकारी ने बैठक कर दिए निर्देश

**बहजोई।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सभागार बहजोई में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शिक्षण संस्थान के प्राचार्य एवं छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी के साथ मास्टर डाटा एवं छात्रवृत्ति आवदेन



पत्र के अग्रसारण के संबंध में बैठक आहूत की गई स जिलाधिकारी महोदय ने समस्त शिक्षण संस्थानों को दिनांक 28 नवंबर 2025 तक समस्त डाटा को अग्रसारित करने के निर्देश दिए स बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# नहीं है जान की परवाह, पार कर रहें हैं क्रासिंग

## लाइन पार करते समय अज्ञात युवक आया ट्रेन की चपेट में, मौत

**चन्दौसी।** कब्रिस्तान पर स्थित बदायूं चुंगी फाटक पर अलग ही नजारा है हालांकि दोनों ओर पुलिसकर्मी तैनात है। लेकिन फाटक बंद होने पर लोग जल्दीबाजी दुपहिया वाहन स्वामी व पैदल चलने वाले लोग कब्रिस्तान के बराबर पटरियों से अपनी बाइकें पार करते हैं। कभी-कभी जल्दीबाजी में बाइकें रेलवे लाइन में उलझ जाती है। यहां बताते चले कि 8 वर्ष पहले भी एक बड़ी घटना घटित हुई थी। एक व्यक्ति एक्टिवा स्कूटी से पटरयों के सहारे पास कर रहे हैं। लेकिन अचानक स्कूटी का पिछला हिस्सा रेल इंजन की चपेट में आ गया और इंजन उसे घसीटते हुए जक्शंन तक ले गया। एक्टिवा में 500-500 के नोट भी थे तो पटरियों पर बिखर गये। गनीमत यह रही कि लाला की जान को कोई हानि नहीं हुई। क्योंकि वह स्कूटी के अगले हिस्से को पार कर चुके थे। इसलिए उनकी जान बच गई लेकिन स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। 36बी रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण होने से वह रास्ता पूरी तरह से बंद है। अब सारा लोड इसी रास्ते पर फाटक बंद होते ही बदायूं चुंगी से लेकर मालगोदाम रोड तक जाम लगना तय है और फिर फाटक खुलने पर वाहन स्वामी यातायात के नियमों का पालन नहीं करते हैं दोनों ओर वाहनों को



लगा देते हैं जिससे जाम खुलने में समय लगता है। फिलहाल अब मामला फाटक बंद होने पर रेल पटरियों को पार करने का का है। संभवतः शुक्रवार को एक अज्ञात व्यक्ति लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत हो गई।

यह मामला सिपाही लाल पेट्रोल पम्प फाटक का बताया जा रहा है। वहीं कोतवाली पुलिस व आरपीएफ, जीआरपी पुलिस भी मौके पर आ गई और शव की शिनाख्त के लिए जांच पड़ताल में जुट गई।

# जनकल्याण कार्यक्रम में सैकड़ों परिवारों को मिले नए राशन कार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** विकास खंड कुन्दरकी के बहुउद्देश्यीय मीटिंग हॉल में शुक्रवार को विधायक रामव. ीर सिंह ने जनकल्याण कार्यक्रम के तहत सैकड़ों पात्र लाभार्थियों को नए राशन कार्ड वितरित किए। वितरण कार्यक्रम में ग्रामीणों, महिलाओं एवं बुजुर्गों की भारी भीड़ उमड़ी। राशन कार्ड पाकर खुश दिख रहे लाभार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक रामवीर ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि क्षेत्र का कोई भी गरीब परिवार खाद्यान्न सुरक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड मिलने से परिवारों को गेहूं, चावल, चीनी सहित आवश्यक खाद्यान्न सामग्री रियायती दरों पर मिलती है, जिससे घरेलू खर्च में बड़ी बचत होती है और खर्च का दबाव भी कम पड़ता



है। विधायक ने यह भी बताया कि राशन कार्ड केवल खाद्यान्न प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि कई सरकारी योजनाओं का महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिससे लाभार्थियों को अन्य कल्याणकारी योजनाओं का फायदा भी आसानी से मिल जाता है। खाद्यान्न उपलब्ध होने से परिवारों में पोषण स्तर बेहतर होता है और बच्चों एवं बुजुर्गों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है।

कार्यक्रम में क्षेत्र के राशन डीलर, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। लोगों ने विधायक रामव. ीर का आभार जताते हुए कहा कि नए राशन कार्ड जारी होने से गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिली है।

# टीएमयू में बालक वर्ग इंटर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप का शंखनाद

## डॉ. बुद्ध प्रिय सिंह बोले, टीएमयू में स्टुडेंट्स के लिए राष्ट्रीय लेवल की सुविधाएं, पहले दिन मुरादाबाद के एसबीएस स्कूल और अमरोहा के एलएसए रहे विजेता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से आयोजित बालक वर्ग की तीन दिनी इण्टर स्कूल क्रिकेट चौंपियनशिप के पहले दिन मुरादाबाद के एसबीएस स्कूल और बोनी एनी पब्लिक स्कूल के हुए मुकाबले में एसबीएस स्कूल 39 रनों से विजेता रहा। एसबीएस के अरबाज खान 12 गेंदों में 26 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच रहे। बोनी एनी पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसबीएस ने 8 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 83 रनों का लक्ष्य विपक्षी टीम को दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए बोनी एनी पब्लिक स्कूल की टीम 8 ओवरों में 8 विकेट खोकर पर मात्र 43 रन ही बना पाई। दूसरे मैच में एलएसए-अमरोहा ने मुरादाबाद के शिर्डी साईं विंग-1 को 8 विकेट से पराजित करके मैच को अपने नाम किया। एलएसए के आर्मस ने 2 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट चटकाए और मैन ऑफ द मैच बने। एलएसए ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया। पहले बैटिंग करते हुए शिर्डी साईं ने 8 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 59 रन बनाए और विपक्षी टीम को 60 रनों का लक्ष्य दिया।

एलएसए ने 05 ओवर में ही 02 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर मुकाबला अपने नाम किया। उल्लेखनीय है, इण्टर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप में मुरादाबाद मंडल के संग-संग उत्तराखंड समेत बालक वर्ग की लगभग 20 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। इससे पूर्व मुरादाबाद के डिवीजनल असिस्टेंट डायरेक्टर ऑफ बेसिक एजुकेशन डॉ. बुद्ध प्रिय सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि क्रिकेट के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, हमारे समय में क्रिकेट ग्राउंड इतने विकसित नहीं थे। उन्होंने टीएमयू क्रिकेट गाउंड पर हुए रणजी ट्रॉफी, कर्नल सी के नायडू ट्रॉफी और कूच बिहार ट्रॉफी सरीखे टूनार्ममेंट का उदाहरण देते हुए कहा, टीएमयू स्टुडेंट्स के लि राष्ट्रीय लेवल की सुविधाएं उपलब्ध करा रही है।

स्टुडेंट्स से कहा, आपके पास टीएमयू का बेस्ट क्रिकेट ग्राउंड है। अतः आप पूरे दृढ़ निश्चय और मेहनत के बूते अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। डॉ. बुद्ध प्रिय तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से आयोजित बालक वर्ग की तीन दिनी इण्टर स्कूल क्रिकेट चौंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर टीएमयू के डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा



आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। इस मौके पर मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया गया। उद्घाटन समारोह में सभी प्रतिभागी टीमों के मेंटर्स को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# लेबर सिस्टम में बदलाव

देश में आज से नए श्रम कानून लागू हो गए हैं। इसे लेबर सिस्टम में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव माना जा रहा है। मोदी सरकार ने चार नई श्रम संहिताओं को आधिकारिक रूप से लागू किया है। सरकार का दावा है कि ये सिर्फ कानूनी बदलाव नहीं, बल्कि 40 करोड़ से ज्यादा कामगारों के जीवन में एक ऐतिहासिक क्रांति साबित होंगे। इन सुधारों का मकसद सिर्फ कानून बदलना नहीं, बल्कि हर श्रमिक को गरिमा, सुरक्षा और आर्थिक मजबूती देना है। आजादी के पहले और बाद के शुरुआती दौर (1930-1950) में बने 29 पुराने श्रम कानूनों को अब चार नए कोड में समाहित कर दिया गया है। ये हैं- वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा संहिता। सरकार का तर्क है कि आज की अर्थव्यवस्था और काम करने के तरीके पुराने जमाने से बिल्कुल अलग हैं, इसलिए नियम भी आधुनिक होने चाहिए। सबसे बड़ा बदलाव नियुक्ति पत्र को लेकर है। अब हर कर्मचारी को ज्वानिंग के वक्त अप्वाइंटमेंट लेटर देना अनिवार्य कर दिया गया है। इससे पारदर्शिता आएगी और कंपनियों की मनमानी पर रोक लगेगी। इसके अलावा, असंगठित क्षेत्र के करीब 40 करोड़ कामगारों को अब सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया गया है। इसका सीधा मतलब है कि उन्हें भी पीएफ , ईएसआईसी और पेंशन जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी। प्राइवेट नौकरी करने वालों के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी फिक्स्ड टर्म एम्प्लाइज यानी निश्चित अवधि के कर्मचारियों को लेकर है। पहले ग्रैच्युटी पाने के लिए एक ही कंपनी में लगातार 5 साल काम करना जरूरी होता था, जिससे अक्सर कर्मचारी वंचित रह जाते थे। नए नियमों के तहत, फिक्स्ड टर्म कर्मचारियों को अब महज एक साल की सेवा के बाद ही ग्रैच्युटी पाने का हक मिल गया है। इसके साथ ही, ओवरटाइम को लेकर भी स्थिति पूरी तरह साफ कर दी गई है, अगर कोई कर्मचारी तय घंटों से ज्यादा काम करता है, तो उसे सामान्य वेतन से दोगुना भुगतान करना होगा। वहीं, वेतन का भुगतान समय पर हो, इसके लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं, ताकि महीने के अंत में किसी को आर्थिक तनाव न झेलना पड़े। नए लेबर कोड में लैंगिक समानता पर विशेष जोर दिया गया है। अब महिलाएं रात की शिफ्ट में भी काम कर सकेंगी, बशर्ते उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों और उनकी सहमति ली गई हो। यह कदम महिलाओं को हाई-पेइंग जाब्स और सभी प्रकार के उद्योगों (जैसे माइनिंग आदि) में बराबर का मौका देगा। महिलाओं को समान काम के लिए समान वेतन की गारंटी भी दी गई है। वहीं, जोमैटो, स्विगी, ओला और उबर जैसे प्लेटफार्म्स पर काम करने वाले गिग और प्लेटफार्म वर्कर्स को पहली बार कानूनी ढांचे में परिभाषित किया गया है। अब कंपनियों को अपने सालाना टर्नओवर का 1.2 प्रतिशत हिस्सा इन वर्कर्स के कल्याण के लिए देना होगा। आधार से लिंक यूनिवर्सल अकाउंट नंबर के जरिये वे देश के किसी भी कोने में अपनी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। काम के साथ-साथ सेहत को भी प्राथमिकता दी गई है। नए नियमों के अनुसार, नियोक्ताओं को अपने उन सभी कर्मचारियों का साल में एक बार मुफ्त हेल्थ चेकअप कराना होगा, जिनकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है। यह कदम गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान और कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। इसके अलावा, खतरनाक क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए 100 प्रतिशत स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी दी गई है।

## लोकतंत्र को बचाने का अभियान



स्पष्ट करना चाहता हूं कि हम इस देश में से एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे, ये हमारा प्रण है, एसआईआर की प्रक्रिया देश और लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए है, कुछ राजनीतिक दल घुसपैठियों को निकालने के इस अभियान को कमजोर करना चाहते हैं, बिहार में जनता ने इस मुद्दे पर एनडीए को बहुमत दिया है, दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ राजनीतिक दल चुनाव आयोग की मतदाता सूची को सही करने के लिए लाई गई एसआईआर प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं, मैं आज देशवासियों से अपील करता हूं कि वे खुलकर और पूरी तरह से चुनाव आयोग द्वारा चलाई जा रही एसआईआर प्रक्रिया का समर्थन करें, घुसपैठियों का बचाव कर रहे राजनीतिक दलों को चेतावनी देना चाहता हूं कि बिहार चुनाव पूरे देश के जनादेश की तरह हैं।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

# बांधों को हटाने में वृद्धि के परिणाम



सभी बड़े बांधों की उम्र सीमित होती है। क्या आपने कभी सोचा है कि एक बार बांध का उपयोगी जीवन समाप्त होने पर उसका क्या होता है? इसे हटाना होता है जिसे डीकमीशनिंग कहते हैं। डीकमीशनिंग का मतलब बांध और उससे जुड़ी संरचनाओं को पूरी तरह हटाने से है।

दुनिया के तीसरे सबसे बड़े बांध निर्माता के रूप में भारत के लिए यह एक बहुत ही प्रासंगिक सवाल है। यह मुद्दा इसलिए और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि अब बड़े बांध न तो आवश्यक है और न ही व्यावहारिक। इसके अलावा अब बहती नदियों के महत्व को तेजी से सराहा जा रहा है। यह ध्यान में रखना जरूरी है कि किसी बांध को बिना उचित रखरखाव के नदी पर बने रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। इससे बांध के नीचे की ओर रहने वाले समुदाय और अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बना रहता है।

**नदियों को बहाल करने के लाभ**

यहां यह समझना आवश्यक है कि बांधों से सिंचाई, पनबिजली, घरेलू और औद्योगिक जल आपूर्ति, जल भंडारण और बाढ़ प्रबंधन जैसे लाभ प्रदान करने का दावा तो किया जाता है लेकिन विश्व बांध आयोग की रिपोर्ट के अनुसार अधिकांशतरू ए लाभ वादों से कम होते हैं। और बांध की उम्र बढ़ने के साथ, इसके जलाशय में गाद भर जाने के कारण यह लाभ और भी कम हो जाते हैं। इसके अलावा, यह लाभ भारी लागत और व्यापक प्रतिकूल प्रभावों के साथ आते हैं। इसलिए जब भी किसी बांध को हटाकर नदी का प्रवाह बहाल किया जाता है, तो यह बांध निर्माण से उत्पन्न कुछ प्रतिकूल प्रभावों उलट देता है। पुनरू प्रवाहमान नदी के कुछ लाभों में मछलियों के आवागमन तथा नदी पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली के साथ बांध के ऊपर व नीचे नदियों में पानी, गाद, रेत और पोषक तत्वों के प्रवाह की बहाली भी शामिल है। ऐसी नदियों के किनारे के समुदायों के लिए जल आपूर्ति और मछुआरों की आजीविका की भी बहाली होती है। इसका असर सांस्कृतिक कार्यों के लिए उपलब्ध पानी पर भी होता है। इस तरह से डीकमीशनिंग बांध के ऊपर व नीचे के इलाकों में और अधिक सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। बांध हटाने का मतलब नदी के निचले हिस्से में आपदाओं और बाढ़ के जोखिम में कमी और जलमग्न भूमि का पुनरू उपलब्ध होना भी है। मुक्त प्रवाह वाली नदियां जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति अधिक लचीली होती हैं और जलवायु परिवर्तन से अनुकूलन में मदद करती हैं। बहाल की गई नदियों से पानी की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। लिहाजा, समाज और अर्थव्यवस्था के लिए, बांध के जीवन में एक ऐसा समय अवश्य आता है जब इसकी लागत, इससे प्राप्त होने वाले लाभ से कहीं अधिक हो जाती हैय तब बांध को हटाना बेहतर होता है। इस बात का पता तभी चल सकता है जब समय-समय पर किसी बांध की लागत और लाभ के स्वतंत्र मूल्यांकन की प्रक्रिया की जाए। एक असुरक्षित बांध को बंद करना समाज और अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर होता है। फिलहाल भारत के पास बांधों को हटाने से सम्बंधित मुद्दों को लेकर कोई नीति या कार्यक्रम नहीं है।

**योजना की जरूरत**

बांध को हटाने की योजना बनाते समय यह ध्यान रखना आवश्यक होता है कि इसकी कुछ लागत तो आएगी ही। साथ ही नदी के पारिस्थितिकी तंत्र के प्रभावित होने की संभावना भी रहेगी। उदाहरण के लिए, बांध के पीछे जमी गाद के अचानक बहने से जलीय प्रजातियों के भोजन और अंडे देने के क्षेत्र नष्ट हो सकते हैं। इसके अलावा, नदी में डूबी जड़ें और तने तलछट के नीचे दबकर घर्षण से क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। यदि जलाशय के जलग्रहण क्षेत्र में प्रदूषण स्रोत उपस्थित हैं तो नदी के प्रवाह के साथ दूषित तलछट स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर सकती है। ऐसे में बांध को हटाने के विकल्पों और रणनीतियों की योजना नदी की प्रकृति, उसके भूविज्ञान, पारिस्थितिकी, जलवायु और अन्य सम्बंधित पहलुओं के अध्ययन के आधार पर बनाई जानी चाहिए।

**बांध क्यों हटाए जाएं?**

किसी बांध को हटाने का निर्णय कई कारणों से लिया जा सकता है। जैसे-जैसे अधिक से अधिक बांधों को हटाया जा रहा है और इसके लाभ स्पष्ट हो रहे हैं, उम्मीद है कि विश्व स्तर पर बांधों को हटाने की गति में तेजी आएगी। कुछ कारणों की बात यहां की जा रही है। व असुरक्षित बांध जब बांध आवश्यक स्पिलवे (अतिरिक्त पानी के निकलने का रास्ता) क्षमता से कम होने, गाद जमा होने, पुराने होने, क्षतिग्रस्त होने या नदी के बहाव को वहन न कर पाने के कारण असुरक्षित हो जाते हैं, तब बाढ़ या कोई अन्य आपदा आने से पहले इन्हें हटा देना समझदारी होगी। जलवायु परिवर्तन की स्थिति में वर्षा की तीव्रता, हिमनद-जनित झील के फटने, भूस्खलन या हिमस्खलन जैसी घटनाओं में वृद्धि बांधों को भी असुरक्षित बनाते हैं व आर्थिक रूप से अव्यावहारिक बांध घटे हुए लाभ, बढ़ी हुई लागत या इन दोनों के कारण बांध का रख-रखाव करना बहुत महंगा हो सकता है। लागत में वृद्धि मुख्य रूप से पर्यावरणीय प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए नियामक शर्तों में वृद्धि, बांध से ऊपर व नीचे मछलियों के प्रवास, स्पिलवे क्षमता बढ़ाने के लिए नए निर्माण की आवश्यकता वगैरह के कारण हो सकती है। ऐसे मामलों में बांध को हटाने की लागत के बावजूद उसे हटा देना ही सस्ता होगा। उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में बांधों के जलाशय मीथेन और कार्बन डाईऑक्साइड के जाने-माने स्रोत हैं। (कार्बन डाईऑक्साइड की तुलना में मीथेन लगभग 24 गुना अधिक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है) ये दोनों प्रमुख ग्रीनहाउस गैसें हैं। बांध को हटाकर हम ऐसे उत्सर्जन को भी रोक सकते हैं। इसके अलावा, बांधों को हटाने के बाद जलमग्न क्षेत्र के कुछ हिस्सों के पुनः नवीनीकरण और नदी को बाढ़ क्षेत्र और आर्द्रभूमि से जोड़कर नए कार्बन सोख्ता भी बनाए जा सकते हैं। इस प्रकार बांध हटाना जलवायु परिवर्तन को थामने और अनुकूलन रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। बांध निर्माण के 100 वर्षों से भी अधिक अनुभव से पता चला है कि बांधों का जीवनकाल सीमित होता है। खराब डिजाइन जीवनकाल को कम कर सकती है, उनमें गाद जमा हो सकती है और उनका प्रदर्शन अपेक्षा से कम हो सकता है। इसके अलावा यह आसपास की आबादी के लिए जोखिम तो पैदा करता ही है, इससे नदियां और मछली पालन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

**विश्व स्तर पर बांधों को हटाने की मुहिम**

यूएसए बांध हटाने की परियोजनाओं में सबसे आगे है। वहां इस प्रक्रिया की शुरुआत कई संघीय कानूनों के साथ हुई। उदाहरण के लिए, 1968 के वाइल्ड एंड सीनिक रिवर एक्ट और 1969 के नेशनल एनवायरनमेंटल पॉलिसी एक्ट ने बांध निर्माताओं को नदियों के पारिस्थितिक लाभों को ध्यान में रखने के लिए मजबूर किया। 1990 के दशक की शुरुआत से लेकर 3 दशकों तक बांधों को हटाने की प्रक्रिया में काफी तेजी आई है। कोविड-19 महामारी के दौरान कमी आने से पहले तक प्रति वर्ष 100 से अधिक बांध हटाए गए। अमेरिकन रिवर्स के अनुसार, अमेरिका में अब तक 2025 बांध हटाए जा चुके हैं। यूएसए में अधिकांश बांधों को फेडरल एनर्जी रेगुलेटरी कमीशन (एफईआरसी) या उसके राज्य समकक्ष द्वारा लायसेंस दिया जाता है। आम तौर पर इसकी अवधि 30 से 50 वर्षों की होती है। इस अवधि के अंत में बांध का पुनर्मूल्यांकन करने के बाद उन्हें सेवानिवृत्त किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त सुरक्षा चिंताओं (भूकंपीय क्षति आदि) की स्थिति में बांधों का लायसेंस रद्द करने की आपातकालीन प्रक्रियाएं भी हैं। पुनः लायसेंसिंग प्रक्रिया में पर्यावरणीय आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से नई परिचालन शर्तों को अनिवार्य किया जाता है। इनमें न्यूनतम प्रवाह में वृद्धि, अतिरिक्त या बेहतर मछली सीढ़ी, आवधिक उच्च प्रवाह और तटवर्ती भूमि के लिए सुरक्षा उपाय शामिल हैं।

अमेरिकन रिवर्स के एक दस्तावेज के अनुसार हवर्ष 1999 में अमेरिका स्थित एडवर्ड्स बांध को हटाना एक निर्णायक मोड़ रहा जब पहली बार एफईआरसी ने किसी बांध को हटाने का आदेश दिया। इस बांध की लागत इसके लाभों से कहीं अधिक पाई गई थी। एडवर्ड्स बांध के हटने से एक समय की कल्पनातीत अवधारणा जीर्ण-शीर्ण ढांचे और नदियों को बहाल करने की समस्या से निपटने का एक कारगर उपाय साबित हुआ। इसके नतीजे में अब बांध सुरक्षा कार्यालय, मत्स्य पालन प्रबंधक, बांध मालिक और विभिन्न समुदाय बांधों के लाभों और प्रभावों पर दोबारा विचार कर रहे हैं। कई स्थानों पर बांधों को हटाने को सबसे अच्छा विकल्प माना जा रहा है।

# लजीज व्यंजनों की थाली



मध्यप्रदेश या राजस्थान की खास डिश है दाल बाफला। वहीं दक्षिण भारत के व्यंजनों में डोसे का जिक्र न हो तो खानपान अधूरा सा लगता है। सेहत से भरी हरी मूंग दाल का डोसा, जिसे पेसारेटू भी कहते हैं, स्वाद में कुरकुरा होता है। इसे नाश्ते में, शाम को स्नैक के तौर पर भी खाया जा सकता है। वहीं अरबी तो पूरे उत्तर से लेकर दक्षिण तक सबकी फेवरेट है।

**दाल बाफला**

2 कप आटा, 1/4 कप मकई का आटा, 1 टी स्पून जीरा, 1/4 टी स्पून अजवाइन, 1 टी स्पून नमक, 1/2 कप घी, 1/2 कप पानी, 1/2 टी स्पून हल्दी, दाल के लिए, 1-1/2 कप अरहर की दाल, 1 कप पानी, 1/2 टी स्पून हल्दी, 1 टी स्पून नमक,

**तड़के के लिए**

1 टेबल स्पून घी, 1/4 टी स्पून हींग, 1/2 टी स्पून सरसों के दाने, 1 टी स्पून लाल मिर्च पाउडर, 1/2 टी स्पून चीनी, 3 टेबल स्पून हरा धनिया,

**बाफला बनाने के लिए**

1.एक बाउल में गेंहू का आटा और मकई का आटा लें, जीरा, अजवाइन और नमक डालें।, इसे अच्छे से मिलाएं और इसमें घी डालें, इसे अच्छे से मिलाएं, अब इसमें पानी डालकर डो तैयार कर लें, छोटी-छोटी बॉल्स बना लें, अब एक पैन में पानी गर्म करें इसमें नमक और हल्दी डालें। इन बॉल्स को पैन में डाले और उबलने दें, इन्हें तब तक पकने दें जब तक यह ऊपर न तैरने लगे, इसके बाद पानी छान लें और इन्हें ड्राई होने दें, अब इन्हें 200 डिग्री सेल्सियस तापमान पर 20 से 30 मिनट के लिए बेक करें।

**दाल बनाने के लिए**

1.भीगी हुई अरहर की दाल को प्रेशर कुकर डाले और पानी भी डालें , हल्दी और नमक डालें। प्रेशर कुकर में पकाएं,

**तड़का बनाने के लिए**

1.एक पैन में घी डालें, इसमें हींग और सरसों के दाने डालकर अच्छे से भूनें , इसके बाद लाल मिर्च पाउडर डालें अब इसे दाल में डालें और पकाएं, इसमें चीनी और हरा धनिया डालें और अच्छे से मिलाएं, गर्म-गर्म दाल को बाफला पर डालकर सर्व करें, पेसारेटू या हरा डोसा

**आवश्यक सामग्री**

1 कप मूंग की दाल, कप पानी भिगोने के लिए, कप बारीक कटी हुई धनिया पत्ती, 1 प्याज, 6 हरी मिर्च, 4 टेबल स्पून चावल का आटा, 1 टेबलस्पून नमक, 1 कप

**पेसारेटू बनाने की विधि**

सबसे पहले एक कटोरा लेकर उसमे हरी मूंग की दाल डाल ले और 2 कप पानी डालकर रातभर भीगने के लिए छोड़ दें। कम से कम 6-8 घंटे तक भीगने दे और दाल को ढक कर रख लें । एक बड़ा प्याज लें। आधा प्याज काटकर उसके छोटे टुकड़े काट लें और इसके बाद कटी हुई प्याज को एक मिक्सर जार में डाल लें। प्याज के साथ इस जार में हरी मिर्च और बारीक कटी हुई धनिया पत्ती भी डालें।

भीगी हुई हरी मूंग की दाल को=कप पानी के साथ मिलकर एक गाढ़ा पेस्ष्ट बना लें और इस पेस्ट को एक कटोरे में भरकर रख लें।

इसमें चावल का आटा और नमक भी अच्छी तरह से मिला ले । इसमें आधा कप पानी और डालें, ताकी ये थोड़ा मुलायम हो जाये। अब इसे अलग रख दें। डोसा बनाने के लिये एक समतल तवा लें और उसे गर्म करें। आधी प्याज की मदद से तवे पर 2 टेबलस्पून तेल लगा लें। इसके बाद तवे को गैस से हटा लें और उस पर घोल डालकर गोल आकार दें। थोड़े तेल के साथ डोसे को ग्रीस करें तथा ग्रिडल से अतिरिक्त घोल हटा दें। इसे करीब एक से डेढ़ मिनट तक पकाएं और पलट कर आधे मिनट तक रख दें। इस तरह से आपका डोसा तैयार है। इसे गर्मागरम परोसें ताकी इसका कुरकुरापन कम न होने पाएं।

**मुगलई दम अरबी**

अरबी को काटकर सब्जी के तौर पर या सूखी सब्जी की तरह आपने खूब खाया होगा। इस बार अरबी का मुगलई दम स्वाद भी चखें। इसे आसानी से कुछ ही देर में बना सकते हैं।

**मुंगलई दम अरबी बनाने की सामग्री**

अरबी- 500 ग्राम, इलायची- 1 लौंग- 4, धनिया पाउडर- 2 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर- 1 चम्मच हल्दी पाउडर- 1 चम्मच क्रीम- 1/4 कप, दही- 1/2 कप, नमक- स्वादानुसार, घी- आवश्यकतानुसार, सूखे मेवे- गार्निशिंग के लिए, पेस्ट बनाने के लिए, बारीक कटा प्याज- 2, खसखस- 2 चम्मच, काजू- 5 ' बारीक कटा अदरक- 1 चम्मच, बारीक कटा लहसुन, 4 कलियां।

**बनाने की विधि**

मुंगलई दम अरबी बनाने के लिए सबसे पहले अरबी को अच्छी तरह से धोकर छील लें। इसके बाद इन्हें बीच से काट दें। दूसरी ओर खसखस को गर्म पानी में भिगोएं और काजू को भी गुनगुने पानी में भिगो दें। कड़ाही में थोड़ा-सा घी गर्म करें और उसमें अरबी के टुकड़े डालें। सुनहरा व मुलायम होने तक पकाएं। टिश्यू पेपर पर निक. ालकर रख दें। उसी कड़ाही में एक चम्मच घी और गर्म करें। बारीक कटे प्याज को सुनहरा होने तक भून लें।

# अद्भुत निशाचर प्रवृत्ति ने कई मछली प्रजातियों को विलुप्ति से बचाया

लगभग 14.5 करोड़ साल पहले पूरी पृथ्वी पर ज्वालामुखी विस्फोट हुए थे, जिससे आसमान में छाए धुएं के बादलों ने पृथ्वी पर अंधकार कर दिया था। इसके चलते हजारों प्रजातियां खत्म हो गई थीं। लेकिन एसिपेंसरिफॉर्मेस जैसी कुछ मछलियां इस विपदा को झेलकर जीवित बची रहीं। आगे चलकर इन्हीं से आजकल की स्टर्जन्स विकसित हुईं। वैकासिक जीवविज्ञानी इस बात पर बहस करते रहे हैं कि क्यों कुछ प्रजातियां जीवित बचीं जबकि कई अन्य प्रजातियां विलुप्त हो गईं। हाल ही में एक अध्ययन ने एक नया विचार प्रस्तुत किया है, संभवतः ये प्रजातियां अपनी निशाचर प्रवृति के कारण जीवित बच पाईं। कुछ पूर्व अध्ययनों से यह तो मालूम था कि करीब 6. 6 करोड़ साल पहले किसी बाहरी पिंड के पृथ्वी से टकराने के कारण डायनासौर समेत कई जीव विलुप्त हो गए थे, लेकिन इसमें कई निशाचर स्तनधारी विलुप्ति से बच गए थे, तो क्या अन्य आपदाओं के मामले में भी जीवों की निशाचर प्रवृत्ति ने उन्हें बचने में मदद की होगी? जानने के लिए टोरंटो विश्वविद्यालय के वैकासिक जीवविज्ञानी मैक्सवेल शेफर और उनके साथियों ने वर्तमान मछलियों पर ध्यान दिया। वर्तमान मछलियों पर ध्यान केंद्रित करने का एक और कारण यह था कि सिर्फ जीवाश्म देखकर यह पता करना मुश्किल होता है कि वह जीव निशाचर था या दिनचर। अध्ययन में उन्होंने लगभग 4000 हड्डी वाली मछली प्रजातियों और शार्क जैसी 135 उपास्थिवाली प्रजातियों के दिन-रात के व्यवहार का अध्ययन किया और एक वंशवृक्ष पर इन व्यवहारों को चित्रित किया। फिर उन्होंने सिमुलेशन (अनुकृति) की मदद से आधुनिक मछलियों के पूर्वजों के दिन-रात के संभावित व्यवहार के पैटर्न बनाए। इसमें से उन्होंने उस पैटर्न को चुना जो वर्तमान प्रजातियों के दिन-रात की गति. विधि की सबसे अच्छी व्याख्या कर सकता था। स्टर्जन जैसी कुछ मछलियां तो हमेशा से निशाचर रही हैं। बायोआर्काइव में प्रकाशित नतीजों के अनुसार सभी मछलियों के पूर्वज भी रात्रिचर थे और विलुप्ति से बची कई मछली प्रजातियां भी निशाचर थी। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि अन्य कशेरुकियों की तुलना में ज्यादा मछलियां कई बार निशाचर से दिनचर और दिनचर से निशाचर में तब्दील होती रही हैं और तो और, 14.5 करोड़ साल और 6.6 करोड़ साल पहले के संक्रमण काल में यह तब्दीलियां सबसे अधिक थीं। उक्त दोनों ही घटनाओं के दौरान तापमान में अचानक बहुत अधिक वृद्धि हुई थी। संभव है कि रात में सक्रिय रहने के कारण निशाचर जीव दिन के चरम तापमान से बच गए और जब पर्यावरणीय उथल-पुथल शांत हुई तो निशाचर प्रजातियां दिनचर में परिवर्तित हो गई और पारिस्थितिकी में रिक्त स्थानों को भर दिया और अंततः इस तब्दीली ने मछलियों में निशाचर और दिनचर प्रजातियों के बीच संतुलन बहाल कर दिया। जैसा कि हमें पूर्व अध्ययन से ज्ञात है कि शुरुआती स्तनधारी डायनासौर से बचने के लिए निशाचर थे, डायनासौर के विलुप्त होने के बाद वे दिन में सक्रिय होने लगे। उभयचर और अन्य थलीय कशेरुकी भी अपने अधिकांश विकास के दौरान निशाचर रहे, लेकिन बाद में उनमें से अधिकांश दिनचर हो गए। इस आधार पर शोधदल का कहना है कि निशाचर होना आपदाओं से बच निकलने की एक रणनीति है। अन्य विशेषज्ञ थोड़ी सतर्कता बरतने को कहते हैं, जैसे अध्ययन का यह मुख्य निष्कर्ष तो सही लगता है कि निशाचर होने से वैकासिक लाभ हुआ लेकिन ऐसा कई कारणों से हो सकता है। जैसे जब 6.6 करोड़ वर्ष पहले पृथ्वी पर अंधेरा छा गया था तो संभव है दिनचर जीव अपने शिकार या भोजन को देख न पाते हों जबकि निशाचरों के लिए अंधेरे में भोजन तलाशना कोई बाधा ही नहीं थी। या हो सकता है वनस्पतियां मर गई हो और साथ ही उन पर निर्भर शाक. ाहारी जीव भी। कई निशाचर जीव अपशिष्ट भोजन पर निर्भर होते हैं, जो इतनी जल्दी खत्म नहीं होता। तो संभव है कि जीवित रहने का लाभ भोजन पारिस्थितिकी से मिला हो, न कि मात्र निशाचर होने से। इन अध्ययनों में व्यापक विलुप्ति की उन आपदाओं को ही देखा गया है जिनमें पृथ्वी पर गर्मी बढ़ी थी और अंधकार छाया था। कई वैज्ञानिकों का मत है कि अन्य तरह की आपदाओं को शामिल करके देखना मददगार होगा। बहरहाल, यह निष्कर्ष एक संभावना तो जताता है कि तेजी से बदलती जलवायु में संभवतः निशाचर जीवों के बचने की संभावना अन्य से अधिक होगी।

शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि अन्य कशेरुकियों की तुलना में ज्यादा मछलियां कई बार निशाचर से दिनचर और दिनचर से निशाचर में तब्दील होती रही हैं और तो और, 14.5 करोड़ साल और 6.6 करोड़ साल पहले के संक्रमण काल में यह तब्दीलियां सबसे अधिक थीं। उक्त दोनों ही घटनाओं के दौरान तापमान में अचानक बहुत अधिक वृद्धि हुई थी। संभव है कि रात में सक्रिय रहने के कारण निशाचर जीव दिन के चरम तापमान से बच गए और जब पर्यावरणीय उथल-पुथल शांत हुई तो निशाचर प्रजातियां दिनचर में परिवर्तित हो गई और पारिस्थितिकी में रिक्त स्थानों को भर दिया और अंततः इस तब्दीली ने मछलियों में निशाचर और दिनचर प्रजातियों के बीच संतुलन बहाल कर दिया। जैसा कि हमें पूर्व अध्ययन से ज्ञात है कि शुरुआती स्तनधारी डायनासौर से बचने के लिए निशाचर थे, डायनासौर के विलुप्त होने के बाद वे दिन में सक्रिय होने लगे। उभयचर और अन्य थलीय कशेरुकी भी अपने अधिक. ांश विकास के दौरान निशाचर रहे, लेकिन बाद में उनमें से अधिकांश दिनचर हो गए।



**...साभार एसएफ**

# बांग्लादेश में 5.7 तीव्रता का भूकंप, 6 की मौत, 200 घायल

## आयरलैंड-बांग्लादेश क्रिकेट मैच रुका, 10 मंजिला इमारत झुकी, कोलकाता तक महसूस हुए झटके

**ढाका/कोलकाता।** बांग्लादेश में शुक्रवार सुबह करीब 10:08 (भारतीय समयानुसार) बजे 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 200 से ज्यादा घायल हुए हैं। भूकंप का केंद्र नरसिंगदी के माधबदी में था, जो ढाका से सिर्फ 25 किलोमीटर दूर है। झटके इतने तेज थे कि इसके असर से एक दस मंजिला इमारत दूसरी तरफ झुक गई। वहीं, बांग्लादेश-आयरलैंड इंटरनेशनल क्रिकेट मैच भी कुछ देर के लिए रोक दी गई। गाजीपुर के श्रीपुर में भूकंप के दौरान भारी हादसा हो गया।

घबराहट की वजह से एक बहुमंजिला इमारत से निकलने की कोशिश में भगदड़ मच गई, जिसमें 150 से ज्यादा मजदूर घायल हो गए। घटना डेनिमके नाम की एक कपड़ा फैक्ट्री में हुई। घायलों को श्रीपुर उपजिला स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मजदूरों ने शिकायत की कि भूकंप आने के बाद अधिकारियों ने



- झटके इतने तेज थे कि इसके असर से एक दस मंजिला इमारत दूसरी तरफ झुक गई
- घायलों को श्रीपुर उपजिला स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है

कारखाने का मेनगेट खोलने से इनकार कर दिया था। इससे दहशत फैल गई जिसकी वजह से ज्यादा लोग घायल हुए। आज सुबह आए भूकंप के दौरान नारायणगंज के रूपगंज उपजिला में एक दीवार गिरने से 10 महीने की बच्ची की मौत हो गई। बच्चे की मां और एक पड़ोसी घायल हो गए और फिलहाल उनका उपजिला के एक निजी मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। बच्ची की मां ने द डेली स्टार को बताया कि भूकंप महसूस होते ही, बच्चे की मां अपनी बेटी के साथ घर से बाहर निकल आई। जब वे पास में ही अपनी मां के घर जा रही थीं, तो सड़क किनारे एक दीवार अचानक उनके ऊपर गिर गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। बांग्लादेश में अब तक का सबसे बड़ा भूकंप 1762 में आया था। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.5 थी। इसे 'ग्रेट अराक. न अर्थक्वेक' के नाम से जाना जाता है। इसके चलते बांग्लादेश में भी भारी नुकसान हुआ था। भूकंप के आधे घंटे के अंदर 6 से 15 मीटर तक ऊंची सुनामी ने चटगांव शहर को पूरी तरह तबाह कर दिया। सदरघाट और आसपास के बड़े इलाके हमेशा के लिए समुद्र में डूब गए। इस भूकंप में हजारों लोगों की मौत हुई थी। उस समय बंगाल में ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन था। कंपनी के दस्तावेजों में लिखा है कि चटगांव शहर रातों-रात गायब हो गया। पुर्तगाली और डच व्यापारियों के रिकॉर्ड में भी इसका जिक्र है। स्थानीय बंगाली और अराकानी लोककथाओं में इसे श्समुद्र के बदले के रूप में याद किया जाता है। कोलकाता में शुक्रवार सुबह 10:10 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक, झटके करीब 20 सेकेंड तक महसूस हुए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.2 थी। अब तक किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। कूचबिहार, दक्षिण दिना. जपुर, मालदा और नादिया के कई इलाकों में इसका असर देखा गया। भूकंप का केंद्र बांग्लादेश बताया जा रहा है।



बैंकॉक। नोनथाबुरी में 2025 मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता जीतने के बाद अन्य प्रतियोगियों के साथ जश्न मनाती मिस मैक्सिको फातिमा बॉश (बीच में)।

## ईयू से रूस के 'छद्म बेड़े' पर नया प्रतिबंध लगाने का आग्रह

**एम्स्टर्डम।** नीदरलैंड ने रूस के 'छद्म बेड़े' और तेल कंपनियों पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है। नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक के दौरान यह जानकारी दी। वील ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा कि हमने यूक्रेन के लिए यूरा. पीय संघ का समर्थन बढ़ाने और रूस पर उसके आक्रामक युद्ध को रोकने के लिए दबाव बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया है। मैंने तत्काल वित्तीय, सैन्य एवं ऊर्जा सहायता के साथ-साथ रूसी छद्म बेड़े के जहाजों और तेल कंपनियों पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाक के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.7 करोड़ डॉलर की वृद्धि

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने यह जानकारी दी है। बैंक ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 14 नवम्बर को समाप्त सप्ताह के दौरान एसबीपी का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 14.55 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वाणिज्यिक बैंकों के पास शुद्ध विदेशी मुद्रा भंडार 5.19 अरब डॉलर दर्ज किया गया। एसबीपी के अनुसार, देश का कुल तरल विदेशी भंडार बढ़कर 19.74 अरब डॉलर हो गया है।

### ब्रिटेन ने स्विडन में नया ड्रोन उत्पादन केंद्र शुरू किया

**लंदन।** ब्रिटेन ने दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड के स्विडन में एक नया ड्रोन उत्पादन केंद्र शुरू किया है। ब्रिटिश सरकार ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 40,000 वर्ग फुट में निर्मित इस संयंत्र का उद्घाटन रक्षा मंत्री अल कार्न्स ने किया है। यह जर्मनी के बाहर स्टार्क का पहला उत्पादन केन्द्र है। आने वाले महीनों में यहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से लैस मानवरहित ड्रोनों का निर्माण शुरू हो जाएगा। बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि ड्रोन यूक्रेन को दिए जाएंगे या नहीं, लेकिन कहा गया है कि यह सुविधा हजारों वर्टस लोइटरिंग गोला-बारूद का उत्पादन करेगी, जिसे यूक्रेन में पहले ही सफलतापूर्वक तैनात किया जा चुका है।

### लावरोव ने ईरानी विदेश मंत्री के साथ सुरक्षा पर चर्चा की

**मास्को।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची के साथ फोन पर क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की। यह जानकारी रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में दी। मंत्रालय ने कहा कि रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने 20 नवम्बर को ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। बातचीत का मुख्य विषय क्षेत्रीय सुरक्षा था।

### वियतनाम में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 41 हुई

**हनोई।** मध्य वियतनाम में मूसलाधार बारिश और बाढ़ के कारण 41 लोगों की मौत हो गई है जबकि नौ अन्य लोग लापता हैं। स्थानीय दैनिक वीएन एक्सप्रेस ने गुरुवार रात वियतनाम आपदा और डाइक प्रबंधन प्राधिकरण के हवाले से यह जानकारी दी। प्राधिकरण के मुताबिक बाढ़ से 167 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और 52000 से अधिक जलमग्न हो गए हैं, जबकि 13000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में खड़ी फसलें नष्ट हो गई है, लगभग 2100 हेक्टेयर पेड़, 88 हेक्टेयर जलीय कृषि तथा 30,700 से अधिक पशुधन नष्ट हो गए हैं।

# चीन-जापान तनाव से इंडियन सी-फूड की डिमांड बढ़ी

## अमेरिकी टैरिफ झेल रहे एक्सपोर्टर्स के शेयर 10 प्रतिशत तक चढ़े, भारत के लिए नया बाजार राहत की उम्मीद

**नई दिल्ली।** चीन और जापान के बीच ताइवान को लेकर बढ़ते तनाव का सीधा फायदा भारत को मिल रहा है। चीन ने बुधवार को जापान से आने वाले सभी सीफूड (जैसे- मछली, झींगा) पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद भारतीय सीफूड निर्यातकों के शेयरों में तेज उछाल देखने को मिला। चीन के इस फैसले से उसके बाजार में सीफूड की कमी का खतरा पैदा हो गया है।

इसे पूरा करने के लिए वह भारत जैसे देशों की तरफ तेजी से रुख कर रहा है। इसके चलते भारतीय सीफूड कंपनियों के शेयरों में तेजी आई है। तेलंगाना की अवंती फीड्स के शेयर करीब 10 प्रतिशत तक चढ़ गए। यह कंपनी के शेयर में पिछले दो महीनों में सबसे बड़ी बढ़त है। वहीं एक और सीफूड कंपनी कोस्टल कारपोरेशन के शेयर भी 5 प्रतिशत बढ़े। कंपनी ने अप्रैल में कहा था कि वह चीन को निर्यात बढ़ाएगी। चीन और जापान के बीच विवाद की वजह जापानी पीएम साने ताकाइची का एक बयान है। दरअसल ताकाइची ने 7 नवम्बर को कहा कि अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया तो जापान मदद के लिए अपनी सेना भेजेगा। चीन ने इस बयान को बेहद गैर-जिम्मेदार और उकसाने वाला बताया। इसके अगले ही दिन



- चीन के इस फैसले से उसके बाजार में सीफूड की कमी का खतरा पैदा हो गया
- एक और सीफूड कंपनी कोस्टल कारपोरेशन के शेयर भी 5 प्रतिशत बढ़े

विवाद और बढ़ गया जब जापान में चीन के काउंसल जनरल शुए जियान ने एक्स पर लिखा कि वह इस मामले में दखल देने वाले की गर्दन काट देंगे।

इसके बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजदूतों को तलब किया। चीन ने अपने नागरिकों को जापान न जाने के लिए आगाह किया है और चेतावनी दी है कि वहां जाने पर उन्हें खतरे का सामना करना पड़ सकता है। पीएम साने ताक. इची ने जापानी संसद में 7 नवम्बर को दिए अपने पहले ही संबोधन में ताइवान का समर्थन किया था। भारत के लिए चीन के बाजार का मौका ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने भारतीय सीफूड पर 50 प्रतिशत तक का टैक्स लगा रखा है। इससे अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय सीफूड निर्यात में अक्टूबर में 9 प्रतिशत की गिरावट हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन, वियतनाम और थाईलैंड को भारत का निर्यात बढ़ा है। भारत ने पिछले वित्त वर्ष में 7.4 बिलियन डालर यानी लगभग 61 हजार करोड़ रुपये का सीफूड निर्यात किया था। ज्यादातर निर्यात फ्रोजन श्रिम्प (झींगा) और फ्रोजन फिश का था। अमेरिका अभी भी भारत का सबसे बड़ा सीफूड बाजार है। वालमार्ट और क्रोगर जैसे बड़े अमेरिकी रिटेलर भारतीय उत्पाद खरीदते हैं। 2023-24 में भारत ने 17.81 लाख टन सीफूड दुनिया के बड़े बाजारों अमेरिका, यूरोप, ब्रिटेन और चीन को भेजा था। जापान के लिए चीन के बाजार का बंद होना बड़े झटके जैसा है। जापान अपने कुल सीफूड निर्यात का 20-25 प्रतिशत सीफूड चीन को करता है। चीन जापानी निर्यातकों के लिए सबसे बड़ा बाजार है। हालांकि उसके कुल निर्यात में सीफूड का हिस्सा। प्रतिशत है। हाल ही में दो साल के अंतराल के बाद जापान ने चीन को सीफूड निर्यात दोबारा शुरू किया था। चीन ने 2023 में जापान से आने वाले सीफूड पर बैन लगा दिया था। एनएचके की रिपोर्ट के मुताबिक यह प्रतिबंध फुकुशिमा न्यूक्लियर प्लांट से समुद्र में छोड़ गए पानी की वजह से लगाया था। नए प्रतिबंध से जापानी कंपनियों को भारी नुकसान की आशंका है। चीन के सरकारी मीडिया का कहना है कि जापान ताइवान मुद्दे में बेवजह दखल दे रहा है और ऐसा करके खुद अपने देश को खतरे में डाल रहा है। एक न्यूज एडिटोरियल में यह भी लिखा गया कि अगर जापान की सेना ने इस मामले में दखल दिया तो पूरे क्षेत्र को नुकसान झेलना पड़ेगा। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि जापान और अमेरिका ताइवान को स्वतंत्र देश की तरह मान्यता तो नहीं देते, लेकिन अमेरिका उसकी सुरक्षा में मदद करता है और उस पर किसी भी जबरन कब्जे का विरोध करता है। ताइवान जापान से सिर्फ 110 किलोमीटर दूर है। ताइवान के आसपास का समुद्री क्षेत्र जापान के लिए बेहद अहम है, क्योंकि यह उसका एक महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्ग है।

## ऊर्जा सुरक्षा के लिए वैश्विक कार्रवाई का आह्वान

**इलरू।** छोटे द्वीपीय विकासशील देशों की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए समन्वित वैश्विक प्रयासों का आह्वान करते हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सौर ऊर्जा को परिवर्तन और सामाजिक क्रांति का एक उपकरण बताया। अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) एसआईडीएस के उच्च-स्तरीय मंत्रिस्तरीय नेतृत्व सत्र में बोलते हुए यादव ने आईएसए के जरिये द्वीपीय देशों को भारत के समर्थन की पुष्टि की और स्वच्छ ऊर्जा में देश के तेज विस्तार के संकेत दिए। संयुक्त राष्ट्र कॉप-30 के दौरान उच्च-स्तरीय मंत्रिस्तरीय नेतृत्व सत्र में छोटे द्वीपीय विकासशील राज्य (एसआईडीएस) और आईएसए के सदस्य देशों के मंत्री तथा वरिष्ठ प्रतिनिधि एक साथ दिखे। यादव ने कहा, एसआईडीएस आयातित जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता, जलवायु संबंधी बाधाओं और नाजुक बुनियादी ढांचे के कारण अद्वितीय कमजोरियों का सामना करते हैं। उन्होंने सस्ती, स्वच्छ और लचीली ऊर्जा प्रणालियों को बढ़ाने के लिए सामूहिक कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया। भारत के मुताबिक, साझा क्रेडिटिंग तंत्र (जेसीएम) वैश्विक स्तर पर न्यायसंगत एवं व्यापक जलवायु कार्रवाई को आगे बढ़ाने का अहम साधन बनकर उभरा है।

## जॉनसन की लापरवाही से कोविड में 23 हजार मौतें ज्यादा हुई

**लंदन।** ब्रिटेन की कोविड जांच रिपोर्ट में सामने आया है कि पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जानसन की देर से लिए गए फैसलों की वजह से देश में 23000 अतिरिक्त मौतें हुईं। रिपोर्ट के मुताबिक जानसन शुरू में वायरस की गंभीरता को समझ ही नहीं पाए और लाकडाउन लगाने में देरी करते रहे। रिपोर्ट की चेयरपर्सन, पूर्व जज हीथर हैलेट ने कहा कि महामारी के दौरान सरकार में टाक्सिक और अराजक माहौल था। जानसन लगातार फैसले बदलते थे और कई अहम सुझाव नजरअंदाज किए गए। जांच में यह भी पाया गया कि अगर ब्रिटेन ने एक हफ्ता पहले यानी 16 मार्च 2020 को लाकडाउन लगाया होता, तो पहली लहर में मौतों की संख्या 48 प्रतिशत कम हो सकती थी। कोविड काल में जानसन सरकार पर कई आरोप लगे, जिनमें डाउनिंग स्ट्रीट में पार्टियां करने और लाकडाउन नियम तोड़ने के मामले भी शामिल थे। इसी दौरान स्वास्थ्य मंत्री मैट हैनकाक और मुख्य सलाहकार डामिनिक कमींग्स के आचरण पर भी गंभीर सवाल उठे। रिपोर्ट में भविष्य की महामारी से निपटने के लिए 19 सिफारिशें भी दी गई हैं।

# मोदी जी-20 में शामिल होने साउथ अफ्रीका पहुंचे

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प शामिल नहीं होंगे, राजदूत भेजेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी शुक्रवार को 3 दिन के दौरे पर साउथ अफ्रीका पहुंचे। वे जोहान्सबर्ग में होने वाले जी-20 देशों के 20वें शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस बार की जी-20 मीटिंग साउथ अफ्रीका की मेजबानी में हो रही है। पीएम मोदी 21 से 23 नवम्बर तक साउथ अफ्रीका में रहेंगे।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री तीन मुख्य सेशंस में बोलेंगे। समिट के दौरान पीएम मोदी कई देशों के नेताओं से अलग-अलग मुलाकात भी करेंगे। इसके अलावा वे इंडिया-ब्राजील-साउथ अफ्रीका (आईबीएसए) देशों की बैठक में भी शामिल होंगे। यह मोदी की दक्षिण अफ्रीका की चौथी आधिकारिक यात्रा है। इससे



- पहले बायकाट का ऐलान किया था

पहले 2016 में द्विपक्षीय यात्रा और उसके बाद 2018 और 2023 में दो ब्रिक्स शिखर सम्मेलनों के लिए मोदी गए थे। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जी-20 समिट में भाग नहीं ले रहे हैं। एक दिन पहले ट्रम्प ने अपने रुख में बदलाव करते हुए साउथ अफ्रीका में अपने कार्यवाहक राजदूत मार्क डी. डिलार्ड को भेजने का ऐलान किया है। रवाना होने से पहले मोदी ने स्टेटमेंट जारी कर कहा-मैं दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में जोहान्सबर्ग में हो रहे 20वें जी-20 समिट में भाग लेने के लिए 21-23 नवम्बर तक की यात्रा पर जा रहा हूं। यह यात्रा दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के निमंत्रण पर हो रही है। मोदी ने आगे बताया कि, यह समिट खास होगा क्योंकि यह अफ्रीका में आयोजित होने वाला पहला जी-20 शिखर सम्मेलन होगा। 2023 में भारत की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान, अफ्रीकी यूनियन जी-20 का सदस्य बन चुका था। मोदी ने कहा-यह शिखर सम्मेलन प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर चर्चा का एक अवसर होगा।

# 27वें संशोधन के खिलाफ हाईकोर्ट के चार जज

## पाकः आसिम मुनीर को ज्यादा शक्तियां देने वाले कानून को चुनौती देने की इजाजत नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को ज्यादा शक्तियां प्रदान करने वाले संविधान के 27वें संशोधन पर सुप्रीम कोर्ट के बाद देश की हाईकोर्ट के जजों ने भी आपत्ति जताई है। बताया गया है कि इस्लामाबाद हाईकोर्ट के चार जज शहबाज शरीफ सरकार की तरफ से लाए गए 27वें संविधान संशोधन को चुनौती देना चाहते थे, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने ही इन जजों को इजाजत नहीं दी और इन सभी को हाल ही में बनाए गए संघीय संविधान अदालत (एफसीसी) जाने के निर्देश दिए।

पाकिस्तान में एक हफ्ते पहले ही संविधान के 27वें संशोधन को अंजाम दिया गया। संसद के दोनों सदनों में इसे मंजूरी मिलने के बाद अब देश में 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज' के नए पद के सृजन हुआ है। इसके अलावा फील्ड मार्शल को आजीवन पद पर बने रहने देने की शक्तियां मिल गई हैं। दूसरी तरफ सांविधानिक अदालत की स्थापना का भी प्रावधान किया गया है। इस




कानून के अस्तित्व में आने के बाद से फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की शक्तियों में इजाफा हो गया है व अब आजीवन फील्ड मार्शल बने रहेंगे। यहां तक कि सेवानिवृत्ति के बाद भी वे रक्षा मामलों में सरकार के सलाहकार के तौर पर भूमिका निभाते रहेंगे और उन्हें किसी भी मामले में संरक्षण (इम्युनिटी) दी गई है। पाकिस्तान के अखबार द डॉन की खबर के मुताबिक, इस्लामाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस मोहसिन अख्तर कयानी, जस्टिस बाबर सत्तार, जस्टिस सरदार एजाज इशाक खान और जस्टिस समन रिफत इम्तियाज ने संविधान के अनुच्छेद 184(3) के तहत अपनी आपत्तियां सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री को भेजी थीं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को स्वीकार नहीं किया, क्योंकि जिस अनुच्छेद 184(3) के तहत सर्वोच्च न्यायालय पहले मौलिक अधिकारों को लागू कराने की जिम्मेदारी लेता था, उससे अब वह शक्तियां ही छीन ली गई हैं। द डॉन के सूत्रों के मुताबिक, यह सभी जज सुप्रीम कोर्ट के सामने निजी तौर पर याचिका के साथ पेश नहीं हुए थे। न ही इनमें से किसी ने भी अपना बायोमेट्रिक सत्यापन कराया था। हालांकि, वे संविधान के 27वें संशोधन को लेकर लंबे समय से चिंता जताते आ रहे थे और इसे पहले से तय न्यायिक स्वतंत्रता की प्रणाली को तोड़ने की बड़ी हुई कोशिशें करार दे रहे थे। इन जजों का आरोप था कि संविधान के 26वें संशोधन से ही न्यायपालिका की स्वतंत्रता को छीनने की कोशिश की जा रही थी।

# यूक्रेन जंग रोकने ट्रम्प का 28 पॉइंट का प्रपोजल आया

## जेलेंस्की को अपनी जमीन छोड़नी होगी, सेना भी घटानी होगी, बदले में मिलेगी सुरक्षा गारंटी

**कीव/मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस-यूक्रेन जंग को खत्म करने के लिए 28-सूत्रीय शांति फ्रेमवर्क तैयार किया है। यह फ्रेमवर्क अमेरिकी सेना सचिव डैन ड्रिस्कॉल के यूक्रेन यात्रा के दौरान सामने आया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इसमें यूक्रेनी सुरक्षा गारंटियों का जिक्र है, लेकिन साथ ही यूक्रेन से जमीन छोड़ने, सेना की संख्या कम करने और नाटो को यूक्रेन में सैनिक भेजने से रोकने की भी मांग की गई है।

अमेरिका ने अभी तक इसकी आधिका. रिक घोषणा नहीं की है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी ऐसी किसी शांति योजना के बारे में जानक. ारी होने से इनकार किया है। वहीं, जेलेंस्की ने इस प्रस्ताव को लेकर शुरुआती सहमति जताई है। हालांकि, कई अमेरिकी समाचार आउटलेट्स ने सूत्र के हवाले से इसकी पुष्टि की है। अमेरिकी डिजिटल समाचार आउटलेट एक्सियोस और ब्रिटेन के फाइनेंशियल टाइम्स



- रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी ऐसी किसी शांति योजना के बारे में जानकारी होने से इन्कार किया

ने बुधवार को सबसे पहले इस योजना के बारे में बताया। ट्रम्प और जेलेंस्की ने 17 अक्टूबर को व्हाइट हाउस में बंद कमरे में मुलाकात की थी। ट्रम्प प्रशासन ने साफ किया है कि, दोनों पक्षों को समझौते करने होंगे। 'पीबीएस न्यूज आवर' मीडिया को मिले 28-सूत्रीय योजना के मुता. बिक इस फ्रेमवर्क में न केवल यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी शामिल है, बल्कि रूस की लंबे समय से चली आ रही मांगे भी शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि, यूक्रेन को अपनी सेना का आकार सीमित करना होगा। नाटो को यूक्रेन में कोई भी सैनिक भेजने की अनुमति नहीं होगी। यूक्रेन को डोनेट्स्क क्षेत्र का वह हिस्सा छोड़ना होगा जिस पर उसका अभी भी नियंत्रण है और जिस पर रूस 11 साल के ब के बावजूद कब्जा नहीं कर पाया है। उस क्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रूसी क्षेत्र के रूप में मान्यता दी जाएगी। इससे रूस को पूरे डोनबास इलाके पर नियंत्रण मिल जाएगा। इसके बाद अमेरिका डोनबास, क्रीमिया और जापोरिज्जिया और खेरसॉन के कब्जे वाले हिस्सों को वास्तविक रूसी क्षेत्र के रूप में मान्यता देगा। इसके अलावा, नाटो भविष्य में यूक्रेन को शामिल नहीं करेगा। अमेरिका रूस पर लगे प्रतिबंधों को चरणबद्ध तरीके से और हर मामले के आधार पर हटाएगा। प्लान के मुताबिक दोनों पक्षों को उनका हरकतों के लिए माफी दी जाएगी।

## ईरान के खिलाफ नए अमेरिकी प्रतिबंधों का ऐलान

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने गुरुवार को ईरान के खिलाफ नए प्रतिबंधों की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य ईरान के अवैध पेट्रोलियम, शिपिंग और विमानन नेटवर्क को ध्वस्त करना है, जो देश की सेना और क्षेत्रीय छद्म ताकतों को धन मुहैया कराते हैं। विदेश एवं वित्त विभागों ने एक समन्वित कार्रवाई में, भारत, पनामा, संयुक्त अरब अमीरात, सेशेल्स और जर्मनी सहित कई देशों की दर्जनों कंपनियों, व्यक्तियों, जहाजों और विमानों पर प्रतिबंध लगाया, जिन पर कथित रूप से तेहरान को प्रतिबंधित तेल और पेट्रोलियम उत्पादों को ले जाने और बेचने में मदद करने का आरोप है। विदेश विभाग ने कहा कि उसने 17 संस्थाओं, व्यक्तियों और जहाजों पर प्रतिबंध लगाया है जबकि वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने 41 अतिरिक्त लक्ष्यों पर प्रतिबंध लगाया है, जिससे ईरानी राजस्व स्रोतों को रोकने वाले अमेरिका के अभियान में तेजी आई है। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट ने कहा कि इन उपायों का उद्देश्य ईरानी शासन के परमाणु हथियारों के विकास और आतंकवादी संगठनों को समर्थन के लिए वित्त पोषण को रोकना है।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॅान कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108